CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 14°C

हल्द्वानी, मंगलवार 4 नवम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 69 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 12 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जम्मू में पारंपरिक दरबार मूव फिर से शुरू पेज 2



टीम को भरोसा था विश्व कप जीत सकते हैं: हरमनप्रीत कौर खेल टाइम्स



बिहार चुनाव: कांग्रेस से बेहतर हो सकता है भाकपा माले का स्ट्राइक रेट सम्पादकीय



हमारे पास दुनिया को 150 बार उड़ाने लायक एटम बम: ट्रम्प पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने बिप्लब सरकार के ठिकानों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद मलिक को फर्जी भारतीय पासपोर्ट दिलाने वाले रैकेट के मामले से जुड़े संदिग्ध बिप्लब सरकार के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी के अधिकारियों के अनुसार, बिप्लब सरकार का नाम बिचौलिए इन्दुभूषण हलदर से पूछताछ के दौरान सामने आया था। हलदर को विदेशियों को पैसे लेकर भारतीय पहचान पत्र, जैसे पासपोर्ट आदि मुहैया कराने के आरोप में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। बिप्लब सरकार के परिजन भी इन अवैध करतूतों में लिप्त होने के संदेह के कारण जांच के दायरे में हैं। ईडी ने इन्दुभूषण हलदर उर्फ दुलाल को 13 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद हुसैन उर्फ आज़ाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आज़ाद से जुड़े मामले में हुई थी। हलदर को विचार भवन की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया था।

### संजय गर्ग ने भारतीय मानक ब्यूरो महानिदेशक का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** केरल कैडर के 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय गर्ग ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के महानिदेशक का पदभार संभाला है। श्री गर्ग बीआईएस के महानिदेशक के साथ अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग (आईईसी) में भारत की राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेंगे। श्री गर्ग के पास तीन दशकों से अधिक का व्यापक और अलग- अलग मंत्रालयों-विभागों में काम करने का प्रशासनिक अनुभव है। इसके साथ ही वह कृषि, खाद्य रसद, रक्षा उद्योग क्षेत्र, औद्योगिक संवर्धन, वित्त और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक योजना, नीति निर्माण और कार्यान्वयन में काफी अनुभव रखते हैं। बीआईएस में महानिदेशक का पदभार संभालने से पहले श्री गर्ग कृषि, अनुसंधान और शिक्षा विभाग (डीएआरई) में अतिरिक्त सचिव और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में सचिव के रूप में कार्यरत थे।

### भारतीय शराब कंपनियां दे रहीं 14 गुना तक रिटर्न

**मुंबई।** चार साल में दुनियाभर में शराब की खपत में तेज गिरावट आई है। अमेरिका, यूरोप और चीन जैसे बाजारों में डियागो, पर्नोड रिकर्ड, रेमी क्वाइंट्रेयू और ब्राउन फोर्मेन जैसी बड़ी कंपनियों के शेयर 75 फीसदी तक टूटे हैं और उद्योग का मूल्यांकन 74 लाख करोड़ रुपये घटा है। स्वास्थ्य जागरुकता, बदलती जीवनशैली और महंगाई इसके प्रमुख कारण हैं। अब ये कंपनियां नॉन- अल्कोहलिक उत्पादों की ओर बढ़ रही हैं। डियाजियो ने 'रिचुअल जीरो प्रूफ' खरीदा है, जबकि कार्लसबर्ग और कंपारी-मिलानो ने भी ऐसे ब्रांड लॉन्च किए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 50 प्रमुख शराब ब्रांडों के शेयर जून 2021 से औसतन 46 फीसदी गिरे हैं। वहीं, भारत में शराब की खपत लगातार बढ़ रही है।

# उत्तराखंड ने हासिल किए विकास के प्रभावशाली लक्ष्य: मुर्मू

## राष्ट्रपति ने उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को किया संबोधित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना रजतोत्सव के अवसर पर आयोजित उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया।

उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर के लिए उत्तराखंड विधानसभा के पूर्व और वर्तमान सदस्यों व सभी राज्यवासियों को बधाई दी और कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में, जनता की आकांक्षा के अनुरूप बेहतर प्रशासन और संतुलित विकास की दृष्टि से नवम्बर 2000 में इस राज्य की स्थापना हुई। विगत पच्चीस वर्षों की यात्रा के दौरान उत्तराखंड के लोगों ने विकास के प्रभावशाली लक्ष्य हासिल किए हैं। पर्यावरण, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। साथ ही डिजिटल और फिजिकल कनेक्टिविटी तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि विकास के समग्र प्रयासों के बल पर राज्य में मानव विकास सूचकांक में सुधार हुआ है। राज्य में साक्षरता दर बढ़ी है, महिलाओं की शिक्षा में विस्तार हुआ है और मातृ एवं शिशु मृत्यु -शेष पृष्ठ दो पर

**कहा: सेवा, संवेदना और समर्पण से रचिए विकास की नई गाथा, महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सराहा, कहा: जनता के प्रति उत्तरदायी बने रहना संसदीय प्रणाली की शक्ति भी और चुनौती भी**



# आईसीएआई सीए सितम्बर रिजल्ट जारी

**नई दिल्ली।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया यानी 'सीए' ने सितम्बर सेशन के फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के रिजल्ट घोषित कर दिए हैं। सीए ने निर्धारित समय से पहले रिजल्ट जारी किए हैं।

फाउंडेशन परीक्षा में एल. राजलक्ष्मी, इंटरमीडिएट में नेहा खानवानी और फाइनल परीक्षा में मुकुंद आगीवाल टॉपर बने हैं। इस बार देशभर के 2.5 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स ने ये परीक्षा दी थी। फाउंडेशन परीक्षा में कुल 98,827 कैंडिडेट्स ने भाग लिया, जिनमें से 14,609 पास हुए। चेन्नई -शेष पृष्ठ दो पर

- **11,466 कैंडिडेट्स सीए के लिए क्वालिफाई**
- **फाउंडेशन परीक्षा में एल.राजलक्ष्मी, इंटरमीडिएट में नेहा खानवानी व फाइनल परीक्षा में मुकुंद आगीवाल टॉपर बने**

# सरकारी कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम बनेंगे

## सुप्रीम कोर्ट बोला: हम आदेश करेंगे जारी, अदालत ने दी मुख्य सचिवों को पेशी से राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को देश भर में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमले के मामले पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह सरकारी बिल्डिंग्स के कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम के लिए निर्देश जारी करेगा। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि इससे जुड़ा आदेश एक-दो दिन में अपलोड कर दिया जाएगा।

कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से भी राहत दे दी। जस्टिस नाथ ने कहा कि दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव के अलावा सभी राज्यों ने अपने हलफनामे दाखिल कर दिए हैं।अब मुख्य सचिवों की व्यक्तिगत पेशी की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, अगर हलफनामे में चूक हुई, तो उन्हें पेश होना पड़ेगा। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के मुख्य सचिवों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव मौजूद रहे। कोर्ट ने इस दौरान कहा कि वह 7 नवम्बर को मामले में फैसला देगा। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस -शेष पृष्ठ दो पर

### पोर्न वीडियोज पर सुनवाई से शीर्ष कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पोर्न वीडियोज को बैन करने वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। इस दौरान कोर्ट ने सितम्बर में नेपाल में हुए जेन जी प्रदर्शन का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि नेपाल में सोशल मीडिया एप्स पर बैन लगाने के बाद क्या हुआ, जरा देखिए। बेंच ने कहा पोर्नोग्राफी बैन वाली याचिका पर 4 हफ्ते बाद सुनवाई की जाएगी।



### तीन हजार करोड़ की साइबर ठगी चौंकाने वाली: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में डिजिटल अरेस्ट व साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर नाराजगी जताई। सरकार ने कोर्ट में साइबर फ्रॉड से जुड़े आंकड़े पेश कर बताया कि देशभर में पीड़ितों से करीब तीन हजार करोड़ की ठगी हुई है। इस मामले में सख्ती से निपटाना होगा। यह बेहद चौंकाने वाला है कि देशभर में लोगों से 3 हजार करोड़ का साइबर फ्रॉड हुआ है।

### दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण पर कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से हलफनामा मांगा है। अदालत ने आयोग से पूछा कि अब तक प्रदूषण रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि अधिकारी सिर्फ स्थिति बिगड़ने पर कदम न उठाएं, बल्कि पहले से ही तैयारी करें ताकि हालात गंभीर न हों। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह, जो अदालत की एमिकस क्यूरी के रूप में सहायता कर रही हैं, ने कहा कि दिवाली के दौरान दिल्ली के कई एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन काम ही नहीं कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 37 में से सिर्फ नौ स्टेशन ही लगातार सक्रिय थे।

# तेलंगाना और जयपुर में ब्लैक मंडे, 31 की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में हैदराबाद-बीजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक सरकारी बस और बजरी से लदे ट्रक की जोरदार टक्कर के बाद 18 लोगों की मौत हो गई व 15 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

पुलिस ने बताया कि चेवेल्ला मंडल में मिर्ज़ागुडा के पास तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस और बजरी से लदे एक ट्रक आमने-सामने टकरा गए। यह बस लगभग 70 यात्रियों को लेकर तंदुर इलाके से हैदराबाद जा रही थी। ट्रक पर लदी बजरी के बस पर गिरने से आगे की छह सीटें पर बैठी सवारियां पूरी तरह से कुचल गईं। अधिकारियों को आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। घायलों को इलाज के लिए चेवेल्ला के सरकारी क्षेत्रीय अस्पताल और पास के निजी अस्पतालों में ले जाया गया। दुर्घटना के बाद चेवेल्ला- विकाराबाद मार्ग पर कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है।



- **तेलंगाना: बस-ट्रक की टक्कर में 18 की मौत, 15 घायल**

### जयपुर: पांच गाड़ियों से टकराया डंपर, 50 को रौंदा, 13 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के हरमाड़ा इलाके में सोमवार दोपहर एक भयावह सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। लोहा मंडी रोड नंबर 14 पर तेज रफ्तार डंपर ने 300 मीटर तक बेकाबू होकर 10 गाड़ियों को रौंद दिया, जिससे मौके पर 13 लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक घायल हो गए, जिनमें से आठ गंभीर हैं। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद गाड़ियां परस्पर टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं और सड़क पर चीख-पुकार मच गई। हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब डंपर खाली अवस्था में हाईवे पर चढ़ने की कोशिश में था। तभी अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया और वह बेकाबू होकर सड़क पर चल रहे वाहनों और राहगीरों को कुचलता चला गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि डंपर लगभग 300 मीटर तक लोगों और गाड़ियों को रौंदता हुआ आगे बढ़ा, जब तक कि वह एक बड़े डिवाइडर से टकराकर रुका नहीं। टक्कर के बाद घटनास्थल पर चारों ओर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। घायल लोग सड़क पर तड़प रहे थे और वाहन बुरी तरह मलबे में तब्दील हो गए थे। घायलों को पास के कांवटिया अस्पताल भेजा गया, जहां से तीन गंभीर घायलों को एसएमएस अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

# अनिल अंबानी का घर व 3000 करोड़ की संपत्ति कुर्क

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में रिलायंस अनिल अंबानी समूह की 40 से ज्यादा संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। इसमें इस उद्योगपति का मुंबई के पाली हिल इलाके में बना मशहूर आवास भी शामिल है तथा जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 3,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

ईडी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि इसके अलावा दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई, पुणे, ठाणे, हैदराबाद, चेन्नई, कांचीपुरम और पूर्वी गोदावरी स्थित संपत्तियों को कुर्क किया गया है। ज़ब्त की गई इन संपत्तियों में कार्यालय स्थल, आवासीय इकाइयां और ज़मीन शामिल हैं। इनका कुल मूल्य लगभग 3,084 करोड़ रुपये आंका गया है। यह मामला समूह की दो कंपनियों रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) के आम लोगों से जुटाए धन की कथित हेराफेरी और शोधन से जुड़ा है। ईडी की जांच में पाया गया कि 2017 और 2019 के बीच, यस बैंक ने इन कंपनियों में लगभग 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया। ये निवेश बाद में गैर-निष्पादित हो गए, जिससे 3,300 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया रह गया। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि नियमों को दरकिनार कर धन का लेनदेन किया गया। पूर्ववर्ती रिलायंस निप्पॉन म्यूचुअल फंड में निवेश किए गए पैसे को यस बैंक के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से अनिल अंबानी समूह की कंपनियों में लगाया गया।



- **ईडी ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में की कार्रवाई**

# BCCI देगा विजेता महिला टीम को 51 करोड़

**मुम्बई।** बीसीसीआई ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला टीम के लिए सोमवार को 51 करोड़ रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई बहुत खुश है और आईसीसी की किटी से कुछ भी लिए बिना, बीसीसीआई अपनी तरफ से भारतीय टीम को इनाम के तौर पर 51 करोड़ रुपये देगा। यह रकम खिलाड़ियों, सेलेक्टर्स के साथ-साथ अमोल मजूमदार की अगुवाई वाले सपोर्ट स्टाफ को भी मिलेगी। बीसीसीआई की यह इनाम आईसीसी द्वारा विजेताओं की पुरस्कार राशि में किए गए बदलाव के अलावा है। प्रतियोगिता से पहले आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने महिला विश्व कप में टीमों के लिए पुरस्कार राशि में काफी बढ़ोतरी की घोषणा की थी, जिसमें विजेताओं को 4-48 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 42 करोड़ रुपये) मिलेंगे।



# न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उच्च न्यायालय के जज के तौर पर नियुक्ति की मांग वाली एक व्यक्ति की याचिका पर विचार करने से इन्कार करते हुए इसे 'व्यवस्था का मज़ाक' बताया।

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन की पीठ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सवाल किया कि क्या याचिकाकर्ता जी. सरवन कुमार को उम्मीद है कि उच्चतम न्यायालय उनके अनुरोध पर कॉलेजियम की बैठक बुलाएगा। पीठ ने पूछा क्या आप चाहते हैं कि हम इस न्यायालय के तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों को अभी यहां बुलाएं और कॉलेजियम की बैठक करें? मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, आप व्यवस्था का मज़ाक उड़ा रहे हैं!

- **सुप्रीम कोर्ट ने इसे व्यवस्था का मजाक बताया**

# भारत तकनीक से बदलाव लाने का लीडर: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सम्मेलन का उद्घाटन किया और एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास तथा नवाचार योजना की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य भारत को अत्याधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी देशों में शामिल करना है।

वैश्विक नवाचार महाशक्ति बनने की दिशा में भारत के सफर में एक महत्वपूर्ण अध्याय माने जाने वाले इस सम्मेलन में श्री मोदी ने नोबेल पुरस्कार विजेताओं, प्रख्यात वैज्ञानिकों सहित शिक्षा जगत, उद्योग, सरकार और अनुसंधान संस्थानों के तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए एक ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने विशेषज्ञों से मानवता की सबसे गंभीर चुनौतियों से नवाचार के माध्यम से निपटने में सहयोग करने का आह्वान किया। श्री मोदी ने देश की हाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए देश के सबसे भारी संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण की सराहना की और महिला विश्व कप भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे युवा एथलीट और वैज्ञानिक हमारे देश के लिए गौरव के असाधारण अध्याय लिख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने प्रमुख सरकारी पहलों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन, कौशल भारत मिशन और राष्ट्रीय करियर सेवा मंच का उल्लेख किया और कहा कि ये लाखों युवाओं को कौशल और अवसरों से सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार अत्यधिक-जोखिम, उच्च-प्रभाव वाली परियोजनाओं के लिए पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने महत्वाकांक्षी अनुसंधान और नवाचार योजना में निजी क्षेत्र की भूमिका को बढ़ाए जाने पर जोर दिया। श्री मोदी ने विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख किया।

- **एक लाख करोड़ की स्कीम लॉन्च की,**
- **कहा: हमारे पास सबसे सफल डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर**



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने भारत में क्वाड की मेजबानी पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल बताते हुए कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापर समझौते और भारत में क्वाड शिखर बैठक के आयोजन पर संकट के बादल नजर आ रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि एक समय हमें बताया गया था कि भारत नवम्बर में अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत की सदस्यता वाले क्वाड देशों का शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा। उन्होंने इसी अंदाज में आगे लिखा कि एक समय था जब दावा किया गया था कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले देशों में भारत शुरुआती देशों में से एक होगा, अब यही दावे कठिन दौर के भंवर में फंस गए हैं। वजह से अमेरिका को भारतीय निर्यात में गिरावट आई है और इससे प्रभावित लोगों के जीवन पर संकट आ गया है।

### उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद थाना प्रभारी सस्पेंड

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले मे उच्चतम न्यायालय का आदेश न मानने वाले कन्धई के थानाध्यक्ष गुलाब चंद्र सोनकर को पुलिस अधीक्षक दीपक भुकर ने निलम्बित कर दिया है। राज्य सरकार को सात नवम्बर तक थानाध्यक्ष पर की गई कार्रवाई से उच्चतम न्यायालय को अवगत कराना है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कन्धई थाना क्षेत्र के राम सागर तिवारी ने 28 मार्च को सुप्रीम कोर्ट मे याचिका दायर की थी इसमे कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश के बावजूद कन्धई थाना प्रभारी गुलाब चंद्र सोनकर को जिला न्यायालय मे पेश किया था।

# एनसीईआरटी के सिलेबस में बदलाव पर हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ ।** एनसीईआरटी के सिलेबस से गांधी, आरएसएस, गोडसे और 2002 के गुजरात दंगों से जुड़ी पाठ्य सामग्री को हटाए जाने के विरोध में सोमवार को नेशनल स्टूडेंट यूनियन आफ इंडिया (एनएसयूआई) के छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया।



लखनऊ में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का पुलिस ने हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेजा

एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने केकेसी डिग्री कॉलेज गेट के बाहर सड़क पर बैठकर विरोध जताया और एनसीईआरटी पर इतिहास के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। कार्यकर्ता सोमवार सुबह ही केकेसी डिग्री कॉलेज के बाहर जमा होना शुरू हो गए थे। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा, एनसीईआरटी केंद्र सरकार के दबाव में महात्मा गांधी, आरएसएस, गोडसे और 2002 के गुजरात दंगे जैसे प्रसंग को पाठ्यक्रम से हटाकर देश के इतिहास से खिलवाड़ कर रही है। विरोध प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं के चलते कुछ समय के लिए केकेसी कॉलेज के बाहर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को समझने की कोशिश की, लेकिन जब छात्र उग्र प्रदर्शन करने लगे, तो पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कॉलेज के गेट के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है।

कार्यकर्ता अखिलेश दुबे ने कहा कि हाल ही में किए गए बदलाव में शिक्षा को वैचारिक रूप से सीमित करने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। महात्मा गांधी और 2002 गुजरात दंगों जैसे अध्याय को हटाना इतिहास को मिटाने जैसा है। एनसीईआरटी अपने इस फैसले को वापस ले और असली इतिहास को छात्रों तक पहुंचने दे। प्रदर्शन कर रही छात्रा पूजा वर्मा ने कहा कि अगर भविष्य की पीढ़ी को सच से दूर रखा जाएगा, तो हमारे देश का लो. कतंत्र कमजोर होगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह विरोध केवल लखनऊ तक सीमित नहीं रहेगा, अगर एनसीईआरटी ने अपने फैसले को वापस नहीं लिया, तो हम पूरे देश भर में इसको लेकर आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि इतिहास बचाओ अभियान के तहत पूरे प्रदेश भर के डिग्री कॉलेज और विश्वविद्यालय में यह अभियान चलाया जाएगा।

# पारंपरिक दरबार मूव फिर से शुरू

जम्मू, वार्ता

एलजी मनोज सिन्हा ने 2021 में किया था बंद

जम्मू-कश्मीर की शीतक. ालीन राजधानी जम्मू स्थित सिविल सचिवालय में सोमवार सुबह मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा औपचारिक सलामी लेने के साथ ही सदियों पुरानी प्रशासनिक परंपरा 'दरबार मूव' चार साल बाद बहाल हो गई।

श्रीनगर में नागरिक सचिवालय और अन्य कार्यालय जो 30 और 31 अक्टूबर को बंद थे, सोमवार से 'दरबार मूव' के साथ ही शीतकालीन राजधानी जम्मू से काम करना शुरू कर दिए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वर्ष 2021 में इस परंपरा को बंद कर दिया था। श्री अब्दुल्ला सुबह करीब नौ बजे अपने सरक. ारी आवास रघुनाथ बाजार से सिविल सचिवालय की ओर पैदल निकले और इस दौरान विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें मालाएं पहनाई तथा फूल बरसाए। उनके साथ उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी और मंत्री जावेद राणा भी थे। इस बीच, दरबार मूव के बहाल होने से जम्मू शहर में जश्न का माहौल है और दुकानदार तथा अन्य व्यापारी खुश नजर आ रहे हैं। कार्यालयों को सुचारू रूप से खोलने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं, जिनमें श्रीनगर से जम्मू आने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा, आवास और परिवहन सुविधाएं शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि दरबार साहिब के लिए सभी प्रबंध कर लिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, सभी सरकारी कार्यालयों, विशेषकर सिविल सचिवालय और मंत्रियों के एन्क्लेव के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और अधिकतर कर्मचारी सोमवार को अपने कार्यालय जाने के लिए श्रीनगर से जम्मू तक सड़क मार्ग से आए। कश्मीर मैराथन-2 में भाग लेने के बाद, मुख्यमंत्री 'एक्स' ने पर एक तस्वीर अपलोड की और लिखा: हाफ मैराथन की मेहनत के बाद, मुझे इनाम के तौर पर श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर घी में पके राजमा चावल की एक प्लेट मिलनी चाहिए।ष जम्मू क्षेत्र में दरबार मूव के पुनरुद्धार को जनता द्वारा बहुत सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है।

# नेता जी ने की थी नेशनल लॉ विवि की स्थापना: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने जिस बड़ी सोच के साथ राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की स्थापना की थी, वह आज सार्थक होती दिखाई दे रही है।



यह विश्वविद्यालय अब ऐसे योग्य और संवेदनशील युवा विधिवेत्ताओं को तैयार कर रहा है, जो अपने ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई और न्याय की स्थापना के लिए करना चाहते हैं। सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस संस्थान से निकल रहे युवाओं के विचारों और कार्यों में समाजवादी विचारधारा के मूल तत्व समानता, न्याय और मानवीयता स्पष्ट झलकते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि ए नई पीढ़ी के विधिज्ञ न केवल न्याय की परिभाषा को व्यवहार में उतारेंगे, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनकर देश को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय का राज समाजवादी पार्टी का बड़ा संकल्प है, जिसे पूरा करने में ऐसे ही युवाओं की भूमिका अहम होगी, जो अपने पेशे को सिर्फ करियर नहीं बल्कि समा. जसेवा का माध्यम मानते हैं। अखिलेश यादव ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और विश्व. विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेताजी के सपनों का भारत तभी बनेगा, जब न्याय के साथ समान अवसर और संवेदनशील शासन स्थापित होगा।

## रामद्रोही कांग्रेस-राजद को जवाब देगा मिथिला: सीएम योगी

# गठबंधन में तीन बंदर, पप्पू, टप्पू व अप्पू

दरभंगा, वार्ता

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंध के स्टार प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर निशाना साधते हुए कहा कि अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलवाने वाले लोग बिहार में धर्म और विकास के नाम पर जनता को छलने आए हैं।



बिहार में होगा राम राज का उदय, जिन्होंने अयोध्या में गोली चलवाई, वही आज जनता को छलने आ गए

केवटी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी मुरारी मोहन झा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के तीन बंदर हैं पप्पू, टप्पू और अप्पू। पप्पू सच बोल नहीं सकता, टप्पू अच्छा देख नहीं सकता और अप्पू सच सुन नहीं सकता। इनको न प्रधानमंत्री मोदी का विकास दिखता है, न देश की प्रगति की खुशबू महसूस होती है। योगी ने कहा कि आज मिथिला की यह पावन धरती, जो मां भगवती जानकी की आत्मा कही जाती है, उन सभी रामद्रोही ताकतों को स्पष्ट संदेश दे रही है कि अब बिहार में रामराज्य का उदय होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा देकर कहा था कि भगवान राम हुए ही नहीं। यही कांग्रेस, यही राजद और इनके साथी यूपी की समा. जवादी पार्टी ने अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं। आज वही लोग बिहार में धर्म और विकास के नाम पर जनता को छलने आए हैं। यह कांग्रेस और आरजेडी की वही जोड़ी है जिसने न केवल बिहार को हिसा, नरसंहार और अराजकता की आग में झोंका, बल्कि मां जानकी और भगवान श्रीराम के अस्तित्व तक पर सवाल उठाया था। जो राम का विरोधी है, वह भारत का विरोधी है, वह मिथिला का भी विरोधी है और वो हम सब का विरोधी है।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज राम-जानकी मार्ग का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है, जो अयोध्या और मिथिला को एक बार फिर भावनात्मक रूप से जोड़ देगा। सीएम योगी ने कहा कि 2005 से पहले अयोध्या से दरभंगा आने में 16 घंटे लगते थे, अब लखनऊ से दरभंगा आने में मात्र 45 मिनट लगते हैं। पीएम मोदी ने मिथिला की पहचान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने दरभंगा के मखाना उद्योग को राष्ट्रीय बोर्ड बनाकर सम्मानित किया और लाख की चूड़ियों को नई पहचान दिलाई। बिहार में सड़क, रेल, एयर और अब जलमार्ग हर दिशा में नेटवर्क तैयार हुआ है। हल्दिया से अयोध्या तक इनलैंड वॉटरवे के जरिए बिहार, बंगाल और यूपी को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि राजद की सरकार के समय बिहार नरसंहारों से दहला रहता था, बेटियां असुरक्षित थीं, व्यापारी भयभीत थे।

### बिहार को पलायन नहीं, पुनर्निर्माण चाहिए : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार को भाजपा-जद-यू के शासन ने दो दशक में बर्बाद कर औद्योगिक नक्शे से उसे लगभग मिटा दिया है। इसके कारण प्रतिभाओं ने पलायन किया है, लेकिन अब बिहार को बचाने तथा इसके पुनर्निर्माण की जरूरत है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कभी चीनी, पेपर, जूट, सिल्क और डेयरी के लिए जाना जाने वाला बिहार आज बेरोज़गारी और पलायन का पर्याय बन गया है। भाजपा-जेडीयू ने 20 वर्षों के शासन में असीम औद्योगिक संभावनाओं वाले बिहार में सिर्फ़ पलायन उद्योग स्थापित किया है और बिहार को विकास और उद्योग के राष्ट्रीय नक्शे से लगभग मिटा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बिहार के हित के लिए काम किया है।

## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84556.40 |
| निफ्टी | 25891.40 |
| सोना रु. 120000 | प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) |
| चांदी रु. 148927 | प्रति किलो |

# दिल्ली एयरपोर्ट पर बढ़ा अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट

नई दिल्ली, वार्ता

दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तेजी से विमान सेवा कंपनियों के लिए हब के तौर पर उभर रहा है और सितम्बर 2024 से अगस्त 2025 के दौरान यहां अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट साल-दर-साल 34 प्रतिशत बढ़ा।



साल दर साल 34 प्रतिशत हुई वृद्धि: डायल

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने सोमवार को बताया कि सितम्बर 2024 से अगस्त 2024 के बीच इस एयरपोर्ट पर ट्रांजिट यात्रियों की संख्या 6-7 लाख रही, जो इससे पहले के एक साल की तुलना में 34 फीसदी अधिक है। सितम्बर 2023 से अगस्त 2024 के बीच यह ट्रांजिट यात्रियों की संख्या 4-98 लाख रही थी। अगस्त 2025 को समाप्त एक साल के दौरान पूरब के देशों से आकर पश्चिम के देशों में जाने वाले यात्रियों की संख्या 34 प्रतिशत और पश्चिम के आकर पूरब की तरफ जाने वाले यात्रियों की संख्या 35 प्रतिशत बढ़ी। अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात संघ (आयटा) के आंकड़ों का हवाला देते हुए डायल ने बताया कि ट्रांजिट यात्रियों में 67 प्रतिशत ने एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्रा की जबकि 25 प्रतिशत योगदान इंडिगो का रहा।

अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट यात्री वे हैं, जो किसी दूसरे देश से आते हैं तथा किसी और फ्लाइट से किसी तीसरे देश को जाते हैं। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि यूरोप, पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया में फैले अपने बेजोड़ नेटवर्क के साथ दिल्ली हवाई अड्डा वैश्विक विमानन मानचित्र पर देश की स्थिति को लगातार मजबूत कर रहा है। दिल्ली हवाई अड्डे से दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में सबसे अधिक उड़ाने थाईलैंड के लिए (सप्ताह में 120) हैं। थाईलैंड से इतर, एयर इंडिया मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर के लिए 16 नवम्बर से और इंडोनेशिया के देनपसार के लिए एक दिसंबर से उड़ानों की साप्ताहिक संख्या सात से बढ़ाकर 10 कर रही है। इंडिगो ने भी 20 दिसंबर से दिल्ली से वियतनाम के हनोई के लिए दैनिक उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। चीन के गुवांग्झो के लिए वह 10 नवम्बर से दैनिक उड़ान शुरू करेगी। भारत से जापान जाने वाली 70 प्रतिशत उड़ानें (सप्ताह में 28) दिल्ली से जाती हैं। इसी प्रकार ब्रिटेन जाने वाली उड़ानों में दिल्ली की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत (सप्ताह में 63) और थाईलैंड जाने वाली उड़ानों में 26 प्रतिशत (सप्ताह में 120) है।

### सोना और चांदी के भावों ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** शादी के सीजन में एक बार फिर सोने ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है। चांदी में भी भयंकर तेजी देखी जा रही है। सोने का दाम एक बार फिर 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। सुबह 10.05 बजे एमसीएक्स में 10 ग्राम सोने की कीमत 121,460 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रही है। इसमें 228 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी है। सोने ने अब तक 121,378 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो रिकॉर्ड और 121,854 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई रिकॉर्ड बनाया है। सुबह 10.07 बजे 1 किलो चांदी की कीमत 148,927 रुपये चल रही है। इसमें 640 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी है। चांदी ने अब तक 148,702 रुपये प्रति किलो का लो रिकॉर्ड और 149,445 रुपये प्रति किलो का हाई रिकॉर्ड बनाया है। आज 3 नवंबर के दिन पटना और चंडीगढ़ में सोने का दाम सबसे कम है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 121,670 रुपये है। वहीं सबसे ज्यादा सोने की कीमत भोपाल है। यहां 10 ग्राम सोने का भाव 121,870 रुपये चल रहा है।

# जीएसटी कटौती से अक्टूबर में विनिर्माण को मिली गति

**मुंबई।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में गत 22 सितम्बर से किए गए बदलाव के कारण अक्टूबर में घरेलू विनिर्माण गतिविधियों में तेजी देखने को मिली है।



पीएम आई 57 . 7 से बढ़कर पहुंचा 59.2 पर, स्थिरता का संकेत

मासिक आधार पर जारी एचएसबीसी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितम्बर के 57.7 से बढ़कर अक्टूबर में 59.2 पर पहुंच गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी को और इससे कम रहना मंदी को दिखाता है जबकि 50 का स्तर स्थिरता का संकेत है। पीएमआई रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी में राहत, उत्पादकता बढ़ने और प्रौद्योगिकी में निवेश से विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि की रफ्तार तेज हुई है। नए ऑर्डरों में तेजी से वृद्धि हुई है और इसमें घरेलू बाजार की भूमिका रही है, हालांकि विदेशों से मिले ऑर्डरों में बढ़ोतरी सुस्त पड़ी है। कच्चे माल के भंडार में लगभग रिकॉर्ड गति से तेजी आई है। विदेशी बिक्री 10 महीने में सबसे धीमी रफ्तार से बढ़ी है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मांग मजबूत रहने से अक्टूबर में आउटपुट नए ऑर्डर और रोजगार सृजन में तेजी आई है। लागत मूल्य में कमी आई है जबकि औसत विक्रय मूल्य बढ़ा है। जीएसटी सुधार और मजबूत मांग से सकारात्मक उम्मीदों के कारण भविष्य को लेकर कारोबारी भावना मजबूत बनी हुई है।'' रिपोर्ट के अनुसार, विनिर्माताओं ने कच्चे माल की खरीद बढ़ा दी और इसमें वृद्धि की रफ्तार मई 2023 के बाद सबसे अधिक रही। लगातार 12वें महीने नए रोजगारों का सृजन हुआ है, हालांकि इसकी रफ्तार सितम्बर की तरह ही धीमी रही।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड ने...**

दर में कमी आई है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे राज्य में सुशीला बलूनी, बछेन्द्री पाल, गौरा देवी, राधा भट्ट और वंदना कटारिया जैसी असाधारण महिलाओं की गौरवशाली परंपरा आगे बढ़ेगी। इसी तरह ऋतु खंडूरी भूषण को राज्य की पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त कर उत्तराखंड विधानसभा ने इतिहास रचा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगे भी सभी विधायक जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति देते रहेंगे और 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना के साथ राज्य तथा देश को विकास-पथ पर अग्रसर रखेंगे। इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.), स्पीकर ऋतु खंडूरी भूषण, नेता सदन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी सदन को संबोधित किया।

**आईसीएआई सीए...**

की एल.राजलक्ष्मी ने 360 अंकों (90 फीसदी) के साथ फाउंडेशन परीक्षा में टॉप किया, जबकि दूसरे स्थान पर प्रेम अग्रवाल (354 अंक) और तीसरे स्थान पर नील राजेश शाह (353 अंक) रहे। इंटरमीडिएट परीक्षा के ग्रुप-1 में 93,074 कैंडिडेट्स शामिल हुए, जिनमें से 8,780 पास हुए। वहीं ग्रुप-2 में 69,768 उम्मीदवारों में से 18,938 ने सफलता हासिल की। इस परीक्षा में नेहा खानवानी, कृति शर्मा और अक्षत बिरेंद्र नौटियाल को टॉप तीन पोजीशन मिलीं। फाइनल परीक्षा के रिजल्ट में 11,466 उम्मीदवार सफल होकर चार्टर्ड एकाउंटेंट बने हैं। ग्रुप-1 में 51,955 उम्मीदवारों ने भाग लिया जबकि ग्रुप-2 में 32,273 उम्म्मीदवार शामिल हुए। 16,800 उम्मीदवार दोनों ग्रुप की परीक्षा में शामिल हुए। फाइनल परीक्षा में मध्य प्रदेश के धामोद के मुकुंद आगीवाल ने टॉप किया, जबकि तेजस मुंदड़ा दूसरे और बाकुल गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे। परीक्षा में पास होने के लिए प्रत्येक पेपर में कम से कम 40 प्रतिशत नंबर और कुल मिलाकर 50 प्रतिशत नंबर स्कोर करने होते हैं। जिन कैंडिडेट्स को 70 प्रतिशत या उससे ज्यादा नंबर मिले हैं, उन्हें 'पास विद डिस्टिंक्शन' का दर्जा दिया गया है।

**सरकारी कैम्पस...**

संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की तीन जजों वाली विशेष बेंच ने दर्ज किया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव अदालत में मौजूद हैं। हालांकि, केरल के मुख्य सचिव की जगह प्रधान सचिव पहुंचे थे, जिसे लेकर आवेदन को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। बेंच ने आंध्र प्रदेश की ओर से पेश वकील से पूछा कि पिछली सुनवाई की तारीख पर अनुपालन हलफनामा क्यों दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट ने इस मामले में पशु कल्याण विभाग को भी वादी बनाए जाने को कहा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि अधिकांश राज्यों ने अपने अनुपालन हलफनामे दाखिल कर दिए हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में 7 नवम्बर को फैसला सुनाने की बात कही और आदेश दिया कि इस तारीख को मुख्य सचिवों की सशरीर पेशी जरूरी नहीं होगी।

# दिव्यांगजनों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने की जरूरत है: वीरेन्द्र

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय सामा. जिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा है कि दिव्यांगजनों में प्रतिभा की कमी नहीं होती, बस उन्हें प्रोत्साहन की जरूरत होती है और वे अपने लक्ष्य को हासिल कर लेते हैं।

डॉ. कुमार ने सोमवार को यहां अमर ज्योति चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 'रिडिफाइनिंग एबेलिटीज़' यानी क्षमताओं को नए नजरिए से देखने के विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति नहीं बल्कि प्रोत्साहन की जरूरत होती है। उनमें प्रतिभा और साहस की कमी नहीं होती, प्रोत्साहन से वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर ही लेते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार दिव्यांग. जनों के प्रोत्साहन के लिए अनेक कदम उठा रही है, उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही विशेष योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

सरकार लगातार इस दिशा में काम कर रही है कि दिव्यांग. जनों को शिक्षा, कौशल विकास, सुगम वातावरण और रोजगार के बेहतर अवसर मिलें। दिव्यांग. जनों को सशक्त बनाना कोई दान नहीं, बल्कि उनका अधिकार है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर, सम्मान और आत्मनिर्भर जीवन मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार नई शिक्षा नीति के साथ-साथ विशेष योजनाओं और नीतियों के ज़रिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण कर रही है और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दे रही है।

डॉ. कुमार ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांग. जनों की कला और हुनर को प्रोत्साहन देने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर 'दिव्य कला मेलों' का आयोजन किया जा रहा है, जहां वे अपने बनाए हुए उत्पाद प्रदर्शित और बेच सकते हैं। इन प्रयासों से दिव्यांगजन न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि अपने परिवारों को भी मज़बूती दे रहे हैं। ये मेले बहुत सफल रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) को 300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नया रूप दिया गया है। दिव्यांगजनों के लिए वहां सहायक उपकरणों का निर्माण अब ढाई गुना अधिक हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रजत जयंती पर विस का विशेष सत्र



रजत जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र में सदन की कार्यवाही में शामिल होने जाते हुए संसदीय कार्यमंत्री सुबोध उनियाल, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, खेल मंत्री रेखा आर्य, पूर्व मंत्री मदन कोशिक व कृषि मंत्री गणेश जोशी। छाया:-डीआईपीआर

## लोकतंत्र के सिद्धांतों पर चल विधानसभा ने कई आयाम स्थापित किए: स्पीकर

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूडी ने स्वागत संबोधन में कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित कर रही हैं।

प्रदेश की विधानसभा के लिए भी यह गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति के अजात शत्रु स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के निर्णय से नवंबर 2000 में अस्तित्व में आने के बाद उत्तराखंड विधानसभा की पहली बैठक 12 जनवरी 2001 के दिन आयोजित की गई। तब से अब तक भारतीय लोकतंत्र के उच्च सिद्धांतों और परम्पराओं पर चलते हुए, उत्तराखंड विधानसभा ने कई महत्वपूर्ण आयाम स्थापित किए हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों का बलिदान हमें, उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास के लिए चेष्टावान बनाए रखेगा।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण में मातृशक्ति ने अहम भूमिका निभाई है। उत्तराखंड की महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण, खेती-बाड़ी, समाज सुधार से लेकर राज्य निर्माण आंदोलन में तक सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों के कालखंड में उत्तराखंड विधानसभा ने महिला आरक्षण विधेयक सहित पांच सौ से अधिक विधेयक पारित किए हैं। विधानसभा के सदस्यों ने महत्वपूर्ण अवसरों पर दलगत राजनीति से उठकर, प्रदेश के सामने उपस्थित चुनौतियों का सामना सफलता पूर्वक किया हैं।

## विकास की दिशा में बढ़ रहा प्रदेश: उनियाल

**देहरादून।** संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने विशेष सत्र में कहा कि राज्य के गठन की लड़ाई 1952 से शुरू हो गई थी। सबको उम्मीद थी कि राज्य अलग बनेगा तो विकास को गति मिलेगी। हमने छात्र जीवन से इसको देखा। 25 वर्ष में 10 साल कांग्रेस और 15 साल भाजपा को जनता ने मौका दिया। 5 फीसदी गांव सड़क से जुड़े थे। 15 प्रतिशत से अधिक गांवों में बिजली नहीं थी। स्कूल दूर तक नहीं मिलते थे। ट्रेन नेटवर्क शून्य था। 524 विधेयक इस विधानसभा से 25 साल में पारित हुए। जी-20 जैसा महत्वपूर्ण आयोजन किया। केंद्र सरकार ने 2 लाख करोड़ उत्तराखंड जैसे राज्य को दिया। आज पूरी दुनिया पर्यावरण को लेकर चिंतित है।

राज्य गठन से ज्यादा फॉरेस्ट कवर आज है। जंगलों से आम आदमी को जोड़ा। राज्य में संरक्षित क्षेत्र नेशनल औसत से ज्यादा है। आज 4500 से ज्यादा हाई स्कूल और इंटर कॉलेज हैं। 100 से अधिक डिग्री कॉलेज हैं। सड़कें कई गुना हुई। सभी मुख्यमंत्री की यात्रा में हमें सबकी उपलब्धि पर चर्चा करने के साथ ही भविष्य के उत्तराखंड और विकसित राष्ट्र में उत्तराखंड की सहभागिता पर हमारा जोर होगा। हम मिलकर इस दिशा में चर्चा में भाग लेंगे।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने युवा उत्तराखंड को दी बधाई, कहा

# देश का नम्बर वन राज्य बनाने की दिशा में जुटें जनप्रतिनिधि

■ राष्ट्रपति ने रम्माण कला पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन भी किया

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड के रजत जयंती साल में उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र में प्रदेश वासियों को बधाई देने के साथ कहा कि आज आत्म समीक्षा का भी दिन है। उन्होंने यूसीसी समेत अन्य फैसलों का प्रमुखता से उल्लेख किया।

राष्ट्रपति ने लिखित भाषण से अलग हटकर भी खास बातें कहीं। उन्होंने साफ कहा कि राज्य के लिए यह आत्म समीक्षा का दिन भी है। साथ ही विधायकों को जनसेवा के कर्तव्य की भी याद दिलाई। विशेष सत्र में राष्ट्र्पति ने महिला विश्व कप में भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत पर भी बधाई दी। सोमवार सुबह विधानसभा सचिवालय में विशेष सत्र की शुरुआत हुई। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सबसे पहले राष्ट्रपति को रम्माण कला पर आधारित स्मृति चिह्न भेंट किया। रम्माण कला पर राष्ट्रपति ने एक पुस्तक का विमोचन भी किया। सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्यपाल ले. जन. गुरमीत सिंह और विधायकों के अलावा दर्शक दीर्घा में सभी पूर्व मुख्यमंत्री, वर्तमान व पूर्व सांसद भी मौजूद रहे।



## यह आत्म समीक्षा का दिन: राष्ट्रपति

### भविष्य के विकास को रोडमैप तैयार किया जाएगा: राज्यपाल

**देहरादून।** रजत जयंती के अवसर पर राज्यपाल ले. जन. गुरमीत सिंह ने राष्ट्रपति का आभार जताया। उन्होंने कहा कि देवभूमि के प्रति आपके अपार स्नेह से हम उत्तराखंड के लोग अभिभूत हैं। आपका मार्गदर्शन हमें सदैव राष्ट्रहित सेवा व संवेदना की भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। इस विशेष सत्र में राज्य की विकास यात्रा पर चर्चा की जाएगी। भविष्य के विकास के लिए एक रोडमैप भी तैयार किया जाएगा। इस सत्र में चर्चा-परिचर्चा से राज्य के विकास को नई दिशा मिलेगी। यह विशेष सत्र उत्तराखंड के उज्जवल भविष्य की नींव रखेगा। 25 वर्षों में देवभूमि उत्तराखंड ने कई उपलिब्धयां हासिल की हैं। यह कालखंड उत्तराखंड के लिए महत्वपूर्ण रहा है। हमारा प्रदेश समृद्ध एवं सशक्त उत्तराखंड की ओर अग्रसर है। प्रदेश के विकास में मातृशक्ति, युवा शक्ति और पूर्व सैनिकों की अहम भागीदारी उल्लेखनीय है। 25 वर्षों में हमारे राज्य ने पर्यटन समेत कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलिब्धयां हासिल की हैं। पहाड़ों में पलायन रोकने, स्थानीय उत्पदों को वैश्विक पहचान देने, पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीकी से जोड़ने, सुशासन को हर गांव तक पहुंचाना हमारा संकल्प है।

## समाज के वंचित, शोषित व पिछड़े वर्गों के सशक्तिकरण को कर रहे कार्य: सीएम

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजतोत्सव पर आयोजित इस विशेष सत्र में राष्ट्रपति का मार्गदर्शन हम सबको प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का सम्पूर्ण जीवन संघर्ष, समर्पण और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। उनके व्यक्तित्व में मातृत्व की ममता, सेवा का संकल्प और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का अद्‌भुत संगम निहित है। झारखंड की राज्यपाल के रूप में भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों का अनुसरण करते हुए उन्होंने जनजातीय समाज के उत्थान में अविस्मरणीय भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दूसरा मौका है कि जब उत्तराखंड की विधानसभा में हमारे देश के राष्ट्रपति का अभिभाषण हो रहा है, इससे पूर्व 18 मई 2015 को पूर्व राष्ट्रपति श्रद्धेय स्वर्गीय प्रणव मुखर्जी ने विधानसभा को संबोधित किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की प्रथम नागरिक के रूप में राष्ट्रपति द्वारा उत्तराखंड की विधानसभा में दिया जाने वाला ऐतिहासिक अभिभाषण हमारे राज्य के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड 9 नवंबर को अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। यह ऐतिहासिक अवसर प्रत्येक उत्तराखंडवासी के लिए आत्मगौरव का क्षण होने के साथ ही अत्यंत भावनात्मक क्षण भी है। उत्तराखण्ड राज्य हमारी उन असंख्य माताओं, बहनों, युवाओं और जननायकों के अदम्य साहस और संघर्ष का प्रतीक है, जिनके तप, त्याग और बलिदान के बल पर ये गौरवशाली राज्य अस्तित्व में आया। मुख्यमंत्री ने सभी ज्ञात-अज्ञात राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि अमर आंदोलनकारियों के बलिदान को उत्तराखंड का कोई भी नागरिक कभी नहीं भुला सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के आशीर्वाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और उत्तराखंड की जनता के सहयोग से हम उत्तराखंड को एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करने के अपने विकल्प रहित संकल्प में अवश्य सफल होंगे।

## इतिहास के पन्नों को पलटना होगा: आर्य

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र में सबसे पहले नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सदन में राष्ट्रपति का स्वागत किया। स्वागत भाषण में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज आप सदन में राष्ट्रपति के रूप में उपस्थित हुई हैं।

उत्तराखंड के आंदोलन में प्राणों की आहुति देने वाले आंदोलनकारियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उत्तराखंड की महिलाएं भी जंगलों को अपना मायका समझती हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आपकी तरह गौरा देवी का भी प्रकृति व जंगलों से लगाव था। चारों धाम के अलावा तमाम पवित्र स्थल यहां मौजूद हैं। उत्तराखंड कौमी एकता का प्रतीक भी है। सिख धर्म का पवित्र स्थान हेमकुंड साहिब है।



नानकमत्ता साहिब, कलियर शरीफ में ख्वाजा की दरगाह है। इस साल आपदा में हमने बहुत नुकसान झेला है। संसद में वन अधिकार कानून पास हो गया है लेकिन यहां आज तक दर्जनों गांवों को अधिकार नहीं मिल पाए हैं। मातृशक्ति ने विभिन्न क्षेत्रों में नए आयाम व कीर्तिमान स्थापित किए हैं। पर्वतीय इलाकों में तकनीकी शिक्षा का पूर्ण अभाव बना हुआ है। चिकित्सा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में चुनौतियां हैं। आर्य ने कहा कि 25 वर्षों की विकास यात्रा का हमने लंबा सफर तय किया। कई उतार चढ़ाव भी देखने को मिले।

राज्य बनने के बाद सबको उम्मीद थी कि अब सपने सच होंगे। मगर हमें अतीत के पन्नों को पलटना होगा। पंडित जवाहरलाल नेहरू आये थे। जो समिति बनी, उसके संयोजक हरीश रावत बने। तीन राज्यों के गठन के लिए संसद की जो समिति बनी, उसमें पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी का विशेष योगदान रहा। पूर्व पीएम देवगौड़ा ने लाल किले की प्राचीर से उत्तराखंड को अलग राज्य बनाने की घोषणा की थी, उत्तर प्रदेश विधानसभा से प्रदेश पुनर्गठन विधेयक पारित हुआ, मगर केंद्र में अटल सरकार के पास बहुमत नहीं था, तब सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के 112 सदस्यों ने समर्थन दिया और ये विधेयक पारित हुआ।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण से महिला उत्थान के कार्यों को मिली मजबूती

■ स्वर्गीय गौरा देवी से लेकर वंदना कटारिया तक के नामों का किया उल्लेख

**एस. आलम अंसारी**

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की मौजूदगी ने चार चांद लगा दिए। सदन के अंदर माहौल में कई तरह की खुशियां दिखीं। सबसे खास, उत्तराखंड की स्थापना की रजत जयंती की खुशी थी।

एक दिन पहले ही, क्रिकेट में भारत की बेटियों के विश्व विजेता बनने की खुशी का भी अलग असर था। इन स्थितियों के बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तराखंड में नारी सशक्तिकरण के प्रयासों की खुले मन से सराहना की, तो माहौल और भी गर्मजोशी से भर गया।



अपने अभी भाषण के दौरान राष्ट्रपति ने धामी सरकार के महिला सशक्तिकरण के उत्थान के कार्यों को मजबूती देने का काम किया। देश की प्रथम महिला ने उत्तराखंड में महिला सशक्तिकरण और उनके हितों को मजबूत करने के लिए हो रहे कार्यों को एक तरह से पंख लगाने का काम कर दिया।

पूरे देश ने महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अक्सर देखा है। उत्तराखंड राज्य की स्थापना में आधी आबादी के प्रयासों का जिक्र अनिवार्य रूप से होता है। ऐसे में गुजरे 25 वर्षों की समीक्षा करते हुए जिस एक विषय को बेहद महत्वपूर्ण माना जाएगा, वो निश्चित तौर पर महिला सशक्तिकरण का विषय है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने ही अंदाज में महिला संशक्तिकरण के विषय को प्रभावी ढंग से संबोधित किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने अभिभाषण में राज्य में महिला शिक्षा के विस्तार पर चर्चा की। मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी की बात को प्रमुखता से उभारा। पुरानी पीढ़ी की स्वर्गीय गौरा देवी से लेकर नई पीढ़ी की वंदना कटारिया का नाम लिया। आंदोलन में प्रमुख महिला चेहरा स्वर्गीय सुशीला बलूनी के साथ ही बछेंद्री पाल, राधा भट्ट जैसे प्रमुख नामों का उल्लेख किया।

### जब राष्ट्रपति ने बजाई ताली

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के विश्व विजेता बनने का जिक्र करने पर राष्ट्रपति ने भी ताली बजाकर खुशी जाहिर की। सीएम धामी ने अपने संबोधन की शुरूआत बेटियों के विश्व विजेता बनने की बात से की। उन्होंने जैसे ही बेटियों को बधाई दी, तो पूरे सदन के साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी तालियां बजाईं।

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड)
प्रो. (कर्नल) दीवान एस. रावत, एफ.एन.ए.
कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय एवं
कार्य परिषद् व विद्या परिषद् के सदस्यगण, कुमाऊँ विश्वविद्यालय के
बीसवें दीक्षान्त समारोह
के अवसर पर विक्रम संवत् 2082, कार्तिक मासे, मंगलवार 19 गते दिनांक 4 नवंबर 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे
डी.एस.बी. परिसर, नैनीताल के ए.एन. सिंह सभागार में
आपको सादर आमंत्रित करते हैं।
श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति
समारोह की मुख्य अतिथि होंगी एवं दीक्षांत भाषण देंगी।
ले ज गुरमीत सिंह
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से नि)
माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड
व कुलाधिपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय समारोह की अध्यक्षता करेंगे।
डॉ. धन सिंह रावत
माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे।
उत्तरापेक्षी- डॉ. मंगल सिंह मन्द्रवाल,
कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल
(कृपया प्रात: 10:00 बजे तक अपना स्थान ग्रहण करने की कृपा करें।)
मो. 9412965477, फोन: 05942-235563, ई-मेल: registrar@kunainital.ac.in

# राष्ट्रपति ने विधायकों को पढ़ाया जनसेवा व निष्ठा का पाठ

### जनता के प्रति जवाबदेही ही सच्ची सेवा, प्रदेशवासियों का भरोसा न तोड़ें, उनकी आशाएं आपसे जुड़ी हैं

**मौहम्मद शाहनज़र**

**देहरादून।** उत्तराखंड की रजत जयंती के ऐतिहासिक सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने उद्‌बोधन में जनप्रतिनिधियों को जनसेवा और निष्ठा का गहन संदेश दिया। उन्होंने कहा कि 'बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने कहा था कि जनता के प्रति जवाबदेह बने रहना लोकतंत्र की सबसे बड़ी चुनौती है।

राष्ट्रपति ने सोमवार को विधानसभा के विशेष सत्र में अपने 13 मिनट के संबोधन में कहा कि उत्तराखंड की लगभग 1.5 करोड़ की जनता ने अपने विश्वास से 70 विधायकों को चुना है, यह अपने आप में एक महान उत्तरदायित्व है।

उनका भरोसा आप पर है, उनकी आशाएँ आपसे जुड़ी हैं। यदि आप सेवा-भाव से कार्य करेंगे तो जनता और प्रतिनिधि के बीच का संबंध और भी दृढ़ होगा।



### दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करें जनकल्याण

राष्ट्रपति मुर्मू ने सदन में उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि विकास और जनकल्याण ऐसे क्षेत्र हैं, जो किसी दल या विचारधारा के बंधन में नहीं होते, बल्कि यह समूचे समाज के उत्थान से जुड़े होते हैं। 'मैं आप सब से अनुरोध करती हूँ कि आप अपनी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ उन लोगों के बीच जाएँ, जिन्हें आज भी मूलभूत सुविधाओं की दरकार है।

### विधायक जनता व शासन के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी

अपने नौ वर्षों के विधायक अनुभव को साझा करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, 'एक विधायक के रूप में मुझे नौ वर्ष जनसेवा का अवसर मिला। मैंने महसूस किया कि विधायक जनता और शासन के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। यदि वे निरंतर सेवा-भाव से जनता की समस्याओं को सुनें और समाधान में सक्रिय रहें, तो जनता और जनप्रतिनिधि के बीच विश्वास का बंधन अटूट रहता है'। उन्होंने यह भी कहा कि जनता अपने प्रतिनिधियों की निष्ठा और ईमानदारी को सबसे अधिक महत्व देती है। सेवा का भाव यदि कर्म में उतर जाए, तो वही लोकतंत्र की सच्ची आत्मा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने राज्य के भविष्य की दिशा तय करने में युवा पीढ़ी की भूमिका पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि युवा ही किसी राज्य की प्रगति की धारा को गति देते हैं। "आप सब की प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि युवा पीढ़ी को विकास के अवसर मिलें, ताकि वे अपनी ऊर्जा, विचार और कौशल से उत्तराखंड को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकें। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि निष्ठा और संवेदना से किया गया कार्य ही जनसेवा कहलाता है।

# आज 46.24 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे सीएम धामी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम काशीपुर में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। महापौर दीपक बाली ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा नगर निगम क्षेत्र में कुल 46.24 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का मंगलवार 4 नवम्बर को लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। महापौर दीपक बाली ने नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट एवं पार्षदों के साथ मिलकर की गई प्रेस वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश के अंतिम छोर तक विकास पहुंचाने की प्रतिबद्धता को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से नगर निगम काशीपुर में अनेक योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। शपथ ग्रहण के बाद अब तक नगर निगम में चरणबद्ध तरीके से 100 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य कराए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री द्वारा 4 नवम्बर को जिन कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा, उनमें 30.73 करोड़ की लागत से 159 सड़क और नाली निर्माण कार्य, 5.62 करोड़ की लागत से 69 आवश्यक विकास कार्य, 3.40 करोड़ की लागत से गैस आधारित पशु शवदाह गृह का निर्माण, 3.75 करोड़ रुपये की लागत से कम्प्यूट्रीकृत कंट्रोल रूम की स्थापना तथा 2.74 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग बाजपुर रोड और मानपुर रोड पर पीसीसी टाइल्स पैविंग कार्य प्रमुख हैं। महापौर दीपक बाली ने बताया कि अब तक नगर निगम क्षेत्र में सड़क निर्माण के प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण के अंतर्गत 505 सड़कों के निर्माण कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं, जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं। शेष कार्य तीव्र गति से प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि गैस आधारित पशु शवदाह गृह के निर्माण से लावारिस पशुओं के अंतिम संस्कार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। वहीं, नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए स्थापित हाइटेक कम्प्यूट्रीकृत कंट्रोल रूम से सभी 40 वार्डों की निगरानी, वाहनों के संचालन और शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया डिजिटल रूप से संपन्न होगी। महापौर दीपक बाली ने कहा कि यह सब कुछ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सशक्त नेतृत्व और आशीर्वाद का परिणाम है। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा के अलावा काफी संख्या में पार्षद भी मौजूद रहे।

# एक सप्ताह के भीतर शुरू होगा पार्किंग का सुधारीकरण कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर के टैक्सी स्टैंड के समीप बनी पार्किंग के निर्माण में अनियमितताओं और बदहाली को लेकर पार्षदों की शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। सोमवार को मामले में कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने पार्किंग का निरीक्षण कर सुधारीकरण का कार्य एक सप्ताह के भीतर शुरू करने की बात कही। दरअसल, बीते दिन नगर निगम के पार्षदों ने टैक्सी स्टैंड से पास बने पार्किंग की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। मामले में प्रशासन से कार्रवाई की मांग उठाई थी। इधर, सोमवार को पार्षदों की शिकायत के बाद कार्यदायी संस्था के सीएनडीएस प्रोजेक्ट मैनेजर हरि प्रकाश अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान निर्माण की स्थिति को देखा और शिकायत का संज्ञान लेते हुए पार्षदों को एक सप्ताह के भीतर सुधारीकरण कार्य शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि निर्माण में जो भी कमियां रह गई हैं, उन्हें जल्द ठीक कर लिया जाएगा। यहां पार्षद अमित शाह मोनू, पार्षद अर्जुन बिष्ट और अभिषेक जोशी, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, ग्राम प्रधान विनोद जोशी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मैग्नेसाइट कर्मचारी डीएम दफ्तर पहुंचे

**बागेश्वर।** अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कर्मचारी संगठन से जुड़े लोग एक बार पुनः डीएम दफ्तर पहुंचे। यहां कर्मचारियों ने कंपनी को खोले जाने की मांग की। कहा कि यदि कंपनी नहीं खुलती है तो वे अनिश्चितकालीन धरना देने के लिए बाध्य होंगे। कर्मचारी तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कंपनी जब से बंद पड़ी है तब से कर्मचारियों को खाने तक के लिए भी राशन जुटाना असंभव हो गया है। उन्होंने कर्मचारियों के ईपीएफ फंड का पैसा दिलाए जाने व कंपनी को जल्द खोले जाने की मांग की। कर्मचारियों यहां अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने के लिए पहुंचे थे। हालांकि डीएम आकांक्षा कोड़े से सकारात्मक वार्ता होने के बाद कर्मचारियों ने क्रमिक अनशन कार्यक्रम स्थगित किया। हालांकि उन्होंने अभी भी अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि यदि शीघ्र कंपनी नहीं खुली तो वे पुनः आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसी क्रम में उन्होंने फर्म में मौजूद रॉ मैटीरिली को भेजने की अपनीमति मिलने पर डीएम का आभार जताया। इस मौके पर फतेहसिंह करायत, हरीश चंद्र, मनोज सिंह, यशवंत सिंह, राजेंद्र कुमार, भूपेंद्र प्रसाद, गिरीश, मनोज, भगवान, बिक्रम, भूपाल आदि मौजूद थे।

### जनता दरबार में 29 शिकायतों का समाधान

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देश पर सोमवार को कपकोट तहसील में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल ने की। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। कुल 29 शिकायतें दर्ज की गईं, जो मुख्यतः बिजली, पानी, सड़क, आपदा और राजस्व संबंधित थीं। एडीएम नबियाल ने अधिकारियों को सभी शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को लंबित नहीं रखा जाएगा और शिकायतकर्ताओं को कार्यवाही की जानकारी भी दी जाएगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अनिल चन्याल, सीएमओ डा. कुमार आदित्य तिवारी, लोनिवि के ईई अमित पटेल, विद्युत विभाग के मोहम्मद अफजाल उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री से मिले जागेश्वर विधायक

**अल्मोड़ा।** जागेश्वर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की है। विधायक मेहरा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वर्ष 2024 में भनोली में डिग्री कालेज खोलने की घोषणा की गई थी। बताया कि भनोली में शीघ्र ही राजकीय महाविद्यालय संचालित किए जाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए है। उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा महाविद्यालय की स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिससे धौलादेवी व लमगड़ा विकासखंड के दर्जनों गांव के बच्चों को उच्च शिक्षा का लाभ मिलेगा। उन्होंने योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

### राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर बैठक

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में राज्य स्थापना दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। सोमवार को डीएम अंशुल सिंह ने कार्यक्रमों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने स्थापना दिवस पर जनपद और तहसील स्तर पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों का संघर्ष और व्यक्तित्व प्रेरणादायी है, उनका सम्मान हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद और तहसील स्तर पर होने वाले सभी कार्यक्रमों को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक ढंग से आयोजित किया जाए। बैठक में जनपद के सभी उपजिलाधिकारियों को वर्चुअल माध्यम से जोड़ा गया। इस अवसर पर सीडीओ रामजीशरण शर्मा, एडीएम युक्ता मिश्र, डीडीओ संतोष कुमार पंत, एसडीएम सदर संजय कुमार, डीपीओ पीताम्बर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### लंबित वेतन मिलने की उम्मीद जगी

**बागेश्वर।** 14 महीने से लंबित वेतन अब 25 नवम्बर तक मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कर्मचारियों के हितों को देखते हुए डीएम आकांक्षा कोंडे ने कंपनी के अधिकारयों के कड़े निर्देश दिए। सोमवार को जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने अल्मोड़ा मैग्नेसाइट लिमिटेड के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कंपनी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कंपनी प्रबंधन को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों का वेतन 25 नवम्बर तक हर हाल में अदा किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित तिथि तक वेतन भुगतान नहीं किया गया, तो कंपनी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्थिति की गंभीरता से पूर्णतः अवगत है और कर्मचारियों को राहत दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। जिलाधिकारी ने ईपीएफओ अधिकारियों को कंपनी का शीघ्र ऑडिट पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा कंपनी प्रबंधन को एक सप्ताह के भीतर कालोनी की विद्युत व्यवस्था सुचारू करने को कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, कोषाधिकारी आकाश रघुवंशी, श्रम अधिकारी पूर्ण राम, जिला खनन अधिकारी नाजिया हसन, कंपनी के प्रबंध निदेशक योगेश शर्मा तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मनचला कर रहा युवती को परेशान परिवार ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** एक मनचले द्वारा कॉलेज आती-जाती छात्रा के साथ अश्लील हरकतें करने व पुलिस में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर अब छात्रा के परिजनों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज परिवार सहित आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। इस मामले में पीड़ित परिवार ने महापौर दीपक बाली से भी न्याय की गुहार लगाई है। आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि उसकी नाबालिग पुत्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पढ़ती है। कॉलेज आते-जाते समय उसी की कालोनी का सूरज नामक युवक रास्ते में उसके साथ अश्लील हरकतें कर फब्तियां कसता है। उक्त हरकतों की बजह से उसकी पुत्री ने स्कूल जाना भी छोड़ दिया है।

पत्र में कहा कि उक्त युवक की हरकतों से तंग आकर उसके द्वारा अपनी पुत्री को रिश्तेदारी में भी भेजा गया, परंतु वहां भी उक्त युवक फोन कर उसकी पुत्री व रिश्तेदारों को धमकियां देता है। पत्र में स्पष्ट कहा गया कि उसके द्वारा इस मामले में बीते जुलाई माह में आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर उक्त युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई, परंतु पुलिस ने उसके द्वारा दी गई तहरीर को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पत्र में कहा कि उक्त युवक की हरकतों से तंग आकर व पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध कोई कार्रवाई न किए जाने पर वह अपने पूरे परिवार सहित आत्मदाह करने को मजबूर होंगे, जिसके लिए स्थानीय पुलिस जिम्मेवार होगी। महिला द्वारा आज इस मामले में नगर निगम कार्यालय पहुंच महापौर दीपक बाली व मीडिया के समक्ष उक्त मामले का जिक्र करते हुए न्याय दिलाने व अपनी पुत्री को उक्त मनचले दबंग युवक से निजात दिलाए जाने की गुहार लगाई गई है। महापौर दीपक बाली ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए जाने का आश्वासन दिया है।

# प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**काशीपुर।** द्रोणासागर तीर्थ स्थल पर काशीपुर डेवलपमेंट फोरम (केडीएफ), आर्य समाज और भारतीय योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा एवं प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसपीएनजी चेयरमैन योगेश कुमार जिंदल ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि योग और एक्यूप्रेशर हमारी प्राचीन पद्धतियां हैं जो हमारे ऋषि मुनियों की धरोहर हैं जिसे लोग भूलते जा रहे हैं। उक्त पद्धतियां रोग मुक्त करने का एक बेहतर तरीका है। इस दौरान पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 22 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिविर का संचालन कर रहे भारतीय एक्यूप्रेशर संस्थान, लखनऊ के निर्देशक एवं एक्यूप्रेशर संस्थान प्रयागराज के प्रोफेसर डॉ. अमर प्रताप सिंह चंद्रवंशी ने बताया कि एक्यूप्रेशर पद्धति द्वारा असाध्य रोगों का इलाज बिना दवा के किया जा रहा है। इस पद्धति से हार्ट, किडनी और लीवर को एक्टीवेट कर देश और दुनिया में बड़ी संख्या में लोगों को डायबिटीज़, ब्लडप्रेशर, गठिया, मिर्गी दमा, स्पांडलाइटिस, किडनी, फैटी लीवर, अवसाद तथा हृदय जैसे गम्भीर रोगों से छुटकारा मिल चुका है। प्रशिक्षण का समय प्रातः 7 से 8 बजे तक और सांय 4 से 5 बजे तक रखा गया है। इस अवसर पर केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई, डॉ. योगराज अरोरा, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, बृजेश कुमार गुप्ता, डा. चक्रेश कुमार जैन, संजय अग्रवाल, स्वतंत्र मेहरोत्रा, जसवीर सिंह, कौशलेश गुप्ता व जेपी शर्मा समेत प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने किया मरीजों को फल वितरण

**काशीपुर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत सोमवार को द्वितीय पखवाड़ा दिवस में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करन माहरा के निर्देशानुसार महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन के नेतृत्व में यहां रामनगर रोड स्थित लक्ष्मण दत्त भट्ट राजकीय चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य एवं उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा, पीसीसी सदस्य अलका पाल, पीसीसी सचिव जितेंद्र सरस्वती, विमल गुड़िया, मंसूर अली मंसूरी, गौरव चौधरी, शादान इकबाल, हनीफ गुडडू, राकेश भगत, महेंद्र बेदी, परम सिद्धू, संजीव शर्मा, जया शर्मा, रमन दीप सिंह, इलयास महीगीर रहे।

# धौनी की पुण्यतिथि पर होंगे कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सालम समिति अल्मोड़ा की सोमवार को चौघानपाटा में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान आगामी 12 नवंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व देश को जय हिंद का नारा देने वाले क्रांति दूत स्व. राम सिंह धौनी की 95वीं पुण्यतिथि समारोह के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया। तय किया गया कि जिला पंचायत परिसर धारानौला में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष राजेंद्र रावत, विनोद जोशी, वरिष्ठ संरक्षक एड. गोविंद लाल वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं गोपाल सिंह मेहरा, उपाध्यक्ष लोकमणी भट्ट, कार्यकारी अध्यक्ष भागीरथ पांडे, कोषाध्यक्ष विपिन चंद्र जोशी, कोमल, परमिंदर बिष्ट, पप्पू, गणेश सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## क्षतिग्रस्त विद्युत पोल न बदलने से रोष

**काशीपुर।** क्षतिग्रस्त बिजली के पोल को बदलवाने और स्थानांतरित किये जाने की शिकायत पर साढ़े चार माह बाद भी कार्रवाई न होने से लोगों में रोष है। रोषित लोगों ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता से कार्रवाई की गुहार लगाई है। मौहल्ला लाहोरियान अंतर्गत आर्य समाज मन्दिर के पीछे रहने वाली मोनिका श्रीवास्तव ने बताया कि आर्य समाज मन्दिर के पीछे स्थित उनके घर के समीप एक बिजली का पोल है, जो कि नीचे से पूरी तरह गल चुका है और उसके गिरने की संभावना बनी हुई है। बरसात के दिनों में इसमें अर्थिंग से खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि बीती 13 जून को इसकी शिकायत विद्युत विभाग से की गई लेकिन साढ़े चार माह बाद भी कार्रवाई नहीं हो सकी है।

## तुलसी-शालिग्राम विवाह का आयोजन

**काशीपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तुलसी-शालिग्राम विवाह का आयोजन किया गया। इस क्रम में मौहल्ला सिंघान स्थित श्री दुर्गा भवन से शालिग्राम जी की बारात धूमधाम से निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पोस्टऑफिस के सामने स्थित पंजाबी रामलीला ग्राउंड पहुंची। यहां विधिवत रूप से तुलसी विवाह सम्पन्न हुआ। शालिग्राम जी की बारात में जगह-जगह स्वागत किया गया। वधू पक्ष की ओर से अमित मुल्तानी व वर पक्ष की ओर से पंकज मदान ने विवाहोत्सव में सभी रस्में निभाई। इस अवसर पर सुरेंद्र छाबड़ा, अनिल छाबड़ा, अमित मुल्तानी, अनिल माटा, राकेश चावला, रमेश छाबड़ा, नरेश सपरा, नरेश चुग, राजकुमार सेठी, पुलकित सेठी, अशोक चावला, सरोज शर्मा, सोना सेठी, रजनी एवं दुर्गा मंडली की सभी महिलाएं रहीं।

# अधिवेशन में बनी नई कार्यकारिणी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा में वन बीट अधिकारी संघ का जिला स्तरीय अधिवेशन आयोजित हुआ। अधिवेशन में संघ की तमाम समस्याओं समेत नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें नीरज सिंह बिष्ट को प्रभागीय अध्यक्ष, किशोर आर्या को महामंत्री चुना गया। वन चेतना केंद्र एनटीडी में आयोजित अधिवेशन में अल्मोड़ा वन प्रभाग, सिविल सोयम वन प्रभाग व जिले के अन्य रेजों से आए वन बीट अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। रेंज स्तर से आए वन बीट अधिकारियों की ओर से अपने विचार भी रखे गए। साथ ही विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की। इसके बाद अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें प्रभागीय अध्यक्ष और महामंत्री के अलावा दिनेश भट्ट को प्रभागीय उपाध्यक्ष, रोशन कुमार को प्रभागीय कोषाध्यक्ष और पूनम पंत को महिला उपाध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि वन बीट अधिकारियों की सभी समस्याओं के निदान के लिए वह पूरा प्रयास करेंगे। यहां प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल भगत, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हर्ष वर्धन गढ़िया, महामंत्री बलवंत सिंह भंडारी, संरक्षक हीरा सिंह बिष्ट, सौरभ सिंह जीना, कंचन कुमार भोला, शंकर सिंह बोरा, दलीप सिंह नेगी, महेंद्र प्रसाद, दीवान सिंह मेहता आदि वन बीट अधिकारी मौजूद रहे।

# रजत जयंती सप्ताह की शुरूआत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में राज्य स्थापना दिवस को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां तेज हो गई है। सोमवार को राज्य स्थापना रजत जयंती सप्ताह के तहत जिलेभर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में जिला प्रशासन की ओर से स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई। इस दौरान डीएम अंशुल सिंह ने स्वच्छता स्वयं सेवियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

उनके नेतृत्व में स्टेडियम परिसर से बड़ी मात्रा में कूड़ा एकत्रित किया गया। इस मौके पर डीएम ने कहा कि इस स्वच्छता अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है।

लोगों में स्वच्छता के प्रति अच्छा आचरण विकसित हो और लोग इस कार्य को दीर्घकाल के लिए अपनी आदत में लाए, यह इस अभियान का उद्देश्य है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की है कि स्वयं के साथ साथ अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। कहा कि कूड़े को निर्धारित स्थान पर ही डाले तथा स्वच्छता कर्मियों का सहयोग करें। इस स्वच्छता अभियान के लिए 26 से अधिक जिला स्तरीय अधिकारी नामित किए गए थे। एकत्रित कूड़े को नगर निगम, नगर पालिका, नगरपंचायत तथा जिला पंचायत के वाहनों से निर्धारित स्थान पर एकत्रित किया गया। यहां मेयर अजय वर्मा, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, अपर एडीएम युक्ता मिश्र, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, हरीश कनवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में सात दिवसीय गोल्ज्यू महोत्सव जारी है। रविवार शाम महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। जिसमें कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर मन मोहा। नगर के मल्ला महल में आयोजित महोत्सव में रविवार शाम कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक



कैलाश शर्मा ने किया। उन्होंने महोत्सव समिति की जमकर तारीफ की। कहा कि इस तरह के आयोजन से पहाड़ी की संस्कृति को पहचान मिलती है। महिलाओं की टीमों ने झोड़ा गायन की शानदार प्रस्तुतियां दी। वहीं, स्टार नाइट में लोक गायक जितेंद्र तोमक्याल और महिपाल मेहता के सुरों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कलाकारों ने कुमाऊनी गढ़वाली गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर महोत्सव में मौजूद लोगों को झूमने में मजबूर कर दिया। सोमवार को महोत्सव में नृत्य नाटिका, एकल गायन प्रतियोगिता महिला-पुरुष का आयोजन हुआ। जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर तालियां बटोरी। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, कमल बोरा, रमेश बहुगुणा, प्रकाश बिष्ट, रवि रौतेला, हरीश कनवाल, रवि चौहान, तारा चंद्र जोशी, पूरन रौतेला, अखिलेश थापा, लता तिवारी, राधा बिष्ट, ललित बिष्ट, मयंक रौतेला आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवी महिलाओं का सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कात्यायनी फाउंडेशन ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन महिलाओं को जो न केवल अपने घरों की देखभाल करती हैं, बल्कि समाज में भी विभिन्न प्रकार की सेवाएं दे रही हैं। इस अवसर पर फाउंडेशन की संस्थापक आशा शुक्ला ने कहा कि महिलाओं का समाज में योगदान अतुलनीय है, और उनकी कोशिश है कि हर महिला और बच्चा अपने जीवन में आगे बढ़े। कात्यानी फाउंडेशन महिलाओं, बच्चों और नशा मुक्ति के क्षेत्र में कई पहल कर रहा है। फाउंडेशन की प्रमुख आशा शुक्ला ने बताया कि समाज में बदलाव लाने के लिए नशा मुक्ति, बच्चों की शिक्षा और उनके सामाजिक उत्थान के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने समाज से अपील की कि लोग अपने आसपास के जरूरतमंदों की मदद करें और उनका ध्यान रखें। इसके साथ ही आशा शुक्ला ने एक महत्वपूर्ण संदेश दिया, आप अपने जन्मदिन या विवाहिक वर्षगांठ पर एक वृक्ष जरूर लगाइए, क्योंकि यह एक छोटी सी परंतु प्रभावशाली पहल हो सकती है। इसके अलावा, रक्तदान एक बहुत बड़ा दान है, जो किसी की जान बचा सकता है। इस अवसर पर फाउंडेशन की संस्थापक आशा धर्मवाल, नीमा गोस्वामी, पार्वती बोरा, पूर्णिमा रजवार और सुजाता माहेश्वरी ने भी अपने-अपने क्षेत्र में किए गए योगदान के लिए सम्मान प्राप्त किया। फाउंडेशन के सभी सदस्य समाज में योगदान देने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

# ग्राम प्रधानों ने निकाली भड़ास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** पंचायत चुनाव संपन्न होने के बावजूद आज तक ग्राम प्रधानों को मुहर व विकास कार्यों से वंचित रखे जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई है। सोमवार को प्रधानों ने मीडिया से वार्ता करते हुए अपने अधिकारों की मांग की। कहा कि यदि उन्हें 15 नवम्बर तक सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया तो वे 20 नवम्बर से प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। प्रेस वार्ता में ग्राम प्रधानों ने कहा कि पंचायत चुनाव संपन्न हुए तीन माह बीतने को है। आज तक उन्हें अधिकार से वंचित किया गया है। प्रधानों को अभी तक अस्तित्व में न लिए जाने के कारण पूरे प्रदेश ने करीब 80 लाख लोग विकास कार्यों से वंचित हैं। वार्ता में उन्होंने शीघ्र अचार संहिता लागू कर पंचायतों का गठन करने की मांग की है। कहा कि यदि शीघ्र पंचायतों का गठन नहीं किया जाता है तो वे आगामी बीस नवंबर से प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान दीपक खेतवाल, चंचल सिंह, नवीन जोशी, हरीश जनौटी, चंदन, योगेश, भूपेंद्र मौजूद थे।

# सरकारी स्कूलों की हालत पर उठे सवाल

## शिक्षा व्यवस्था पर सरकार की नीतियां गलत: उपाध्याय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डा. गणेश उपाध्याय ने प्रदेश में सरकारी स्कूलों की बिगड़ती हालत पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि कई जिलों में सरकारी स्कूलों के बंद होने और छात्रों की संख्या शून्य तक पहुंचने की स्थिति आकस्मिक नहीं, बल्कि यह वर्षों से चली आ रही नीतिगत अस्फलता, संसाधनों की कमी और सामाजिक प्राथमिकताओं के बदलाव का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर साल नई योजनाएं और वादे तो होते हैं, लेकिन असल सुधार कहीं दिखाई नहीं देते। सरकारी स्कूलों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि कई अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए घर-बैठकर शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं, जो सरकार की असफलता का प्रतीक है। डा.




उपाध्याय ने कहा कि सरकार करोड़ों रुपये विज्ञापनों और प्रचार पर खर्च कर रही है, लेकिन स्कूलों की मरम्मत, शिक्षकों की भर्ती और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। शिक्षकों की स्थिति भी दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। जबकि सरकार को चुनावों, उत्सवों और विज्ञापनों की चिंता है, वहीं शिक्षकों के स्थानांतरण या स्कूलों की समस्याओं का समाधान करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही। उत्तराखंड सरकार राज्य की रजत जयंती के अवसर पर आयोजनों और उपलब्धियों का बखान कर रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि राज्य के सरकारी स्कूलों की हालत बद से बदतर हो चुकी है। पहाड़ी इलाकों में स्कूलों की स्थिति और भी खराब है, जहां पलायन, रोजगार की कमी और जर्जर भौतिक संसाधन जैसी समस्याएं शिक्षा व्यवस्था को और कठिन बना रही हैं। डा. उपाध्याय ने सुझाव दिया कि पहाड़ी क्षेत्रों के लिए अलग नीतियां बनाई जाएं और मैदानी क्षेत्रों के लिए अलग। स्कूलों को बच्चों की संख्या और भौगोलिक परिस्थितियों के आधार पर चलाया जाए, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

## विवि की एथलीट डा. पूनम त्यागी का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** 23वीं एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का अयोजन 5 से 9 नवम्बर तक



जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चेन्नई तमिलनाडु में होगा, जिसमें पंतनगर विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अनुभाग की सह निदेशक डा. पूनम त्यागी (एथलेटिक्स) भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। डा. पूनम त्यागी एथलेटिक्स में रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय की कप्तान/चैंपियन, लखनऊ विश्वविद्यालय चैंपियन (02 गोल्ड मैडल), यूपी कैप्टन, यूएमसीए रजत पदक (400 मी.) रेस स्थान नेहरू स्टेडियम दिल्ली, स्कूल नेशनल मेडलिस्ट एवं यूपी ओलंपिक 800 मी. गोल्ड मेडलिस्ट उपलब्धियां प्राप्त की। यह पंतनगर विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है और सभी ने उन्हें बधाई दी है।

# कृषकों को सम्मानित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र कलीगैर में कीवी महोत्सव और कृषक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 700 कृषकों ने भाग लिया। इस दौरान दो स्वयं सहायता समूहों को ट्रैक्टर, आटा चक्की और ब्रश कटर दिए गए, जबकि 30 कृषकों को बीज और 25 को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कृषि और अन्य विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और किसानों को नई तकनीकों की जानकारी दी। प्रगतिशील कृषक भवान सिंह कोरंगा को उनकी उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया, जिन्होंने पिछले साल कीवी से 20 लाख की आय अर्जित की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने भी किसानों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही, सहकारिता विभाग ने किसानों को 9.5 लाख का शून्य ब्याज ऋण वितरित किया। इस कार्यक्रम में कई अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# सर्वोच्च सुरक्षा घेरे में नैनीताल रवाना हुआ महामहिम का काफिला

## आर्मी हैलीपैड पर ठीक सवा चार बजे उतरा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का हैलीकॉप्टर

### राज्यपाल, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, मेयर समेत अधिकारियों ने किया स्वागत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोमवार शाम सवा 4 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हेलीकॉप्टर अत्यधिक सुरक्षा व्यवस्था के बीच तिकोनिया स्थित आर्मी कैंट के हेलीपैड पर उतरा। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया, जिसके बाद वह सैकड़ों सुरक्षा कर्मियों के साथ 65 गाड़ियों के काफिले में नैनीताल के लिए रवाना हो गईं। सोमवार को निर्धारित समय अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देहरादून से चार बजकर दस मिनट में तिकोनियों स्थित आर्मी हेलीपैड पर पहुंची। आर्मी हेलीपैड पहुंचने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह, कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत, महापौर गजराज सिंह बिष्ट, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, एडीजी कानून एवं व्यवस्था वी. मुरुगेशन, आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी, अल्मोड़ा एसएसपी देवेंद्र पींचा सहित कई अधिकारियों ने उनका स्वागत कर उन्हें पुष्पगुछ भेंट कर उनका अभिवादन किया। लगभग 10 मिनट तक आर्मी कैंट में रुकने के बाद राष्ट्रपति का काफिला वहां से बाहर निकला। इस दौरान, लैंडिंग से आधा घंटा पहले ही पुलिस ने नैनीताल रोड पर यातायात बंद कर दिया था। दुकानें और सभी प्रतिष्ठान बंद कर दिए गए थे, और ठंडी सड़क व वर्कशॉप लाइन पर भी आवागमन पर रोक लगा दी गई थी। जब काफिला तिकोनिया से गुजर रहा था, तो राष्ट्रपति ने हाथ हिला कर जनता का अभिवादन किया। जिसके बाद राष्ट्रपति 4 बजकर 49 मिनट पर सैकड़ों सुरक्षा कर्मियों के साथ 65 गाड़ियों के काफिले में नैनीताल के लिए रवाना हो गईं। जब काफिला तिकोनिया से होते हुए नैनीताल को गुजरा तो राष्ट्रपति ने हाथ हिला कर जनता का भी अभिवादन किया।

### कैंचीधाम के दर्शन आज नहीं कर पाएंगे आम भक्त

**हल्द्वानी।** भक्तों की भारी भीड़ से हमेशा गुलजार रहने वाले कैंची धाम मंदिर में मंगलवार (आज) को आम भक्त बाबा नींब करौरी के दर्शन नहीं कर पाएंगे। इसकी वजह है कि मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंदिर पहुंच रही हैं। सुरक्षा के लिहाज से केंद्रीय एजेंसियों, प्रशासन और पुलिस ने मंदिर प्रांगण और आसपास के क्षेत्र को पूरी तरह से अपनी घेराबंदी में ले लिया है। इस संबंध में मंदिर समिति के मैनेजर प्रदीप साह ने फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए भक्तों से अपील करते हुए कहा कि मंगलवार को सुबह 6 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक भक्त कैंची धाम न आएं, क्योंकि इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंदिर में बाबा के दर्शन और ध्यान करेंगी। राष्ट्रपति के मंदिर से जाने के बाद ही आम भक्तों के लिए मंदिर के द्वार खोले जाएंगे। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि राष्ट्रपति के काफिले के मंदिर तक पहुंचने और मंदिर से निकलने के दौरान कुछ समय के लिए यातायात पर पाबंदी होगी। उन्होंने आम जन से अपील की है कि सुरक्षा कारणों से पुलिस का सहयोग करें और इस दौरान किसी भी तरह की असुविधा से बचें।

### ड्यूटी प्वाइंट का एसएसपी ने लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के जनपद नैनीताल भ्रमण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए शहर में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस दौरान एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने सोमवार को शहर के विभिन्न ड्यूटी प्वाइंट जैसे नैनीताल बैंक तिराहा, काठगोदाम नरीमन तिराहा, भीमताल नैनीताल तिराहा, तिकोनिया चौराहा, बीरशिवा तिराहा और आर्मी हेलीपैड पर आकस्मिक निरीक्षण कर वहां का जायजा लिया। एसएसपी नैनीताल ने स्वयं अपने साथ भोजन पैकेट लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के बीच जाकर उन्हें वितरित किया और उनके उत्साहवर्धन के लिए उनका मनोबल बढ़ाया, साथ ही उन्होंने पुलिसकर्मियों की चौकसी और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने पुलिसकर्मियों से बातचीत कर उनकी चुनौतियों, आवश्यकताओं और सुझावों को सुना।



# 6.5 बजे नैनीताल के तल्लीताल गांधी पार्क पहुंचा राष्ट्रपति का काफिला

## एक झलक पाने के लिए लगा रहा लोगों का जमावड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिनी दौरे के मद्देनजर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नैनीताल पहुंच गई हैं। उनके दौरे को लेकर नैनीताल शहर से लेकर राजभवन में चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा रहा। बता दें कि शाम को करीब लगभग 6 बजे राष्ट्रपति का काफिला तल्लीताल पहुंचा। राष्ट्रपति को देखने के लिए तल्लीताल में लोगों का जमावड़ा लगा रहा। काफि ले के दौरान तल्लीताल से लेकर राजभवन तक सड़क को जीरो जोन रखा गया। काबिलेगौर है कि राष्ट्रपति के दौरे के दौरान सोमवार सुबह से ही मालरोड समेत वीवीआईपी रुट किनारे खड़े वाहनों को हटाने के साथ ही पालिका की टीमें साफ सफाई में जुटी हुई थी। सुरक्षा के लिहाज से नगर भर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। राष्ट्रपति के हल्द्वानी से आगमन से पहले ही अपराह्न दो बजे के बाद पुलिस ने नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग को जीरो जोन कर वाहनों की आवाजाही रोक दी थी। हल्द्वानी से काफिला ज्योलीकोट पहुंचने पर पुलिस ने शहर के अंदर भी जीरो जोन कर दिया। काफिला हनुमानगढ़ी पहुंचने पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर पैदल चलते लोगों को कुछ देर के लिए रोक दिया। शाम 6 बजकर 5 मिनट पर राष्ट्रपति का 40 से अधिक वाहनों का काफिला तल्लीताल स्थित गांधी चौक पर पहुंचा। जहां से मालरोड होते हुए राष्ट्रपति राजभवन पहुंची। इस दौरान तल्लीताल से मल्लीताल तक राष्ट्रपति को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। राष्ट्रपति के राजभवन में पहुंचने के बाद शहर की यातायात व्यवस्था सामान्य हो गई। इस दौरान डीएम ललित मोहन रयाल और एसएसपी मंजूनाथ टीसी समेत कई पुलिस अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए मौके पर मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य महकमा चौकन्ना

**नैनीताल।** नैनीताल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे के चलते स्वास्थ्य विभाग चौकन्ना हो गया है। विभाग ने कार्यक्रम के लिए चार टीमें तैनात की हैं साथ ही राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में सेफ हाउस भी तैयार किया गया है। नैनीताल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन के चलते स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। सीएमओ डा. हरीश चंद्र पंत ने बताया कि विभाग की ओर से राष्ट्रपति के दौरे के लिए डाक्टरों की तीन टीमे तैनात की गई हैं।

# राजभवन लोकतांत्रिक व्यवस्था का प्रतीकः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## देश की महामहिम ने नैनीताल राजभवन की 125वीं वर्षगांठ में भाग लिया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने नैनीताल के राजभवन की स्थापना के 125 वर्षों के पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने राजभवन के वर्चुअल टूर का लोकार्पण किया, जिससे लोग अब ऐतिहासिक राजभवन का डिजिटल भ्रमण कर सकेंगे। इस वर्चुअल टूर के माध्यम से दर्शक राजभवन की अद्वितीय स्थापत्य कला, प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व से परिचित हो सकेंगे।

यह टूर राजभवन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। कार्यक्रम के दौरान राजभवन पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें राजभवन की गौरवशाली विरासत, स्थापत्य सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व को प्रभावी तरीके से दिखाया गया। फिल्म के जरिए दर्शकों को राजभवन के इतिहास और उसकी विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि जैसा कि स्वतंत्र भारत में राष्ट्रपति भवन गणराज्य का प्रतीक है, वैसे ही राज्य स्तर पर राजभवन लोकतांत्रिक व्यवस्था का प्रतीक होता है।

उन्होंने उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद इस ऐतिहासिक भवन की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संविधान में राज्यपाल के कर्तव्यों और अधिकारों को गहन विचार-विमर्श के बाद निर्धारित किया गया है, और राज्यपाल का कार्य राज्य की शासन व्यवस्था को सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना है। उन्होंने राज्यपाल कार्यालय से जुड़े सभी सदस्यों से सरलता, विनम्रता, नैतिकता और संवे. दनशीलता जैसे गुणों का पालन करने की अपील की। उत्तराखंड राज्य की निरंतर प्रगति और समृद्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति ने आशा जताई कि राज्यपाल और उनकी टीम राज्य के नागरिकों को प्रेरित करती रहेंगी, और राज्य विकास की राह पर अग्रसर रहेगा।

इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए कहा कि यह उत्तराखंड के लिए एक गर्व और सम्मान का क्षण है। उन्होंने राज्य की प्रगति में राष्ट्रपति के मार्गदर्शन और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया।

राज्यपाल ने राजभवन नैनीताल के 125 वर्षों की यात्रा को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्रेरणादायक बताया और कहा कि यह वर्चुअल टूर डिजिटल इंडिया के विजन का एक बेहतरीन उदाहरण है। इसके माध्यम से तकनीक अब न केवल सुविधा का साधन बन रही है, बल्कि संस्कृति और विरासत के संरक्षण का भी महत्वपूर्ण औजार बन चुकी है।

कार्यक्रम में उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति और पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति भी की गई, जिसने राज्य की सांस्कृतिक विविधता और लोक-परंपराओं को दर्शकों के सामने रखा। कार्यक्रम में प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों के रूप में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेन्द्र, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत, वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज तिवारी, महाधिवक्ता एसएन बाब. ुलकर, विधि परामर्शी राज्यपाल कौशल किशोर शुक्ल, आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, अपर सचिव राज्यपाल रीना जोशी, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। और कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सड़क हादसा: छोटा हाथी चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्द्वानी।** सोमवार देर शाम गौलापार बाईपास के पास एक सडक हादसे में छोटा हाथी वाहन चालक घायल हो गया। माना जा रहा कि फार्च्यूनर कार चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने पर यह हादसा हुआ है। घालय को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल भेज दिया, और पुलिस हादसे की जांच में जुट गयी। जाकारी के अनुसार सोमवार देर शाम गौला बाईपास से छोटा हाथी वाहन संख्या यूके06सीसी-0988 लालकुआं की ओर जा रहा था। बताया जा रहा छोटा हाथी वाहन के आगे एक फार्च्यूनर कार जा रही थी। तभी अचानक फार्च्यूनर चालक ने अचानक कार के ब्रेक लगा दिये। जिससे पीछे आ रहा छोटा हाथी सीधे कार से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छोटा हाथी का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद फार्च्यूनर चालक अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर छोटा हाथी वाहन चालक रजत मलिक (26 वर्ष), पुत्र ललित मोहन, निवासी बलवंत कालोनी किच्छा जिला ऊधम सिंह नगर को उठाकर सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

# 15 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुनर्नवा महिला समिति की ओर से सोमवार को हीरानगर पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के गोल्ज्यू मंदिर में 15 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। समिति से जुड़ी महिलाओं ने घरातियों की भूमिका निभाकर बारातियों का स्वागत किया। इस दौरान पंडित प्रकाश चंद्र भट्ट ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर 15 कन्याओं को दूल्हों के साथ मंडप में अग्नि के चारों ओर सात फेरे कराकर विवाह संपन्न कराया। शहर की सामा. जिक संस्थाओं से जुड़ी महिलाओं ने नवदंपती को गृहस्थी का सामान उपहार में दिया, फिर मंदिर के आंगन से बैंड-बाजों के साथ 15 कन्याओं को विदा किया गया। समिति की अध्यक्ष लता बोरा ने बताया कि विवाह में शहर के अधिकांश गणमान्य लोग सहयोग करने के साथ ही कन्यादान करने के लिए उपस्थित होते हैं। घराती बनकर कन्याओं को विदा किया। निर्धन कन्याओं के विवाह में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर नवदंपति को आशीर्वाद देने के लिए नारायण पाल, समीर आर्य, सुमित्रा प्रसाद, ललित जोशी, बेला तोलिया, रेनू अधिक. ारी, संध्या डालाकोटी, हेमंत बगडवाल, हरीश चन्द्र पांडे, विजस पाल, विजय सिसौदिया, गौरव अग्रवाल, मुकेश पाल, ऊषा कुमार, ऊषा आर्य, अशोक कुमार, मीना शर्मा, विवेक चौधरी, सुनीता जोशी, विजय भट्ट, शशि, कौस्तुभ चंदौला, गुंजन सैनी, पूजा कश्यप, प्रियंका सक्सेना अंकित गंगवार, सहित समिति की अध्यक्ष लता बोरा, सचिव शांति जीना, प्रचार सचिव कल्पना रावत, यशोदा रावत, जानकी, मंजू बनकोटी, प्रेमा ब्रजवासी, अंजना कुसुम, कमला, रेखा रावत, निर्मला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राज्य स्थापना दिवस पर कांग्रेस ने वृद्धजनों को बांटे फल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के निर्देश पर महानगर कांग्रेस कमेटी हल्द्वानी के कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में वृद्ध आश्रम पहुंचे और वृद्धजनों से मिले, उनका हालचाल जाना और फल वितरित किए। इस मौके पर कांग्रेस अनुसूि. चत प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश आनंद, हरीश लाल, राजीव गांधी पंचायत प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष चंदन भाकुनी, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव शंकर कोहली, बबलू बिष्ट, गणेश टम्टा, प्रकाश डिमरी, पान सिंह नेगी, रामवीर मौर्य, जीवन बिष्ट मौजूद रहे।

# मुखानी क्षेत्र में गौवंश से कुकर्म के बाद इलाके में आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत गौवंश से कुकर्म करने का एक मामला सामने आया है। इस घटना में एक समुदाय विशेष के युवक की संलिप्तता होने की जानकारी सामने आई तो स्थानीय लोगों का आक्रोश फैल गया। लोगों ने युवक को पकड़ने की कोशिश की लेकिन युवक फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने मकान मालिक पर युवक को भगाने में मदद करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मुखानी आरटीओ रोड निवासी गिरीश पांडे ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि गैस गोदाम रोड स्थित मंगला विहार में भुवन जोशी का मकान है, जो हमेशा किराएदारों से भरा रहता है। तहरीर में गिरीश ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीते 31 अक्टूबर को जब स्थानीय लोग इलाके के सीसीटीवी फुटेज को देख रहे थे तभी उन्होंने फुटेज में देखा कि उसके मकान के सामने के मैदान में एक गौवंश बैठा था, और एक युवक उसके साथ कुकर्म कर रहा था। इस फुटेज के सामने आते ही क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया। आरोप है कि इस कुकर्म में संलिप्त युवक एक समुदाय विशेष से है। घटना के बाद जब लोग उसे पकड़ने के लिए एकजुट हुए, तो युवक वहां से फरार हो गया। आरोप है कि मकान मालिक भुवन ने आरोपी को वहां से भगने में मदद की। इसके साथ ही आरोप है कि आरोपी इलाके की महिलाओं के साथ भी अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ करता रहा है। तहरीर में आरोप हैं कि मकान मालिक भुवन अपने किराएदारों का सत्यापन नहीं कराते और विरोध करने पर वह लोगों को जान से मारने की धमकी देते हैं। इस मामले को लेकर पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# समर्पण, ईमानदारी और दूरदृष्टि से प्रेरणा बनता है नेतृत्व

## कुमाऊँ विश्वविद्यालय में परिवर्तन की नई परिभाषा कर्म और दृष्टि से उपजा नेतृत्व




**शाह टाइम्स**

**नैनीताल।** नेतृत्व वह नहीं जो आद. ेश दे, बल्कि जो अपने कर्मों से प्रेरणा बने, वर्तमान को दिशा दे और भविष्य का खाका खींचे। कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के कुल. पति प्रो. दीवान सिंह रावत ऐसे ही नेतृत्व का उदाहरण हैं, जिनकी कार्यशैली में समर्पण, ईमानदारी और दूरदृष्टि का सुंदर संगम दिखता है। हर मुलाकात में उनकी सादगी और कर्मनिष्ठा झलकती है न फाइलों का ढेर, न दिखावे का बोझ वे सदैव कंप्यूटर पर काम में तल्लीन रहते हैं। उनका सिद्धांत है जो आज हो सकता है, उसे कल पर क्यों छोड़ें? पिछले दो वर्षों में उनके नेतृत्व ने विश्वविद्यालय की कार्यसंस्कृति को नया जीवन दिया है। उन्होंने पारदर्शी खर्च नीति अपनाकर बचाई गई धनराशि को शोध और नवाचार हेतु समर्पित किया। इंटरनल रिसर्च फंडिंग और वाइस चांसलर इंटर्नशिप जैसी योजनाएँ विद्यार्थियों और शोधार्थियों को सीधा लाभ दे रही हैं। वित्तीय अनुशासन के तहत लगभग 10 करोड़ का रिसर्च कॉर्पस फंड स्थापित किया गया है, जिसमें प्रतिवर्ष 4 करोड़ जोड़ने की योजना आत्मनिर्भर शोध संस्कृति की दिशा में ठोस कदम है। उनका दृष्टिकोण केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक भी है। वे कहते हैं ईमानदारी और जीवटता मुझे पहाड़ से मिली है। इसी प्रेरणा से उन्होंने मेरु योजना के अंतर्गत 100 करोड़ का सहयोग सुनिश्चित किया और पटवाडांगर में विश्वविद्यालय के विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण की दिशा में ठोस प्रगति की, जो भविष्य के अनुसंधान केंद्र का आधार बनेगा। कभी विद्यार्थियों को डिग्री के लिए महीनों चक्कर लगाने पड़ते थे, अब वे मात्र 15 दिनों में इसे प्राप्त कर रहे हैं। अंतिम वर्ष के छात्रों को मार्कशीट के साथ ही डिग्री देने की व्यवस्था ने विश्व. विद्यालय की प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण दिया है। डिजिटल ट्रांसफार्मेशन, अकादमिक अनुशासन, वित्तीय पारदर्शिता और विद्यार्थी-केन्द्रित दृष्टिकोण इन चार स्तंभों पर विश्वविद्यालय का नया ढांचा खड़ा है। वैज्ञानिक रूप से भी उनकी उपलब्धियाँ उल्लेखनीय हैं। हाल ही में उन्हें भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी द्वारा फैलो ऑफ नेशनल अकादमी सम्मान मिला जो रसायन विज्ञान में उत्तराखंड के लिए 46 वर्षों बाद की उपलब्धि है। उनके नेतृत्व में पार्किंसन रोग पर किया गया शोध क्लिनिकल ट्रायल चरण में सफलता तक पहुँचा है, यह मानव जीवन की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में ऐतिहासिक योगदान है। विश्वविद्यालय की स्थापना के 53 वर्षों बाद पहली बार दीक्षांत समारोह में देश की राष्ट्रपति का आगमन होने जा रहा है। यह विश्वविद्यालय की बढ़ती प्रतिष्ठा और प्रो. रावत के दूरदर्शी नेतृत्व की ऐतिहासिक स्वीकृति है। आज जब नेतृत्व का मूल्यांकन केवल पद से नहीं, बल्कि प्रभाव से होता है, तब प्रो. रावत जैसे कुलपति सिद्ध करते हैं कि प्रशासन भी साधना बन सकता है, यदि उसमें पारदर्शिता, सादगी और कर्मयोग का संगम हो। सच्चा नेतृत्व वही है, जो शब्दों से नहीं, कर्मों से प्रेरणा दे।

**कमल के. पांडेय**
स्वतंत्र टिप्पणीकार, तकनीकी एवं मीडिया नवाचारों के विश्लेषक

# दुग्ध संघ में बढ़ी उत्पादकों की संख्याः मुकेश बोरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के अध्यक्ष मुकेश बोरा के नेतृत्व में संघ ने स्थापना दिवस रजत जयंती के अवसर पर एक विशेष डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी सफलता के साथ संपन्न हुआ, जिसमें 150 दुग्ध समितियों के अंतर्गत घर-घर जाकर दुग्ध उत्पादकों को सहकारी सदस्यता से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था। इस अभियान के तहत 151 नए सदस्य जुड़कर संघ से जुड़ गए, जिससे संघ की सदस्य संख्या 34,453 से बढ़कर 34,604 हो गई। यह वृद्धि ग्रामीण स्तर पर सहकारिता के प्रति बढ़ते विश्वास और सक्रिय भागीदारी का प्रतीक है। दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि यह अभियान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादकों को उचित मूल्य, तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं निरंतर उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में इस अभियान का दायरा और बढ़ाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादक सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें। इस मौके पर उमेश पठालनी, संजय सिंह भाकुनी, सुभाष बाबू, गीता ओझा, कृपाल सिंह, राजेन्द्र दुम्का, शांति कोरंगा, मुन्नी आर्या, मोहन जोशी, कमलेश कुमार, रमेश मेहता, रमेश आर्या, विपिन तिवारी, हेमन्त पाल, मीना रौतेला सहित कई लोग मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रामनगर के टेडा गांव जंगल से बरामद हुआ लापता युवक का कंकाल

- डेढ़ साल पहले महाराष्ट्र से लापता हुआ था प्रशांत
- पेड़ पर लटके मिले जूते के फीते से आत्महत्या की आशंका



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर में रविवार देर शाम टेडा गांव जंगल के भीतर एक नर कंकाल बरामद हुआ। वन विभाग के फॉरेस्ट गार्ड की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हड्डियों के अवशेषों को कब्जे में ले लिया।पुलिस के अनुसार फॉरेस्ट गार्ड ने गश्त के दौरान जंगल में साल के पेड़ के नीचे कुछ हड्डियां और पास ही एक जबड़ा देखा।उसने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कोतवाल सुशील कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।मौके से पुलिस को एक क्षतिग्रस्त लैपटॉप और एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। मोबाइल की जांच में दो सिम कार्ड और एक मेमोरी चिप मिली, जिसमें कई फोटोग्राफ्स मौजूद थे। सिम में दर्ज नंबरों के आधार पर जब पुलिस ने संपर्क किया तो एक नंबर मृतक के परिजनों का निकला।

परिजनों से हुई बातचीत में मृतक की पहचान प्रशांत सिल्के उम्र 29 वर्ष पुत्र रामचंद्र निवासी अहिल्या नगर, थाना अकुले, महाराष्ट्र के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि प्रशांत करीब डेढ़ साल पहले घर से दिल्ली नौकरी की तलाश में गया था और वह पढ़ाई भी कर रहा था।लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला।इस मामले में परिजनों ने 31 जुलाई 2024 को थाना उद्योग विहार, जिला गुरुग्राम हरियाणा में प्रशांत की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तब से उसका मोबा. इल फोन बंद था और परिवार उसकी लगातार तलाश कर रहा था।

पुलिस ने बताया कि जिस स्थान पर कंकाल मिला, वहां पेड़ पर जूते के फीते बंधे हुए पाए गए, जिससे प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की होगी। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मृत्यु का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम और फॉरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।फिलहाल पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।परिजन सोमवार देर रात तक रामनगर पहुंचेंगे।जंगल में कंकाल मिलने की इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोग यह जानने को बेचैन हैं कि आखिर डेढ़ साल से लापता युवक जंगल तक कैसे पहुंचा और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई। यह अब जांच का विषय है।

## एक फार्मासिस्ट के भरोसे दो स्वास्थ्य केन्द्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** विकासखंड के अंतर्गत चलने वाले चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इन दिनों स्वास्थ्य उपचार सेवाओं का टोटा है। ग्राम सभा प्रतापपुर व चकरपुर में चलने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मात्र फार्मासिस्टों के सहारे चल रहे हैं। तमाम असुविधाओं के चलते ग्राम सभाओं में चलने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महज खानापूर्ति के नाम से संचालित हैं। ग्राम सभा दियूरी में चलने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक चिकित्सक, एक फार्मासिस्ट, एक वार्ड बॉय कार्यरत है। जबकि नगरा तराई ग्राम सभा में एक डाक्टर व एक वार्ड बॉय ही स्वास्थ्य सेवा का निर्वहन कर रहे हैं। इन अस्पतालों का संचालन भी उपजिला चिकित्सालय खटीमा के बजाय 27 किमी दूर सितारगंज अस्पताल से किया जाता है।

## एक नजर

## बाजपुर में धान खरीद का खोला जाए पोर्टल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** धान खरीद का पोर्टल खोले जाने, किसानों के मोटर ट्यूबवैल के बिल माफ किए जाने और बाजपुर चीनी मिल का पेराई सत्र जल्द प्रारम्भ किये जाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय किसानों ने विधायक प्रतिनिधि और पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख स. जोरावर सिंह भुल्लर की अगुवाई में डीएम नितिन भदौरिया को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।



**किसानों के मोटर ट्यूबवेल के बिल किए जाएं माफ**

इस मौके पर किसान कांग्रेस के नवदीप सिंह कंग, किसान नेता अजीत प्रताप सिंह रंधावा, पंकज सिंह गहलौत, रामपाल सिंह, शीतल सिंह, राजवीर चीमा, बलराज सिंह, राजेश, अंकुर, गोल्डी कंग, मुकन्दराम सिंह, प्रेम सिंह, अजीत सिंह, मौ. यामीन, दानिश, गुरमुख सिंह, जैनुल हसन, पलविन्दर देओल, वीर सिंह, कृष्णा कुमार, कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बेटे-बहू पर बुजुर्ग ने लगाया संपत्ति हड़पने और धमकी देने का आरोप

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** पारिवारिक विवाद के एक गंभीर मामले में 82 वर्षीय बुजुर्ग ने अपने ही बेटे, बहू और पौत्रें पर मारपीट, गाली-गलौच और संपत्ति हड़पने की कोशिश का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा शिकायत पर कोई कार्रवाई न होने के बाद बुजुर्ग ने न्यायालय की शरण ली, जिसके आदेश पर अब ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया।

रुद्रपुर के संजयनगर खेड़ा वार्ड नंबर 11 का है। प्रार्थी तारापद मंडल पुत्र धरमचंद मंडल ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वे 82 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति हैं और वर्तमान में अकेले रहते हैं। उनकी पत्नी का निधन करीब डेढ़ वर्ष पहले हो चुका है और वे वृद्धावस्था पेंशन से जीवन यापन कर रहे हैं। तारापद मंडल के अनुसार, उनका बेटा दलीप मंडल, बहू ज्योत्सना मंडल और पौत्र अभय मंडल व आदि मंडल उनसे अलग रहते हैं और उनकी कोई सेवा-सुश्रुषा नहीं करते। उन्होंने बताया कि बेटे और बहू की हरकतों से परेशान होकर उन्होंने उन्हें अप्रैल 2025 में अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था, जिसका प्रकाशन समाचार पत्र में भी कराया गया था। बुजुर्ग ने आरोप लगाया कि इसके बावजूद उनका बेटा और बहू बार-बार उनके मकान पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। 2 मई 2025 को आरो. पियों ने उनके घर की दीवार गिरा दी थी, जिसकी शिकायत ट्रांजिट कैंप थाने में की गई थी। बाद में दीवार दोबारा बनाई गई, लेकिन उत्पीड़न का सिलसिला नहीं रुका। उन्होंने बताया कि 1 अक्टूबर 2025 को आरोपी एक राय होकर घर में घुस आए, मारपीट की, घर का सामान तोड़फोड़ दिया और जेब में रखे करीब दो हजार रुपये भी छीन लिए। बुजुर्ग का कहना है कि वे अब भी भयभीत हैं और आरोपियों से उन्हें जान का खतरा बना हुआ है।

उन्होंने बताया कि इस घटना की शिकायत उन्होंने एक अक्टूबर और 23 अगस्त को ट्रांजिट कैंप थाने में दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने 25 अगस्त 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के कार्यालय में जाकर्री लखत शिकायत भी दर्ज कराई, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर उन्होंने प्रथम अपर सिविल जज (प्र.ख.)/न्यायिक मजिस्ट्रेट रुद्रपुर की अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल किया। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए। अदालत के आदेश पर अब पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डायनेस्टी को मिला हिंदी समूह गान में प्रथम व संस्कृत में द्वितीय स्थान

- विजेता प्रतिभागियों को ट्राफी व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित




शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल अकादमी छिनकी फॉर्म ने भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित प्रान्त स्तरीय हिन्दी समूहगान में प्रथम व संस्कृत समूहगान में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।

भारत विकास परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष छात्रों में अपने गौरवशाली अतीत एवं उन्नति सील वर्तमान से परिचय कराने के उद्देश्य से अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इससे पूर्व भी विद्यालय द्वारा उपरोक्त प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। वहीं विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर भारत विकास परिषद के समस्त पदाधिकारियों ने विद्यालय को शुभकामनाएं दी तथा विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विजेता प्रतिभागियों में विद्यालय के छात्र जतिन कठायत, हर्षित सिरोला, कपिल सामंत, आर्यन मनोला, विनय जोशी, प्रियांशी बिष्ट, संजना सिंह, साक्षी भट्ट, सुजल चंद व यथार्थ चंद शामिल रहे। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट ने विद्यार्थियों व संगीत प्रशिक्षक नरसिंह कुंवर, रेनू उपाध्याय व सीमा विश्वकर्मा को शुभकामनाएं दी तथा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, एक्टिविटी इंचार्ज सुरेश ओली, हरीश भट्ट, दिगम्बर भट्ट, अशोक जोशी, भरत बिष्ट, मनीष ठाकुर, सुरेंद्र रावत, शिल्पा सक्सेना, हेमलता बोरा, ऊषा चौसाली, लिंसी त्यागी व समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## अमित सरकार निर्विरोध बने भारतीय युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**शक्तिफार्म।** भारतीय युवा कांग्रेस के उत्तराखंड ऑनलाइन संगठनात्मक चुनाव में शक्तिफार्म के युवा कांग्रेसी कार्यकर्ता अमित सरकार को निर्विरोध शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन प्रस्तुत नहीं किया, जिसके चलते अमित सरकार को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया।

भारतीय युवा कांग्रेस ने इस वर्ष अपने संगठन के डिजिटल सशक्तिकरण के तहत ऑनलाइन पंजीकरण और मतदान प्रणाली लागू की थी। इसी क्रम में उत्तराखंड के विभिन्न ब्लॉकों में युवाओं को संगठन से जोड़ने हेतु चुनाव आयोजित किए गए। शक्तिफार्म क्षेत्र में अमित सरकार का चयन पार्टी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और स्थानीय स्तर पर उनके सक्रिय योगदान का परिणाम माना जा रहा है। चयन के बाद स्थानीय कांग्रेसजनों और युवा कार्यकर्ताओं ने अमित सरकार को फूलमालाएं पहनाकर बधाई दी।



अमित सरकार ने कहा कि उनका लक्ष्य युवा वर्ग को राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना और संगठन को हर स्तर पर मजबूत बनाना है। बधाई देने वालों में नवतेज पाल सिंह, उत्तम आचार्य, सरताज अहमद, सुमिंदर यादव, राहुल सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, विनय विश्वास, सुकुमार चक्रवर्ती,विष्णु तरफदार, श्रीकांत मिस्त्री,भगवान पांडे,नारायण सरकार,नैना वाइन, सागर मंडल, मन्नू कांत, किशोर आचार्य, गोविंद दास, छोटू मंडल, राकेश सरकार आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नौ लाभार्थियों को दिया मुर्गी पालन का प्रशिक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** बहु. प्रथम किसान सेवा सहकारी समिति लि. परिसर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में रीप परियोजना के अंतर्गत वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डा. कोमल सिंह फौगाट ने नौ लाभार्थियों को मुर्गी पालन करने के लिए प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में डॉ. फौगाट द्वारा लाभार्थियों को बाड़ा बनाने, उसकी ऊंचाई व लम्बाई और बाड़ा हमेशा पूर्व से पश्चिम को बनाना चाहिए जैसी छोटी-छोटी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

इस मौके पर लाभार्थी नाजरी नूर, सरवरी, सुहाना बेगम, फरजाना, मुस्कान, नूरजहाँ, रेशमा, मेहराज, अफसरी, शहनाज, दीपक श्रीवास्तव, जोगेन्द्र सिंह, परमजीत सिंह, समिति आंकिक फूलचन्द सैनी, लिपिक ललित कुमार, दीपांशु रावत, दान सिंह आदि उपस्थित रहे।

## दुग्ध समितियों को किया गया बोनस वितरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर उधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा समितियों में बोनस वितरण किया गया एवं गोष्ठियों का आयोजन भी किया गया। दुग्ध समिति बग्घा एक में 58 सदस्यों को शुद्ध लाभ 68035 रुपए, बोनस धनराशि 37895, प्रथम बोनस लीला खोलिया, द्वितीय बोनस हीरा खोलिया तथा तृतीय बोनस सरुली देवी, जादोपुर में 39 समितियों का शुद्ध लाभ 61209 रुपए, बोनस धनराशि 35039, प्रथम बोनस कुलवंत सिंह, द्वितीय बोनस बलवीर सिंह तथा तृतीय बोनस राम सिंह को वितरित किया गया। यहां प्रभा रावत, राजेश मेहता, योगेंद्र सिंह रावत, जसवीर सिंह चौहान, डा. सतीश कुमार दुबे, मनोहर सिंह क्वैराली, विमला भट्ट आदि थे।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नेतृपाल मौर्या का पार्टी पदाधिकारियों एवं ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं एवं नारों के साथ प्रदेश अध्यक्ष का उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान श्री मौर्या ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के उत्साह, स्नेह एवं समर्थन के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया तथा संगठन को और सशक्त एवं जनसेवी बनाने का संकल्प दो. हराया। कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने संगठन के विस्तार, सामाजिक समरसता एवं आगामी योजनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर, रोशन अरोरा, बीना साहू, ललित राठौर, मोर सिंह यादव, रवि रस्तोगी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्नेहपाल सिंह का निधन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक स्नेहपाल सिंह का सोमवार को निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। उनके निधन से आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। बत्रा कॉलोनी स्थित एकल अभियान के संभाग कार्यालय में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए और श्रद्धांजलि अर्पित की। सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर ने बताया कि स्नेहपाल सिंह पिछले 50 वर्षों से संघ के प्रचारक रहे। उन्होंने नेपाल, दिल्ली, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश सहित कई स्थानों पर विभिन्न जिम्मेदारियां निभाई। वर्तमान में वे एकल विद्यालय अभियान में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत थे।

## रोडवेज कर्मचारियों ने शुरू किया निगम बचाओ सत्याग्रह आंदोलन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ से जुड़े रोडवेज कर्मचारियों ने सरकार पर परिवहन निगम को समाप्त करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए निगम बचाओ सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन तीन चरणों में चलेगा।

पहले चरण में 1 से 8 नवंबर तक प्रदेशभर के रोडवेज कर्मचारी अपने क्षेत्रीय विधायकों को ज्ञापन सौंपेंगे। दूसरे चरण में 10 नवंबर को तीनों मंडलीय प्रबंधक कार्यालयों में सांकेतिक धरना दिया जाएगा। तीसरे चरण में 28 नवंबर को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय, टनकपुर में एक दिवसीय सांके. तिक धरना आयोजित किया जाएगा। क्षेत्रीय मंत्री कुमाऊं मंडल ललित मोहन पांडे ने बताया कि सरकार निजी बस ऑपरेटरों को जनता को लूटने की खुली छूट दे रही है और निगम को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने मांग की कि परिवहन निगम के बस बेड़े को मजबूत करने के लिए 600 नई बसों की व्यवस्था की जाए और हर साल कम से कम 200 बसों के लिए बजटीय प्रावधान हो। उन्होंने यह भी कहा कि संविदा, विशेष श्रेणी और बाह्य स्रोत से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किया जाए और डग्गामारी पर सख्त रोक लगाकर निगम को आर्थिक नुकसान से बचाया जाए। पांडे ने बताया कि अब तक कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश और लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। जल्द ही रुद्रपुर, गदरपुर और किच्छा सहित ऊधमसिंह नगर जिले के सभी विधायकों को भी ज्ञापन दिए जाएंगे।

## युवक की संदिग्ध मौत मामले में हत्या का केस दर्ज

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सम्पतपुर में हुई एक युवक की संदिग्ध मौत के मामले में आखिरकार न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। मृतक के भाई मदन पाल ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल कर आरोप लगाया था कि पुलिस उसकी तहरीर पर कार्रवाई नहीं कर रही थी। न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद अब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मदन पाल पुत्र कृपाल सिंह, निवासी ग्राम सम्पतपुर के अनुसार, तीन जून 2025 की शाम करीब तीन बजे गांव के ही तीन व्यक्ति राजा पुत्र कन्हैया शाह, गोपी पुत्र सियाराम और धर्मा सिंह सैनी पुत्र परशुराम उनके घर आए और उनके भाई अजय को घर से बुलाकर ले गए। देर शाम तक अजय घर नहीं लौटा तो परिवारजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। आरोपियों के घर जाने पर उन्होंने यह कहकर टाल दिया कि अजय थोड़ी देर हमारे साथ था, फिर वह कहीं चला गया। अगले दिन सुबह करीब साढ़े छह बजे गांव के एक युवक ने सूचना दी कि अजय गांव के पास झाड़ियों में बेहोशी की हालत में पड़ा है। जब परिवार वहां पहुँचा तो देखा कि अजय के सिर में गहरी चोट थी और काफी खून बह चुका था। परिजन उसे तुरंत सरकारी अस्पताल रुद्रपुर ले गए, जहां से उसे हालत गंभीर होने पर सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर किया गया। इलाज के दौरान अजय ने परिजनों को बताया कि राजा, गोपी और धर्मा सिंह ने उसे बुलाकर बुरी तरह पीटा और सिर पर वार किया। इलाज के दौरान 9 जून 2025 को अजय की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, उसके पास मौजूद मोबाइल फोन भी घटना के बाद से गायब है। भाई की मौत के बाद मदन पाल ने रुद्रपुर थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उन्होंने 25 जून को एसएसपी उधम सिंह नगर और थाना प्रभारी रुद्रपुर को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर मदन पाल ने न्याय की मांग को लेकर न्यायिक मजिस्ट्रेट रुद्रपुर की अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल किया। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना रुद्रपुर को मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिए, जिसके बाद पुलिस ने अब एफआईआर दर्ज की है।

## साहित्यकार राम रतन 'छंद भूषण श्री' से हुए अलंकृत

- 11वें अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह में स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र व 1100 रुपये किए गए भेंट



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के अध्यापक, साहित्यकार एवं कवि रामरतन यादव को 'छन्द भूषण श्री' सम्मान से अलंकृत किया गया।

रविवार को केबी हिंदी सेवा न्यास बिसौली बदायूं (उत्तर प्रदेश) द्वारा 11वां अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें देश व विदेश के ख्याति प्राप्त साहित्यकारों ने प्रतिभाग किया। जहां खटीमा के साहित्यकार राम रतन यादव को भी आमंत्रित किया गया था। इस भव्य आयोजन में साहित्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए साहित्यकार राम रतन यादव को स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र व 1100 रुपये भेंटकर मेजर सत्यनारायण अग्रवाल स्मृति -'छन्द भूषण श्री' सम्मान से अलंकृत किया गया। वहीं अलंकृत होने पर राम रतन यादव को राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय की अधीक्षिका अंजलि कपिल, तारा भट्ट, तारा राणा, नीलम गुप्ता, विजय कुमार, आरती धामी, पूजा राणा, आकाश, अनंत, रिंकू राना आदि ने बधाई दी। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डा. सतीश शर्मा 'सुधांशु', सचिव आशीष कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार शर्मा, इंद्रजीत शर्मा, डा. मिथिलेश दीक्षित, शांति कुमार स्याल, डा. सत्यप्रकाश मिश्र, अशोक खुराना, त्रिलोचन जोशी, रमेश पन्त, मीतबन्धु मीत, कविराज भट्ट, आनन्द कुमार दूबे आदि साहित्यकार उपस्थित रहे।

## गरीबी व परिस्थितियों के कारण जीवन का पल पल भारी पड़ता जा रहा था दर्शन राम के लिए

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** बाराकोट ब्लॉक अंतर्गत रेगडुं बांस गांव के दर्शन राम के लिए जिंदगी का एक एक पल भारी पड़ता जा रहा था। दर्शन के 26 वर्षिय बेटे की गत वर्ष जुलाई माह में जंगल में बकरी चराते हुए उपर से भू स्खलन होने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। उसे सरकार के आपदा मद से इसलिए कोई मुआवजा नहीं मिला की क्षेत्रीय पटवारी द्वारा जिला प्रशासन को भेजी गई रिपोर्ट में कहा गया था कि मृतक की मौत का कारण उसका मिर्गी का रोगी होना बताया गया। बेटे के खोने से आहत दर्शन राम का दु:ख उस पटवारी की रीपोर्ट ने इतना बड़ा दिया कि वह जीवन से ही निराश हो गया था। एक तरफ दुसरा बेटा 16 साल से लापता है और एक झोपड़ी में रहते हुए दर्शन अपनी दिव्यांग पत्नी के साथ दोनों मौत की इंतजारी में लगे हुए थे। दर्शन राम के शरीर को परिस्थितयों ने इतना झकझोर दिया था कि उसके लिए यह जीवन ही बेकार लगने लगा था




**जिलाधिकारी मनीष कुमार का भगवान के रूप में सहारा मिलने से उसकी आंखें छलछला आई**

निराश व हताश दर्शन को किसी व्यक्ति ने बताया कि आज कल चम्पावत में ऐसे जिलाधिकारी आए हैं जो गरीबों की सुन कर उनकी मदद भी कर रहे हैं। हर तरफ से निराश हुए दर्शन राम ने किसी से कर्ज लेकर वह जन मिलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार से मिला तथा उन्हें आप बिती बताई। दर्शन की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी की मानवीय संवेदनाएं उमड़ पड़ी। उन्होंने दर्शन को उसी वक्त रहने के लिए आवास की स्वीकृति, उसके बेटे की मौत के कारणों की दुबारा जांच कराने, उसकी आजिविका चलाने के लिए बकरियां देने तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता देने की संस्तुति कर दी। यही नहीं दर्शन राम को सम्मान जनक ढंग से उसे उसके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था देखकर दर्शन राम के आंसू छलछला आए। जिलाधिकारी की सहृदयता को देख कर वह कुछ समय के लिए अपना दु:ख दर्द भूल गया तथा उसकी आंखें आंसूओं से छलछला आई। वह कहने लगा कि जिलाधिकारी उसके लिए ऐसे भगवान निकले जिन्होंने उसके जीवन में खुशियां भर कर भविष्य की उम्मीद बड़ा दी। जन मिलन कार्यक्रम में सभी अधिकारी व फरियादी इस नजारे को टकटकी निगाहों से देखते आ रहे थे। यह नजारा उन्हें अतित की ओर ले जा रहा था जब सुदामा अपनी कई उम्मीदों को लेकर अपने सखा भगवान श्रीकृष्ण से मिलने गए थे। जिलाधिकारी ने दर्शन राम को अपने पास बैठा कर उसे जो सम्मान दिया उसे देखकर लोग कहने लगे कि भगवान की लीला अपरम्पार है। भगवान किसी भी रूप में मिल सकते हैं।

## भाजपा नेता ने किया श्मशान घाट का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** भाजपा नेता राजेश कुमार ने कहा जिला खनिज फाउंडेशन से डीएम नितिन भदौरिया द्वारा बाजपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम इटावा में श्मशान घाट के निर्माण कार्य के लिए 25 लाख 31 हजार की धनराशि स्वीकृत प्रदान की गई हैं।

भाजपा नेता राजेश कुमार ने बताया 25 लाख 31 हजार लागत से ग्राम इटावा में श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण, छत, पक्के चबूतरे और आवश्यक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा बरसात, आंधी-तूफान जैसी परिस्थितियों में संस्कार कार्यों में आने वाली बाधाओं से अब लोगों को मुक्ति मिलेगी और क्षेत्र वासी सम्मान पूर्वक एवं सुकून से दिवंगत आत्माओं का संस्कार कर सकेंगे। राजेश कुमार ने इस महत्वपूर्ण योजना की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सांसद अजय भट्ट का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह श्मशान घाट का निर्माण कार्य ग्राम केला बनवारी, गजरौला, गोबरा, बन्नाखेड़ा, राय सहित सिख समाज के लोगों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा। इस पहल से क्षेत्र में विकास की एक नई दिशा मिलेगी और यह सामाजिक संवे. दनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बनेगा।

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्नू जोशी, कौशल्यपुरी मंडल अध्यक्ष गुरमुख सिंह, वीरेंद्र बिष्ट, कुंदन, मुकुंद शुक्ला जानू , रेशम यादव, जगदीश सिंह, रमेश सिंह, बलदेव सिंह, महेंद्र सिंह, जगीर सिंह, बंटी सिंह, सलेन्द्र सिंह, हरदेव सिंह, चरणजीत सिंह, हरकेवल सिंह, बुड सिंह, जीत सिंह, गुरदेव सिंह, जरनेल सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।



## सम्बंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र शुभम गगनेजा एवं पुत्रवधू शालिनी के दुर्व्यवहारों से तंग आकर इनसे अपने तथा अपने अन्य परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर अपने पुत्र शुभम गगनेजा एवं पुत्रवधू शालिनी को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे किसी भी परिजन का मेरे पुत्र शुभम गगनेजा एवं पुत्रवधू शालिनी से कोई सम्बंध या वास्ता सरोकार नहीं है। जो भी व्यक्ति मेरे पुत्र शुभम गगनेजा एवं पुत्रवधू शालिनी से किसी भी प्रकार का कोई सम्बंध या वास्ता-सरोकार अथवा लेनदेन के व्यवहार रखेगा तो उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं या मेरा कोई भी परिजन इनके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं है।

**बरीत कुमार पुत्र श्री माला राम**
**निवासी-लक्ष्मी बिलास, निकट रेलवे क्रासिंग, थाना व तहसील, रुद्रपुर**
**जिला-ऊधमसिंह नगर**

## चरस के साथ एक आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मालधन चौड पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर ढेला नदी के पास रविवार की देर शाम मालधन चौड नंबर 7 निवासी सुरेंद्र सिंह को 104 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

मामले में कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि आरोपी मुख्य रूप से सोनीपत हरियाणा का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि पुलिस को इसकी लंबे समय से तलाश थी।लेकिन वह हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था।

उन्होंने बताया कि इस बार उक्त आरोपी को चरस के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

आरोपी सोनीपत में हत्या का आरोपी है और पिछले छह साल से अपने परिवार के साथ मालधन क्षेत्र में रहकर खेतीबाड़ी कर रहा था।

# 81 लाख से होगा सब्जी मण्डी का कायाकल्प: विकास शर्मा

- छोटे व्यापारियों को मिलेगा व्यवस्थित और सुव्यवस्थित बाजार
- महापौर ने योजना के क्रियान्वयन के लिए सब्जी मण्डी का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर की दशकों पुरानी सब्जी मण्डी के पुनरुद्धार की कवायद अब तेज हो गई है। 81 लाख रुपये की लागत से जल्द ही सब्जी मण्डी का कायाकल्प किया जाएगा। सोमवार को महापौर विकास शर्मा ने नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे और नगर निगम के अन्य अधिकारियों के साथ मण्डी का स्थलीय निरीक्षण किया और व्यापारियों से संवाद करते हुए उन्हें योजना की पूरी जानकारी साझा की।

निरीक्षण के दौरान महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम ने वर्षों पुरानी और दयनीय हालत में चल रही सब्जी मण्डी के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया था। वर्तमान में व्यापारियों को अव्यवस्थाओं के बीच काम करना पड़ता है, जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप छोटे व्यापारियों को बढ़ावा देने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में इस सोच को धरातल पर उतारा जा रहा है। महापौर ने बताया कि नगर निगम ने पहले ही वेंडिंग जोन स्थापित किया है और अब तीन और वेंडिंग जोन बनाए जाने हैं। इसी क्रम में सब्जी



मण्डी के लिए भी एक अलग, सुव्यवस्थित और सुंदर वेंडिंग जोन बनाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए लगभग 81 लाख रुपये का प्रोजेक्ट प्रस्तावित किया गया है, और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए बजट आवंटित कर दिया है। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि सब्जी मण्डी व्यवस्थित हो और यहां काम कर रहे व्यापारियों को हर तरह की दिक्कतों से छुटकारा मिले। महापौर ने योजना की तकनीकी बारीकियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में सब्जी मण्डी में 90 दुकानें कच्ची हैं अब नगर निगम पक्की दुकानें बनाएगा।

नए नक्शे के अनुसार सब्जी मण्डी में शेड का निर्माण किया जाएगा और मौजूदा दुकानों को ऊंचा करके व्यवस्थित किया जाएगा। मण्डी के बीच में डिवाइडर से पार्टिशन किया जाएगा और बीच-बीच में पानी के टैंक की व्यवस्था की जाएगी। निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए नाली का निर्माण भी किया जाएगा।

महापौर ने कहा कि सब्जी मण्डी के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू होने वाली है और डिजाइन तैयार हो चुका है। लगभग एक महीने में निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। निर्माण के दौरान सब्जी मण्डी को अस्थायी रूप से दूसरी जगह विस्थापित किया जाएगा, ताकि काम निरंतर चलता रहे। निरीक्षण के दौरान पार्षद चिराग कालरा, पारस चुघ, राजेन्द्र राठौर, मनोज छाबड़ा, राम प्रकाश, किशन लाल, राजकुमार, ओमप्रकाश, राज.ेश रंगीला, जमुना गुप्ता, सोमपाल, घनश्याम, सोहन लाल, महावीर, बाबू अहमद, गुरूवचन, राम बाबू,,नंद लाल, बनवारी, धर्मपाल, दिनेश बाबू, अली हसन आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### जनपद की बॉक्सर कर्णिका एवं निकिता ने ऑल इंडिया बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में प्राप्त किया स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** 25 वें उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती के अवसर पर 30 अक्टूबर से दो नवम्बर, 2025 तक नैनीताल में आयोजित आल इंडिया बॉक्सिग प्रतियोगिता में सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ की कर्निका कठायत एवं निकिता चंद ने टूर्नामेंट में जनपद के लिये स्वर्ण पदक अर्जित कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है।

कर्निका कठायत ने 48 किग्रा एवं निकिता चंद ने 60 किग्रा भारवर्ग में यह उपलब्धि हासिल की है। कर्णिका एवं निकिता नगर के मल्ल एकेडमी में बॉक्सिग कोच विजेन्द्र मल्ल से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। निकिता चंद अन्तर्राष्ट्रीय बॉक्सर रह चुकी है। जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर की 11 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें उत्तराखंड को प्रतियोगिता में 02 स्वर्ण एवं 03 कॉस्य पदक प्राप्त हुये। जिसमें से दोनों ही स्वर्ण पिथौरागढ़ के नाम रहे। बच्चों के स्वर्ण पदक जीतने पर जिला बॉक्सिग संघ, पिथौरागढ़ के अध्यक्ष कमल पुनेड़ा, सचिव अजय राठौर, कोषाध्यक्ष बहादुर सिंह बोहरा, कै. देवी चंद, भाष्कर भट्ट, जर्नादन सिंह वल्दिया, राजेन्द्र सिंह जेठी, प्रकाश जंग थापा, सुरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र भाटिया, संजय साही, मान सिंह, पुष्कर सिंह, चंचल सिंह, कमला बिष्ट, विनीता नेगी, निखिल महर, सुनीता मेहता, धमेन्द्र बोहरा, हेम उपाध्याय, जोगेन्दर बोहरा एवं महिमा विश्वकर्मा आदि जनपद के समस्त खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त कर बॉक्सरों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

### खेल मैदान देव सिंह फिल्ड में लगा सहकारिता मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** सहकारिता मेला -2025 ऐतिहासिक खेल मैदान देव सिंह फिल्ड में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में दर्जा मंत्री गणेश भंडारी का प्रवेश द्वार में विभागीय अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर तिलक लगाकर स्वागत किया। मंत्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व विभागीय अधिकारियों द्वारा मंच में मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार दर्जा मंत्री गणेश भंडारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर शाल ओढ़ाकर कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। दर्जा मंत्री गणेश भंडारी ने कहा कि सरकार आज सहका.रिता के क्षेत्र में रोजगार परक योजनाओं को बढ़ावा दे रही है साथ ही मेले के माध्यम से सभी विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं को व महिला समूहों का स्टाल, प्रदर्शनी लगा कर आम जनमानस को प्रदर्शित कर जागरूक करने का काम कर रही है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपिका चुफाल, जिला मंत्री रघुवीर सिंह बिष्ट, युवा मोर्चा अध्यक्ष हरीश रावत, छात्र संघ अध्यक्षी इन्द्र बथीयाल व छात्र संघ पदाधिकारि उपस्थित रहे।

## डायट लोहाघाट में तीन दिवसीय कौशलम् प्रशिक्षण का द्वितीय चक्र प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** एससीईआरटी उत्तराखंड और उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) लोहाघाट में कौशलम शिक्षकों के प्रशिक्षण का द्वितीय चक्र प्रारंभ हो गया।

सोमवार को पूर्व जिला पंचायत सदस्य पाटन पाटनी एवं प्रतिनिधि वर्तमान जिला पंचायत सदस्य सचिन जोशी और प्रभारी प्राचार्य दिनेश खेतवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सचिन जोशी ने वर्तमान परिस्थितियों में व्यावसायिक शिक्षा के महत्व एवं बच्चों में क्षेत्रीय उद्यम के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु शिक्षकों का आह्वान किया। उन्होंने डाइट द्वारा आयोजित किया जा रहे क्षमता विकास कार्यक्रमों पर



प्रसन्नता व्यक्त की एवं उनके प्रचार प्रसार एवं आधारभूत क्रियान्वयन में संपूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। प्रभारी प्राचार्य दिनेश खेतवाल ने कौशलम् कार्यक्रम को रिवर्स माइग्रेशन एवं उत्तराखंड के परिप्रेक्ष में ज्ञान को आजीविका से जोड़ने हेतु महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम समन्वयक डा. कमल गहतोड़ी ने बताया कि प्रशिक्षण के द्वितीय चक्र में कक्षा 9 के 97 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। जिसमें प्रथम बैच में 48 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। मास्टर ट्रेनर इंद्र लाल वर्मा, नेहा जोशी, विकास सिजवाली और बेला रानी द्वारा माइंडफुलनेस,कौशलम कार्यक्रम की अवधारणा, मैकगिल विश्वविद्यालय के शोध, 21वीं सदी के कौशल, ग्रिट, रचनात्मक चिंतन एवं समस्या की पहचान एवं समाधान के संबंध में विस्तृत सत्र संचालित किए।

उद्घाटन अवसर पर डायट प्रवक्ता डा. अनिल मिश्रा, डॉ अवनीश शर्मा, नवीन उपाध्याय, मनोज भाकुनी, डॉ लक्ष्मी शंकर यादव आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की समस्याएं

- लापरवाही पर अधिकारियों को फटकार
- अधिकांश शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान आम जनता की समस्याएँ सुनीं। जनसुनवाई में कुल 40 नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। जिलाधिकारी ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया, जबकि शेष पर संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई जनता के बीच विश्वास स्थापित करने और प्रशासन की जवाबदेही तय करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी





ढंग से किया जाए ताकि लोगों को त्वरित राहत मिल सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण, शिक्षा, जल निगम, जल संस्थान एवं चिकित्सा विभाग को मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 1905 पर दर्ज शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि 36 दिन से अधिक लंबित शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने वाले अधिकारियों पर कड़ी नारा.जगी व्यक्त की और कहा कि सभी उपजिलाधिकारी विभागवार लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करें, अन्यथा जवाबदेही तय की जाएगी।

इस अवसर पर एडीएम योगेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर मनजीत सिंह, डीडीओ रमा गोस्वामी, तहसीलदार विजय गोस्वामी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राज्य निर्माण आंदोलनकारी /सेनानी मंच ने पहाड़ का पानी, पहाड़ की जवानी, पहाड़ की परेशानी को लेकर प्रशासनिक अधिकारी सुनील कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। राज्य आंदोलनकारी मंच के संयोजक चंद्रशेखर जोशी की अगुवाई में प्रशासनिक अधिकारी सुशील कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री



को संबोधित ज्ञापन में बताया है कि 42 से ज्यादा आंदोलनकारी की शहादत, खटीमा- मंसूरी- मुजफ्फरनगर में अपनी इज्जत ,आबरू गंवाने और हजारों आंदोलनकारियों के दमन उत्पीड़न के बाद 9 नवंबर 2000 को अस्तित्व में आया।उत्तराखंड राज्य आज अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे करने जा रहा है और इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में रजत जयंती समारोह का आयोजिन कर रही है। वहीं राज्य के सामाजिक और राजनीतिक संगठन राज्य की दशा दिशा कैसा हो उत्तराखंड हमारा पर विमर्श कर रहे हैं। उन्होंने बताया है कि उत्तराखंड राज्य निर्माण के गठन के आंदोलन में छात्र ,नौजवान ,महिलाएं, पूर्व सैनिक ,व्यापारी ,कर्मचारी हर वर्ग, धर्म, जाति समुदाय से जुडे लोगों ने इस उम्मीद से भागीदारी कि राज्य गठन के बाद राज्य की सत्तारूढ सरकारें पहाड़ का पानी ,पहाड़ की जवानी ,पहाड़ की परेशानी का समाधान करने में सफल होगी। आज जब हम राज्य स्थापना दिवस की 25 वर्षगांठ पर मंथन करते है कि हमारी सरकारें इस उद्देश्य में कहां तक सफल हो पायी।।दुख के साथ कहना है कि राज्य की अवधारणा से जुड़े सवाल आज भी हल नहीं हो पाए हैं। इस दौरान चंद्रशेखर जोशी, प्रभात ध्यानी, पुष्कर दुर्गापाल, इंद्र सिंह मनराल,शेर सिंह लटवाल, योगेश सती,आसिफ आदि मौजूद रहे।

## अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा (कुमाऊं मंडल) एसपी सेमवाल ने अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के पठन-पाठन के साथ कंप्यूटर लैब, विज्ञान लैब, पुस्तकालय और कक्षा कक्ष में छात्रों के बैठने की व्यवस्था की जांच की।

सोमवार को निरीक्षण के दौरान अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा सेमवाल ने सोमवार को विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति के साथ-साथ अन्य गतिविधियों पर संतोष व्यक्त करते हुए आगामी सीबीएसई परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडेय और शिक्षकों को निर्देश दिए। उन्होंने सीबीएसई के अनुसार छात्रों को परीक्षा के लिए तैयार करने और समय पर पाठ्यक्रम पूरा करने के साथ-साथ अच्छे परीक्षाफल के लिए समय प्री बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने जीजीआईसी फाजलपुर महरौला का निरीक्षण कर प्रधानाचार्या से जानकारी ली। विद्यालय में वर्तमान में 1013 छात्राएं अध्ययनरत हैं।

अपर निदेशक ने बताया कि विद्यालय में शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति की जाएगी ताकि शिक्षण कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। निरीक्षण के बाद एडी सेमवाल ने मुख्य शिक्षा अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विद्यालयों में संचालित शैक्षिक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने स्तर से निरीक्षण कार्य नियमित रूप से करें और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें।

## केजेएम स्कूल में कमला नेहरू पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन

- पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना ने किया शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र, छात्राओं को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** शिक्षा क्षेत्र में काम कर रहे विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था मजबूत होने से छात्र व छात्राओ का भविष्य मजबूत होता है जो उच्च शिक्षा प्राप्त कर परिवार व विद्यालय के साथ ही समाज का नाम रोशन करते हैं। यह बात नगर में स्थित केजेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं खीमा जोशी मेमोरियल इंटर कॉलेज नानकमत्ता के प्रांगण में आयोजित कमला नेहरू पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रहे अनुसूचित जनजाति के प्रदेश



अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना ने मंच से संबोधित करते हुए अपने संबोधन में कहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया, इस अवसर पर छात्राओ द्वारा मंच से स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

सोमवार को केजेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं खीमा जोशी मेमोरियल इंटर कॉलेज नानकमत्ता में आयोजित कमला नेहरू पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में प्रदेश में उत्तराखंड बोर्ड की टॉप 25 सूची में अपना स्थान बनाने वाले हाईस्कूल में गरिमा जोशी, नेहा जोशी , सचिन आर्य ,रोहित जोशी, कल्पना जोशी , लक्ष्यदीप सिंह , कशिश गोस्वामी, दीपिका वर्मा, भावना जोशी, महक डे को चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के उदयीमान खेल योजना में चयनित मोनू अटवाल, कमलजीत कौर , नीरज जोशी को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मंच का संचालन कर रहे विद्यालय के एचडी कैलाश चंद जोशी ने अपने संबोधन में बताया कि सरकार के द्वारा प्रति वर्ष स्नातक विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त करने के लिए अस्सी हजार रुपये की धनराशि को प्रदान किया जाता है। यहा विधालय प्रबंधिका चंद्रा जोशी अनुसूचित जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना , ओम नारायण राना, सभासद नकुल भट्ट, पूर्व सैनिक धर्म सिंह बिष्ट, विधालय के एमडी कैलाश चन्द्र जोशी, प्रधानाचार्य दलजीत सिंह, प्रधानाचार्य महेश जोशी,उप प्रधानाचार्य पीयूष गुप्ता ,सहित आदि मौजूद रहे ।

## जन सम्मेलन की सफलता को किया जनसंपर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर 9 नवंबर को समाजवादी लोक मंच द्वारा आयोजित जन सम्मेलन को सफल बनाने के लिए मंच का जन संपर्क अभियान लगातार जारी है।कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए मंच ने पर्चा पोस्टर जारी कर ग्राम पूछड़ी, मालधन व बासीटीला में बैठकों का आयोजन कर क्षेत्र की जनता से 9 नवंबर को दिन में 11:00 बजे फायदे वाली रामलीला रामनगर में पहुंचने का आह्वान किया।

ग्राम बासीटीला में सभा को संबोधित करते हुए ललिता रावत ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के साथ भेदभाव और अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है जातिवादी उत्पीड़न चरम पर है। भाजपा सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए लव जेहाद, लैंड जेहाद का झूठ





गढ़कर, नफरत की राजनीति को आगे बढ़ा रही है।उन्होंने कहा कि सरकार चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की जगह गांव-गांव में शराब की दुक.ानें खोलकर समाज को नशे में डुबो रही है। उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों, आगनवाड़ी भोजनमाता आशा व गेस्ट टीचर आदि को नियमित नौकरी की बात तो दूर उन्हें न तो न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है और न ही उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गयीं है।मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले हो रहे हैं। जहां जनता एक तरफ तबाही बरबादी से कराह रही है वहीं दूसरी तरफ भाजपा सरकार के मुखिया पुष्कर सिंह धामी सब ठीक का झूठा गुणगान कर रहे हैं। वे जनता से वसूले गये टैक्स का एक हजार करोड़ रुपयों से भी अधिक विज्ञापनों पर खर्च करके, बेशर्मी के साथ स्वयं ही अपनी पीठ ठोंक रहे है। राज्य गठन की सिल्वर जुबली मनाकर सरकार जनता के जख्मों पर नमक छिड़क रही है।गिरीश चंद्र ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के सपने और जनता के अरमान आज भी अधूरे हैं। जिन्हें पूरा करने की जिम्मेदारी इतिहास ने हमारे और आपके कंधों पर दी है। इसी पर चर्चा करने के लिए राज्य स्थापना दिवस पर इस जन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जन कवि बल्ली सिंह चीमा, गांधीवादी नेता इस्लाम हुसैन, तरुण जोशी, माया रावत, रमेश जोशी, जसवीर सिंह, रेखा जोशी, दुर्गा देवी, साहिस्ता, धना देवी, ममता, विनीता, देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## शक्तिफार्म की पांच बालिकाएं राज्य कबड्डी टीम में चयनित

- करेंगी राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** नगर की पांच बालिकाओं ने अपनी मेहनत और खेल प्रतिभा के दम पर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा दिया है। शक्तिफार्म की प्रिंसी आर्या, खुशबू आर्या, नंदिनी राय, तृष्णा किरतुनिया और किरन विश्वास का चयन उत्तराखंड राज्य की कबड्डी टीम में हुआ है। ये सभी बालि.काएं अगले माह आयोजित होने वाली राष्ट्र स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में राज्य की ओर से प्रतिभाग करेंगी।

हाल ही में कपकोट (टिहरी गढ़वाल) में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में इन बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। जीजीआईसी शक्तिफार्म की छात्राएं प्रिंसी आर्या, खुशबू आर्या, नंदिनी राय, तृष्णा किरतुनिया तथा जीआईसी गुरुग्राम की छात्रा किरन विश्वास ने अपने शानदार खेल से निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया।

प्रशिक्षक विशाल आर्या ने बताया कि प्रिंसी आर्या का



चयन अंडर-19 टीम, खुशबू आर्या और किरन विश्वास का अंडर-17 टीम, जबकि नंदिनी राय और तृष्णा किरतु.निया का चयन अंडर-14 टीम के लिए किया गया है। ये सभी खिलाड़ी आगामी महीने हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। बालिकाओं की इस उपलब्धि पर नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि इन बालिकाओं ने अपनी लगन, अनुशासन और मेहनत से न सिर्फ अपने विद्यालयों का बल्कि पूरे शक्तिफार्म क्षेत्र का नाम ऊंचा किया है। ये हमारे समाज की बेटियों के लिए प्रेरणा हैं।

## ओपन टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** महेंद्र निर्मल टेबल टेनिस क्लब द्वारा रामनगर ओपन टेबल टेनिस-2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि साकेत बड़ौला निदेशक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर द्वारा एकल एवं युगल के विजेताओं एवं उपविजेताओ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डा. साकेत बड़ौला स्वयं टेबल टेनिस के अच्छे खिलाड़ी हैं और उनके द्वारा भी एकल एवं युगल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में एकल विजेता राजीव कुमार एवं उप विजेता पंकज कुमार शर्मा रहे।राजीव कुमार ने पंकज कुमार शर्मा को 11-7, 11-6, 11-6 से हराकर एकल ट्रॉफी प्राप्त की।



युगल प्रतियोगिता में राजीव कुमार एवं शुभम पपनै की जोड़ी ने डा. साकेत बड़ौला एवं हिमांशु तिवारी की जोड़ी को 11- 8, 11- 7, 6-11, 11- 6 से हराकर युगल का खिताब प्राप्त किया प्रतियोगिता में रामनगर के सभी नए पुराने खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया।

इस दौरान सलिल गुप्ता, विशाल अग्रवाल, दीप गर्ग, विमल मल्होत्रा, कृपाल बिष्ट, आनंद बिष्ट, पुलकित शर्मा, हेमंत शाह, मनीष कुमार, गिरीश पांडे, विक्रांत, लोकेश अधिकारी, राहुल, राजीव कुमार आदि रहे। इस अवसर पर पंकज कुमार शर्मा ने क्लब में खेलने के इच्छुक खिलाड़ियों को निशुल्क खेलने का प्रस्ताव रखा। जिससे खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार सके। प्रदेश एवं देश में विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर मेडल प्राप्त करके प्रदेश एवं देश का नाम ऊंचा कर सके।

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने योगासन में जीते तीन पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा विभाग की छात्राओं ने योगासन प्रतियोगिता में तीन पदक जीते है।

भारतीय खेल प्राधिकरण एवं खेलो इंडिया पहल के अंतर्गत,महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए यह आयोजित हुई। उत्तराखण्ड योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा अस्मिता योगासन सिटी लीग 30 अक्टूबर को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर जिला उधम सिंह नगर में आयोजित हुई। इसमें महाविद्यालय के योग विभाग की छात्रा रेनू राणा ने पीठ के बल एवं सीधे लेटकर किये जाने वाले आसन प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक एवं पारम्परिक प्रतियोगिता में कांस्य पदक और सोनी बिष्ट ने पारम्परिक प्रतियोगिता में रजत पदक और पीठ के बल एवं सीधे लेटकर किए जाने वाली प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रही। एक बार फिर से योग विभाग रामनगर महाविद्यालयष्हमारी पहचान हमसे नहीं योग सेष् है इस उद्देश्य को साबित किया है।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे. एम. सी. पाण्डे ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित ही महाविद्यालय के योग विभाग द्वारा चलाए जा रहे कई योग अभियान और उपलब्धियाँ प्रमाणित करती हैं। डॉ. एस.एस. मौर्य,डॉ. सुमन कुमार,डॉ. मूलचन्द्र शुक्ल, डॉ. योगेशचन्द्र एवं डॉ. मुरलीधर कापडी सहित योग विभाग एवं महाविद्यालय परिवार ने बधाइयां दी।

# सरकार के शपथ पत्र पर जवाब पेश करें याची

## उत्तराखण्ड हाईकोर्ट में रैगिंग रोकने की याचिका पर सुनवाई अब 17 को

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों समेत व्यवसायिक व मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग को रोकने के दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु 17 नबंबर यानी सोमवार की तिथि नियत की है, तब तक मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने याचिकाकर्ता से सरकार व केंद्र के द्वारा पेश किए गए शपथपत्र में अपना जवाब पेश करने को कहा है। बता दें कि सोमवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि जब सारे कानून बने हुए हैं लेकिन उनका अनुपालन नहीं हो पा रहा है। वर्ष 2025 में ही भीमताल के एक प्रतिष्ठित कालेज में रैगिंग का मामला सामने आया। एक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर देश में 2025 में 51 रैंगिग के सामने आए जिसमे से 20 छात्रों ने सुसाइड किया। सरकार का कानून इनको रोकने में असफल हो रहा है। जिसपर कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा है कि जो रिपोर्ट पेश की गई है उसपर अपना प्रति उत्तर न्यायलय में पेश करें।

मामले के अनुसार कोर्ट ने मेडिकल कालेज हल्द्वानी के 27 छात्रों के साथ रैगिंग किए जाने के खिलाफ दायर सचिदानन्द डबराल की जनहित याचिका पर सुनवाई की। जिसमें कहा है कि हल्द्वानी के राजकीय मेडिकल कालेज में 27 छात्रों का सिर मुड़वाकर कर उनके साथ रैगिंग की गई। उनके पीछे बाकायदा एक सुरक्षा गार्ड भी चल रहा है। हालांकि कॉलेज प्रबंधन का कहना था कि उनके पास रैगिंग की कोई शिकायत नहीं आयी। सुनवाई के दौरान याचिकर्ता के वकील द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि वायरल वीडियो में 27 छात्र एक लाइन में खड़े शर मुंडवाए हुए हैं और सभी के हाथ पीछे की ओर है एक गार्ड उनके पीछे तालिबानी स्टायल में खड़ा हुआ है। कहीं छात्र भाग न जाएं। रैगिंग करना सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के विरुद्ध है।

### जांच अधिकारी पर दस हजार का जुर्माना

नैनीताल के यौन शोषण के आरोपी मो. उस्मान की जमानत पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सोमवार को जांच अधिकारी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। बता दें सोमवार को न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की पीठ में इस मामले पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से सोमवार को कुछ और दस्तावेज पेश करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। आवेदक की ओर से इसका विरोध करते हुए कहा गया कि सरकार इस मामले को लटका रही है। कहा कि सरकार ने 19 जुलाई को आपत्ति के साथ ही अलावा 16 सितंबर को एफएसएल रिपोर्ट के साथ जवाबी हलफनामा दायर किया है। हम लगातार जमानत के लिए प्रार्थना कर रहे हैं और राज्य सरकार दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय ले रही है। अंत में कोर्ट ने सरकार को अंतिम अवसर देते हुए 13 नवम्बर यानी वीरवार की तिथि तय कर दी और जांच अधिकारी पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया है। मामले की अगली सुनवाई अब 13 नवंबर को होगी।

### रिपोर्ट पेश न करने पर हाई कोर्ट नाराज़

उत्तराखंड हाइकोर्ट ने फायर सीजन में प्रदेश के जंगलों में लगने वाली आग पर स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका सहित कई अन्य जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने हाईकोर्ट के पूर्व के आदेशों के अनुपालन से संबन्धी रिपोर्ट सोमवार को भी पेश न करने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए मंगलवार आज रिपोर्ट पेश करने को कहा है। याचिका की सुनवाई मंगलवार यानी आज भी जारी रहेगी। कोर्ट ने कहा कि जंगलों की आग से पर्यावरणीय क्षति, जंगलों में रहने वाले पशु तथा आम नागरिकों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। कोर्ट वर्ष 2017 से राज्य सरकार का मार्गशन करते हुए निर्देश दे रही है किन्तु अभी तक सरकार उन निर्देशों का अनुपालन नहीं कर रही है। कोर्ट ने कहा है कि कल तक राज्य सरकार कोर्ट को बताए कि पूर्व में दिये गए दिशा निर्देशों पर कितना अमल किया गया।

### आज रिपोर्ट पेश करे सिंचाई विभाग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गोमुख से उत्तरकाशी तक भागीरथी ईको सेंसटिव जोन में एनजीटी के निर्देशों के विपरीत अवैध होटल और रिसॉर्ट बनाने की अनुमति दिये जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने राज्य सहित सिचाई विभाग से मंगलवार यानी आज तक अपनी रिपोर्ट पेश करने को कहा है। बता दें सोमवार को हुई सुनवाई पर डीएम उत्तरकाशी सहित कई अन्य अधिकारी कोर्ट में व्यक्गित रूप से उपस्थित हुए। उनके द्वारा कोर्ट में पेश किए गए रिकार्ड से कोर्ट सन्तुष्ट नहीं हुई। जिस पर कोर्ट ने उनसे मंगलवार आज तक प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि अभी तक राज्य सरकार के द्वारा बाढ़ क्षेत्र के लिये बने एक्ट का अनिवार्य रूप से पालन नहीं किया गया जिसकी वजह से राज्य में हर साल बाढ़ आपदा के मामले सामने आ रहे हैं इसलिये अधिकारी अपने क्षेत्रों का तय समय के भीतर निरीक्षण करें ताकि कम जनधन की हानि हो। जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। पूर्व में कोर्ट ने एनजीटी के द्वारा दिये गए दिशा निर्देशों के क्रियान्वयन की रिपोर्ट सरकार से मांगी थी। याचिकाकर्ता के मुताबिक प्रकृति प्रेमियों को लुभाने के लिए नदी के किनारे व स्नोव्यू को देखने के लिए ग्लेशियर के आसपास सरकार के द्वारा कैम्प तथा होटल व रिसार्ट बनाने की अनुमति बिना सर्वे के दिये जा रहे हैं। अनुमति दिए जाने से पहले उस क्षेत्र का वैज्ञानिक तरीके से जांच कराई जाए।

## अंडर-14 बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शिक्षा विभाग नैनीताल के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालयी बैडमिंटन प्रतियोगिता अंडर-14 का शुभारंभ सोमवार को हल्द्वानी मिनी स्टेडियम में हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन सहायक निदेशक खेल राशिका सिद्दीकी एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने किया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता 3 से 5 नवंबर तक आयोजित की जा रही है, जिसमें 10 जनपदों व स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून की टीमों के लगभग 90 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। पहले दिन टीम चैंपियनशिप के रोमांचक मुकाबले खेले गए। बालक वर्ग-14 के फाइनल में नैनीताल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उधमसिंह नगर को हराकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। तीसरे स्थान के मुकाबले में पिथौरागढ़ ने रुद्रप्रयाग को पराजित किया। वहीं, बालिका वर्ग के फाइनल में अल्मोड़ा ने चमोली को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में पिथौरागढ़ ने उधमसिंह नगर को मात दी। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में हरगोविंद पाठक, प्रकाश चंद्र, नवीन जोशी, मनोज पांडेय, मो. आरिफ, सैयद रिजवी, रविंद्र धामी, हेमा नेगी, प्रेम गर्जोला, मानस साह, जीवन पवार, मनीष त्रिपाठी, अमित कांडपाल, महेश उपाध्याय, भुवन सूंठा, नमिता पाठक, जितेंद्र एरेडा, मंजू कांडपाल, बीना फुलेरा, दिनेश सिंह, सीमा कबडवाल, अंजू जोशी, दुष्यंत नेगी, हरीश उपाध्याय, ममता जोशी शामिल रहे।

## एक नजर

### दो लोगों ने गटका जहर, मौत

**हल्द्वानी।** अज्ञात कारणों के चलते दो दो अलग-अलग स्थानों में एक महिला व एक व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उन्हें सुशीला तिवारी लाया गया। जहां उपचार के दौरान बीती रात्रि दोनो ने दम तोड़ दिया। सोमवार को पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार हिम्मतपुर तल्ला मुखानी निवासी 65 वर्षीय महिला बीना ने करीब दो सप्ताह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा सुशीला अस्पताल लाया गया। जहां बीते रविवार को महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं दूसरी ओर काशीपुर के आहारपुरा, वार्ड-123 निवासी 47 वर्षीय बलवंत सिंह ने भी बीते 16 अक्टूबर को अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों द्वारा उन्हें उपचार के लिए काशीपुर के अस्पताल लाया गया। जिसक बाद 22 अक्टूबर को उन्हें सुशीला तिवारी रेफर रि दिया। 13 दिन बीत जाने के बाद बीते रविवार की रात बलवंत ने भी दम तोड़ दिया। सोमवार को पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

### निशुल्क नेत्र शिविर, 96 लोगों ने कराई जांच

**हल्द्वानी।** राजेन्द्र नगर वार्ड 12 में पार्षद प्रीति आर्या और युवा नेता हेमंत साहू के प्रयासों से एक निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 96 मरीजों की आंखों की जांच की गई और उन्हें उचित इलाज के साथ निशुल्क दवाइयाँ भी प्रदान की गईं। शिविर में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए 12 लोगों का चयन किया गया, जिनका ऑपरेशन रुद्रपुर स्थित प्रभु नेत्रालय में आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद प्रीति आर्या ने कहा कि इस तरह के शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी आंखों की नियमित जांच कराएं और स्वस्थ दृष्टि बनाए रखें। कार्यक्रम में हेमंत साहू, जीत सिंह, रामजी लाल गुप्ता, सचिन राठौर, काजल आर्या, ममता कश्यप सहित कई लोग मौजूद रहे।

### नेत्र शिविर का लाभ उठाया

**नैनीताल।** हल्दूचौड़ के ग्राम सभा दौलिया में माधवी फाउंडेशन के नेतृत्व में दो निशुल्क शिविरों का आयोजन किया गया। प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर और पशुपालन विभाग के सहयोग से नेत्र जांच शिविर और पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए। नेत्र शिविर में 60 ग्रामीणों ने निशुल्क जांच करवाई, जिनमें से 15 को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। ऑपरेशन मुफ्त में शिविर स्थल पर ही कराया जाएगा। पशु चिकित्सा शिविर में दवाइयां पंजीयन शुल्क पर वितरित की गईं और चारे के बीज मुफ्त में दिए गए। पशुपालकों ने दवाइयों और उपचार से अपने पशुओं की स्थिति में सुधार महसूस किया। माधवी फाउंडेशन के अध्यक्ष पीयूष जोशी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीणों को सस्ती और प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। ग्राम प्रधान राधा कैलाश भट्ट ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि अन्य प्रमुख हस्तियों में ग्राम प्रधान रुकमणी नेगी और पशुधन प्रसार अधिकारी अनिल कुमार सती शामिल थे।

### मंत्री के निर्देशों के बावजूद सड़क स्वीकृत नहीं

**नैनीताल।** जिले के दूरस्थ विकासखंड ओखलकांडा की ग्राम पंचायत गलनी आज भी बुनियादी सड़क सुविधा से वंचित है। वर्ष 2023 में राज्य मार्ग संख्या 64 के किमी 81 से गलनी-जामनी तक ढाई किलोमीटर मोटर मार्ग निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग अस्थाई खंड भवाली ने आगणन तैयार किया था। इसे मुख्य अभियंता हल्द्वानी नैनीताल ने सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड को स्वीकृति के लिए भेजा। ग्रामीणों ने विधायक, सांसद और कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज तक सड़क स्वीकृति के लिए गुहार लगाई, जिसके बाद मंत्री ने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बावजूद सड़क निर्माण आज तक शुरू नहीं हो सका। उत्तराखंड सीएम हेल्पलाइन 1905 के माध्यम से भी आठ बार सड़क स्वीकृति के लिए आवेदन किया गया, लेकिन मामला एल-3 स्तर पर बंद कर दिया गया। गलनी-जामनी मार्ग न बनने के कारण किसान अपनी उपज बाजार तक समय पर नहीं पहुँचा पा रहे हैं, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके अलावा, गलनी-चमोली-टीमर-बड़ौन सहित दर्जनों गांवों के लोगों को अब 30-40 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।

### शिव मंदिर परिसर में किया पौधरोपण

**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 476वें दिन भी जारी रहा। बता दें गुरुरानी ने पौधारोपण अभियान के 476वें दिन पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया।

### गैलेक्सी क्लब पहुंचा सेमीफाइनल में

**नैनीताल।** नगर पालिका मनोरंजन क्लब की ओर से आयोजित प्रथम कुमाऊं कप फुटबॉल प्रतियोगिता का सोमवार को दूसरा क्वाटर फाइनल मुकाबला खेला गया। बता दें अयारपाटा फुटबाल क्लब व गैलेक्सी फुटबाल कलब के मध्य खेले गए मुकाबले में गैलेक्सी क्लब ने 6-1 अंकों से मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ताल चैनल की निदेशक ईशा साह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बृजेश बिष्ट तथा देवेंद्र बोरा रेफरी रहे। इस मौके पर सभासद गजाला कमाल समेत मोहन चिलवाल तथा मोहित साह व बिलाल अली आदि मौजूद रहे।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय का 20वां दीक्षांत समारोह आज, तैयारियां पूरी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल का 20वाँ दीक्षांत समारोह मंगलवार आज डीएसबी परिसर के एएन सिंह प्रेक्षागृह में आयोजित किया जाएगा जिसकी सभी तैयारियां विवि प्रशासन ने पूरी कर ली हैं। इस विशेष मौके पर सभी आमंत्रित अतिथियों समेत पदक प्राप्तकर्ताओं तथा संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों से कुविवि के जनसंपर्क अधिकारी डा. रितेश साह ने विशेष गुजारिश की है कि वह हर हाल में मंगलवार आज सुबह 9 बजे तक अपने निर्धारित स्थानों पर विराजमान हो जाएं। कहा कि दीक्षांत समारोह में प्रवेश केवल एटीएम गेट तथा तल्लीताल गेट से ही दिया जाएगा। कहा कि एएन सिंह गेट से प्रवेश पूर्णत: निषिद्ध रहेगा। दीक्षांत समारोह के सुचारू संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी आमंत्रित महानुभावों से उन्होंने अनुरोध किया है कि वे अपने साथ कोई वैध पहचान पत्र (आईडी प्रूफ) अवश्य रखें तथा निर्धारित सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। इसके अलावा बिना विशेष निर्गत प्रवेश पत्र अथवा आमंत्रण पत्र व वैध पहचान पत्र के प्रवेश की अनुमति प्रशासन द्वारा नहीं दी जाएगी। अत: सभी प्रतिभागी एवं आमंत्रित अतिथि कृपया अपना वैध पहचान पत्र साथ अवश्य रखें।

## एएन सिंह हॉल में फुल ड्रेस रिहर्सल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** 20वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सोमवार को डीएसबी परिसर के एएन सिंह प्रेक्षागृह में फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। इस दौरान सभी प्राध्यापकों समेत पदकधारकों और उपाधिधारकों ने पूर्ण वेशभूषा में पूर्वाभयास किया, जिसके बाद सुरक्षा दृष्टि से परिसर को छावनी में तबदील कर दिया गया है। बता दें आज यानि मंगलवार को होने जा रहे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को देखते हुए परिसर को सुरक्षा दृष्टि से छावनी में तबदील कर दिया गया है। सोमवार सुबह से ही परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। समारोह स्थल पर मंच की साज सज्जा के साथ प्राध्यापकों की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रपति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पदक वितरण की प्रस्तुति का भी अभ्यास किया।

# बागजाला में बेमियादी धरना जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला के नेतृत्व में



बागजाला के ग्रामीणों का मालिकाना अधिकार लेने, बागजाला को राजस्व गांव बनाने, पंचायत चुनावों में मताधिकार पुन बहाल करने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, जल जीवन मिशन योजना से टूटी सड़कों का निर्माण करने, जल जीवन मिशन कार्य को पूरा कर हर घर नल, हर घर जल देने का कार्य शुरू करने, गोवंश संरक्षण अधिनियम के चलते आवारा सरकारी गोवंश से पशुपालकों, किसानों, राहगीरों को हो रहे जानमाल के नुकसान से निजात दिलाने जैसे तमाम मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 78वें दिन सोमवार को भी जारी रहा। इस दौरान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी, पार्वती देवी, मोहम्मद परवेज, दिनेश चंद्र, भोला सिंह, चंदन सिंह मटियाली, हर गिरी, भगवती देवी, वेद प्रकाश, डा. उर्मिला रेसवाल, लीला देवी, प्रेम सिंह नयाल, असलम, हेमा देवी, हेमलता, हीरा देवी, सुनीता देवी, मीना भट्ट, लीला देवी, हेमा आर्य, पुष्पा देवी, दीवान सिंह बर्गली, रेखा रानी, पुष्पा देवी, तुलसी देवी, मुन्नी देवी, हेमा देवी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# जल स्रोत में किया सुधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तल्ला नाई सिला में जनमैत्री संगठन द्वारा जल स्रोत सुधार एवं जल कुंड निर्माण कार्य संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जनमैत्री संगठन के संयोजक बची सिंह बिष्ट ने कहा हम गंगा के मायके के लोग हैं और आज गंगा का मायका उजड़ रहा है। इसलिए सभी गंगा पुत्रों को मिलकर जल सेवा करनी होगी। सरकार अपने कर्तव्यों से विमुख है और समाज को अब खुद जागरूक होना होगा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों पर चिंता जताई और जल स्रोतों के संरक्षण का आहवान किया। ग्राम प्रधान कैप्टन प्रताप सिंह नगरकोटी ने कहा कि ग्राम पंचायत की बैठकों में जल स्रोतों के संरक्षण को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि पारंपरिक जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सके। वहीं, यूकेडी जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि उत्तराखंड का जल, जंगल और जमीन हमारे जीवन का आधार हैं। सरकार इन्हें पूंजीपतियों के हवाले कर रही है, इसलिए हमें रचनात्मक कार्यों से इन्हें बचाना होगा। कवि नरेंद्र बंगारी ने इस पहल को सेवा से अधिक साधना बताया। इस सामूहिक श्रमदान में ग्राम प्रधान कैप्टन प्रताप सिंह नगरकोटी, यूकेडी जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, कवि नरेंद्र बंगारी, पूरन बिष्ट, प्रदीप कोठारी, भुवन बिष्ट, जीवन पंत, राजेंद्र जोशी, जीवन पंत, प्रमोद जोशी व शिव मंदिर के पुजारी चौहान बाबा सहित कुल 26 लोगों ने सहभागिता की।

# शिप्रा नदी के तट पर स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड राज्य की 25वीं वर्षगांठ रजत जयंती के उपलक्ष्य में शिप्रा नदी उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को जनपद नैनीताल में शिप्रा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में वृहद् स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान सारा नैनीताल एवं नगर पालिका परिषद भवाली के सौजन्य से जिला प्रशासन नैनीताल द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि सारा स्प्रिंग एण्ड रिवर रिज्युविनेशन अथॉरिटी के अंतर्गत शिप्रा नदी को एक जनपद एक नदी योजना के अंतर्गत भी अंगीकृत किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल अनामिका सिंह तथा जिला विकास अधिकारी नैनीताल गोपाल गिरि गोस्वामी के दिशा निर्देशन में यह अभियान ग्यारह सेकटरों में विभाजित कर संपन्न कराया गया। प्रात: 9 से अपरान्ह 2 बजे तक शिप्रा नदी पर चिह्नित स्थानों जैसे घोड़ाखाल रोड़, भवाली मुख्य बाजार, रामगढ़ रोड़ तथा श्यामखेत चाय बागान, शमशान घाट तथा रानीखेत रोड, भवाली कैंची धाम, निगलाट, रातीघाट व रामगाढ़ आदि स्थानों पर विशेष सफाई अभियान संचालित किए गए। इस अभियान में नगर पालिका तथा ग्राम पंचायतों व स्वजल, जल निगम, समाज कल्याण, शिक्षा, कृषि, उद्यान, पशुपालन, पर्यटन, जल संस्थान, लघु सिंचाई, ग्रामीण निर्माण तथा पूर्ति विभाग सहित अनेक विभागों की सक्रिय सहभागिता रही। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, महिला मंगल दलों, स्वयं सहायता समूहों व आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



# पेंशनरों के लिए जागरूकता शिविर



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगरपालिका परिषद नैनीताल के सभागार में सोमवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष के अवसर पर पेंशनरों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तथा आयकर नियमों का सरलीकरण व एसबीआई नैनीताल के सहयोग से साइबर सुरक्षा तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी आदि के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान सीटीओ नैनीताल कमलेश भंडारी समेत टीओ नैनीताल अपूर्व देवल के साथ ही एटीओ नैनीताल रितेश मेहरा समेत एटीओ रणजीत सिंह नेगी तथा एटीओ नंदन सिंह भाकुनी के साथ ही अकाउंटेंट पूजा कन्याल व मयूर कुमार व पूजा पडलिया तथा हिमांशु अधिकारी तथा रितिका आदि मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिए नारायणी सेना ने एक सराहनीय सामाजिक पहल की। संगठन के कार्यकर्ताओं ने आंवला चौकी और बरेली रोड क्षेत्र में ठंड से ठिठुरते निर्धन और मजदूर वर्ग के लोगों को गर्म कपड़े वितरित किए। इस अभियान के तहत लगभग तीन हजार लोगों को गर्म कपड़े देकर उन्हें सर्दी से बचाव का सहारा प्रदान किया गया। नारायणी सेना के अध्यक्ष रुद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना संगठन का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ठंड में कोई भी व्यक्ति बिना कपड़ों के न रहे, यही हमारी कोशिश है। हर वर्ष हम इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं ताकि



समाज में सहयोग और मानवता का संदेश फैल सके। कार्यकर्ताओं ने ठंड की रातों में सड़क किनारे, झुग्गियों और मजदूर बस्तियों में जाकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को स्वेटर, जैकेट, कंबल और ऊनी वस्त्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रम शहर के अन्य क्षेत्रों में जारी रहेंगे। उपाध्यक्ष युवराज संधू ने कहा हम चाहते हैं कि कोई भी व्यक्ति मौसम की मार से पीड़ित न हो। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे अपने घरों में रखे अनुपयोगी गर्म कपड़े जरूरतमंदों को दान करें। इस दौरान उपसचिव अनिकेत चौहान, कोषाध्यक्ष शिव हरियाल, गौरव सिंह, रेखा जाटव सहित मौजूद रहे।

# सुलह अधिनियम पर डाली रौशनी



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अधिवक्ता परिषद हाईकोर्ट इकाई तथा स्वाध्याय मंडल द्वारा एक अंदरूनी मध्यस्थता और सुलह अधिनियम-1916 पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अधिवक्ता सिद्धार्थ साह थे, जिन्होंने मध्यस्थता और सुलह अधिनियम के बारे में विस्तार से सभी लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम का युवा अधिवक्ताओं ने विशेष रूप से लाभ लिया। कार्यक्रम के दौरान युवा अधिवक्ताओं ने मुख्य वक्ता से बहुत कई प्रश्न भी किए जिन प्रश्नों का मुख्य वक्ता ने बहुत सटीक जवाब दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वाध्याय मंडल के महावीर कोहली समेत कौशल साह जगाती, ओमकार, अविदित नोलियाल और अजीत यादव शामिल थे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जानकी सूर्या समेत हाईकोर्ट इकाई के अध्यक्ष लोकेंद्र डोबाल, युवा अधिवकता मानसी चौहान, हर्षित शाह, राज्यवर्धन चौधरी, हर्षवर्धन भट्ट, सौमया, सिद्धांत सेन, अनुप्रिया कुशवाहा, विशाल विक्रम सिंह, दीपक भारद्वाज, एन सिंह पुंडीर, भाष्कर चंद्र जोशी आदि मौजूद थे।

# हाईटेंशन वायर बदलने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तल्ली हल्द्वानी क्षेत्र के लोगों ने सोमवार को हाईटेंशन (11केवी) वायर के बदले इंसुलेटेड रबर वायर डालने की मांग को लेकर स्थानीय पार्षद मनोज जोशी के नेतृत्व में विद्युत विभाग दफ्तर पहुंचे और सहायक अभियंता सुधा जोशी को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को स्थानीय पार्षद मनोज जोशी की अगुवाई में दर्जनों ग्रामीण एकत्र हुए और विद्युत विभाग कार्यालय जा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सहायक अभियंता को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि विद्युत विभाग द्वारा मुख्य मार्गों पर जहां हाई टेंशन वायर (11केवी) लगाए गए हैं, वहां रबर वायर डाले जा रहे हैं, लेकिन वार्ड के अंदर कई घरों के ऊपर भी हाईटेंशन वायर मौजूद हैं। उन्होंने कहा जिन जिन स्थानों पर 11केवी वायर लगी है उन्हें निकाल कर उनके स्थान पर इन्सुलेटेड रबर वायर लगाई जाए



ताकि किसी प्रकार कोई दुर्घटना ना हो सके। पार्षद ने कहा कि जहां कहीं भी वायर नीचे लटकी हुई हैं, वहां पोल लगवाकर लाइन को ऊंचा किया जाए। पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि बिहारी कालोनी, केसवपुरम, शक्ति विहार, अम्बा विहार, डी-क्लश मल्ला, खन्ना फार्म, श्रीपुरम जैसी जगहों पर भी यही समस्या बनी हुई है। जिसके बाद विभागीय अधिकारियों ने पार्षद मनोज जोशी के साथ क्षेत्र का सर्वे किया। साथ ही सहायक अभियंता सुधा जोशी ने क्षेत्र की जनता को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में पार्षद मनोज जोशी, सीमा पाल, जानकी, राजमाला, संतोष पाल, सोनम, पूजा, लीलावती, सीमा यादव, अम्रता, चंद्रा मंडल, सुनीता, रानी, बचुली देवी, स्वीटी, नंद किशोर, जीवन सती सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कोषागार में जागरूकता शिविर

**बागेश्वर।** उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में कोषागार बागेश्वर द्वारा पेंशनर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पेंशनरों को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के महत्व और प्रक्रिया से अवगत कराना गया। कोषाधिकारी आकाश रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ, पेंशनरों के समक्ष डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की संपूर्ण प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया गया। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि पेंशनर बिना किसी कठिनाई के इस डिजिटल सुविधा का लाभ उठा सकें। नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की व्यवस्था भी की गई। इस दौरान सहायक कोषाधिकारी श्याम नाथ गोस्वामी, लेखाकार प्रेमा धपोला, रमेश बिष्ट, विजय देऊपा, मोहसिन अख्तर, लोकेश प्रसाद, उर्मिला तिवारी, और प्रीती सहित कोषागार के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जीएनजी ने हल्द्वानी को हराया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कोल्ट्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में हल्द्वानी कोल्ट्स क्लब के मैदान में कराई जा रही अंडर-14 स्व. पूरन चंद्र बल्यूटिया मेमोरियल बहुदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें मैच में जीएनजी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले दिन जीएनजी क्रिकेट अकादमी की टीम ने 466 रनों पर पारी घोषित कर दी। ईशान जोशी ने 202, विहान बवारी 189 रनों का योगदान दिया। जवाब में उतरी हल्द्वानी-11 अपनी पहली पारी में मात्र 63 रनों पर आल आउट हो गयी। जीएनजी ने अपनी दूसरी पारी में ब्राह्मजोत के 100, तनिष्क के 67 और इशांत के 43 रनों की मदद से 303 बनाकर पारी घोषित कर दी। अपनी दूसरी पारी में 707 रनों का लक्ष्य पूरा करने उतरी हल्द्वानी-11 की पूरी टीम मात्र 43 रनों पर आल आउट हो गयी और जीएनजी ने मैच 663 रनों से जीतकर पूरे दो अंक हासिल किये। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीएनजी के ईशान जोशी को दिया गया। इस मौके पर नीरज बल्यूटिया, आनंद बिष्ट, निश्चल जोशी, मनोज भट्ट, नरेंद्र अधिकारी, सचिन बेलवाल, पंकज गुरुरानी, योगेश चौहान, संजय चौधरी, विक्रम बोरा, विजय आर्या, प्रशांत भंडारी, सोनू आर्या, प्रकाश भगत आदि मौजूद रहे।

# रहेगा सबसे ऊपर तिरंगा, हम हैं टीम इंडिया

**मुंबई, वार्ता।** विश्व कप जीत के बाद ड्रेसिंग रूम में माहौल जश्न में डूबा हुआ रहा। जीत की खुशी, आंखों में चमक और हाथों में तिरंगा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तस्वीरें हर भारतीय के दिल को गर्व से भर देने वाली हैं।

खिलाड़ियों ने रहेगा सबसे ऊपर हमारा तिरंगा, हम हैं टीम इंडिया, गाना गाते हुए मैदान से लेकर लाकर रूम तक जीत का जश्न मनाया। हरमनप्रीत कौर, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा राड्रिग्स और पूरी टीम के चेहरों पर वही मुस्कान थी, जो बरसों के संघर्ष और सपनों की पूर्ति का प्रतीक बन गई। अब बीसीसीआई ने इसका वीडियो जारी किया है। वीडियो में जेमिमा कहती हैं कि हमने चार साल पहले यह तय किया था कि हम अपनी टीम सान्ग को तब उजागर करेंगे जब हम विश्व कप

**● विश्व चैंपियन बेटियों ने गाना गाकर मैदान से लेकर लॉकर रूम तक जीत का जश्न मनाया**

जीत जाएंगे। वह समय अब आ चुका है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर एक और वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान वोल्वार्ट और भारत की जेमिमा राड्रिग्स साथ में गाना गाती दिख रही हैं।

जेमिमा गिटार बजा रही हैं, जबकि वोल्वार्ट गाना गा रही हैं। फैंस का कहना है कि इस गाने का नाम 'फालिंग इन लव अगेन' है और यह गाना वोल्वार्ट ने 11 साल पहले कम्पोज किया था। यह वीडियो इंग्लैंड के 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट के दौरान का बताया जा रहा है, क्योंकि वोल्वार्ट और जेमिमा, दोनों ने सुपर चार्जर्स



टीम की जर्सी पहन रखी है। दोनों एक साथ इस टीम के लिए खेल चुकी हैं। वोल्वार्ट को रविवार को निराशा झेलनी पड़ी, क्योंकि उनकी टीम भारत से फाइनल हार गई। वोल्वार्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शतक जमाया, लेकिन यह काफी नहीं था। वह टूर्नामेंट की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। मैच की बात करें तो भारत की महिला टीम इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए थे।







## संक्षिप्त खेल समाचार

### सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी आज से

**कोहिमा, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी 2025 के मंगलवार से यहां शुरु हो रहे तीसरे संसकरण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। चार से 14 नवम्बर तक नागालैंड में होने वाले इस टूर्नामेंट में इस बार नॉर्थ जोन, साउथ जोन, ईस्ट जोन, वेस्ट जोन, सेंट्रल जोन और नॉर्थ-ईस्ट जोन की महिला टीमें हिस्सा लेंगी। यह घरेलू महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा एडिशन है। इस टूर्नामेंट का 2022 में पहली बार आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट की शुरुआत में छह टीम राउंड रॉबिन प्रारुप में भिडेंगी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 14 नवम्बर को खेला जायेगा।

### यूपी कबड्डी लीग सीजन-2 की नीलामी में बेहतर खिलाड़ियों की लगी बोली

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा स्टेडियम के इनडोर पवेलियन में आगामी माह 25 दिसंबर से शुरु होने वाली उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग खेल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया आज यहां अपरान्ह संपन्न हुई।

उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के आयोजकों ने सोमवार को कबड्डी प्रतियोगिता और आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के सीजन 2 के लिए कबड्डी खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है इसके पश्चात ऑक्शन में खिलाड़ियों को उनके अनुभव और प्रदर्शन के आधार पर चार वर्गो में विभाजित गया है। खिलाड़ियों की नीलामी ओपन बिड, लाइव फॉर्मेट में फ्रेंचाइजी मालिकों, टीम अधिकारियों और लीग प्रतिनिधियों की मौजूदगी में दोपहर अंत में संपन्न हुई।

# 2025 ने क्रिकेट को दिए नए चैंपियंस

**● अधूरे सपनों के सिलसिले को खत्म करते हुए इस साल में बीबीएल में हाबार्ट हरिकेन्स, आईपीएल में आरसीबी, डब्ल्यूटीसी में दक्षिण अफ्रीका और महिला वनडे विश्व कप में भारतीय टीम चैंपियंस बनी**

**मुंबई, वार्ता।** वर्ष 2025 क्रिकेट की दुनिया में उस रीसेट बटन की तरह रहा, जिसने कई टीमों की किस्मत पलट दी। लंबे इंतजार और अधूरे सपनों के सिलसिले को खत्म करते हुए इस साल चार अलग-अलग टूर्नामेंट्स में नए चैंपियन्स उभरे।

बिग बैश लीग में हाबार्ट हरिकेन्स (बीबीएल), आईपीएल में रायल चैलेंजर्स बैंगलोर (आईपीएल), विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में दक्षिण अफ्रीका (डब्ल्यू टीसी) और महिला वनडे विश्व कप में भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया और पहली बार खिताब जीता। यह वो साल रहा जब मेहनत, उम्मीद और इतिहास, सबने मिलकर नए चैंपियन्स का अध्याय लिखा। बिग बैश लीग (बीबीएल) में हाबार्ट हरिकेन्स ने वर्षो की निराशा खत्म की। 2013-14 और 2017-18 में फाइनल हारने वाली टीम ने आखिरकार 2025 में जीत का स्वाद चखा। टिम डेविड और मिचेल ओवेन की जोड़ी ने बल्लेबाजी ने कमाल दिखाया, जबकि कप्तान नाथन एलिस ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया। वहीं, मैथ्यू वेड ने अनुभव से इतिहास रच दिया। आईपीएल वो सीजन था जिसका इंतजार न सिर्फ बेंगलुरु बल्कि पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस को था। वर्षों की ट्रोलिंग, 'ई साल कप नामदे' वाले मीम्स के बीच आरसीबी ने आखिरकार कप अपने नाम किया। रजत पाटीदार की बेहतरीन कप्तानी, विराट कोहली का जोश, हेजलवुड की सधी हुई गेंदबाजी और फिल साल्ट की धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम को पहला आईपीएल खिताब दिलाया।

# टीम को भरोसा था विश्व कप जीत सकते हैं: कप्तान हरमनप्रीत




**● हमें लगा कि हम पहली गेंद से ही जीत सकते थे, क्योंकि जिस तरह से हमने पिछले तीन मैचों में खेला था: कप्तान**

**नवीं मुम्बई।** भारतीय महिलां टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि टीम को अपने ऊपर भरोसा था कि वे यह विश्वकप जीत सकते है। दक्षिण अफ्रीका को रविवार रात फाइनल मुकाबले में हराकर महिला विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत मुस्कुराते हुए ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंची। उन्होंने कहा कि इस समय तो मैं कुछ कहने की स्थिति में नहीं हूं। मैं केवल अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का प्रयास कर रही हूं। मैं बस यही कहूंगी कि टीम ने कई उतार-चढ़ाव देखे लेकिन टीम को स्वयं पर भरोसा था। मैं यह पहले दिन से कह रही हूं। हम इधर-उधर नहीं देख रहे थे हमारा सारा ध्यान केवल लक्ष्य पर था।

उन्होंने कहा कि हमें लगा कि हम पहली गेंद से ही जीत सकते थे, क्योंकि जिस तरह से हमने पिछले तीन मैचों में खेला था उससे हमारे लिए काफी चीजे बदल गई थीं। विशेष तौर पर स्वयं पर भरोसा। हम काफी समय से अच्छी क्रिकेट खेलते आ रहे हैं इसलिए हमें पता था कि एक टीम के तौर पर हमें क्या करना है। हमें पता था कि बल्लेबाजी आसान नहीं होगी लेकिन इसका श्रेय स्मृति मंधाना और शेफाली को जाता है जिस तरह से उन्होंने पहले 10 ओवर में बल्लेबाजी की। पहले दिन से मुझे विश्वास था कि यह सब मायने नहीं रखता। वैसे भी हम टॉस जीतते नहीं, इसलिए हमें पता था कि हमें पहले बैटिंग करनी होगी। भारतीय कप्तान कहा कि हमारा लक्ष्य आसान था। हमें पता था कि अगर हम बड़े लक्ष्य के बारे में सोचेंगे तो दबाव में आ जाएंगे। सबसे जरूरी चीज थी कि बल्लेबाजी करते रहना है और खेल की लय में बने रहना है।

हमने 300 रन बनाने की को. शिश की लेकिन हम एक रन दूर रह गए। हालांकि हम एक टीम के तौर पर मैदान में लौटे। जब भी हमें जरूरत हुई हमें ब्रेकथ्रू मिला। यह एक बहुत अच्छा मैच था। यह अभी कहना आसान है लेकिन जब लॉरा बल्लेबाजी कर रही थीं तो यह सब उतना आसान नहीं था।

### हमारी लड़कियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है: नीता अंबानी

**मुम्बई, वार्ता।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष नीता अंबानी ने भारतीय महिला टीम को विश्वकप जीतने पर बधाई देते हुए कहा है कि हमारी लड़कियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। रविवार रात भारतीय महिला टीम द्वारा पहला महिला विश्वकप जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि आधी रात को हमारी लड़कियों ने पहली आईसीसी विश्व चैंपियनशिप जीत ली है। मुझे लगता है कि आपने जिस हिम्मत, विश्वास और आत्मविश्वास के साथ खेला है, उससे आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। हमें आप सब पर बहुत गर्व है और मैं कहना चाहती हूं धन्यवाद, धन्यवाद, धन्यवाद और जय हिंद।

# सबालेंका-पेगुला ने अपने-अपने मैच जीते






**● सबालेंका ने रविवार रात 70 मिनट तक चले मैच में इटली की जैस्मीन को वहीं पेगुला ने कोको गॉफ को को दी मात**

**रियाद, वार्ता।** अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला और बेलारूस की स्टार एरीना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स टूर्नामेंट के पहले दौर में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जीत दर्ज की। सबालेंका ने रविवार रात 70 मिनट तक चले मुकाबले में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में 6-3, 6-1 से हराया। वहीं पेगुला ने गॉफ पर 6-3, 6-7(4), 6-2 से शानदार जीत दर्ज की। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि हमने बहुत खेला है, और हर बार यह एक मुश्किल मुकाबला होता है। स्कोर कुछ भी हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे पता है कि मुझे हमेशा फोकस बनाए रखना है, और अगर आप उसे मौका देंगे, तो वह आगे बढ़कर गेम पर कंट्रोल कर लेगी। इसलिए, मुझे लगता है कि मैं आज अपने फोकस से सबसे ज्यादा खुश हूं। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि राउंड रॉबिन है, लेकिन मैं इस टूर्नामेंट को एक रेगुलर टूर्नामेंट की तरह लेने की कोशिश कर रही हूं, और मुझे पता है कि अगर मुझे यह खूबसूरत ट्रॉफी जीतनी है तो मुझे पांच मैच जीतने होंगे। तो बेसिकली, मेरी सोच बस यही है कि बाहर जाकर हर मैच में मुकाबला करूं और लड़ूं। वहीं एक अन्य मुकाबले में अमेरिकी की जेसिका पेगुला ने डिफेंडिग चैंपियन हमवतन कोको गॉफ को हराकर डब्लयूटीए फाइनल्स में अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। रविवार रात दो घंटे 12 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में पेगुला ने गॉफ पर 6-3, 6-7(4), 6-2 से शानदार जीत दर्ज की। यह ऑल-अमेरिकन मुकाबला काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों को इंडोर लाइट्स में खेलने में परेशानी हो रही थी और लगातार पांच बार सर्विस ब्रेक हुए। आखिरकार पेगुला ने पहले खुद को संभाला, 4-2 से बढ़त बनाई और फिर गॉफ की सर्विस की परेशानियों का फायदा उठाया। दुनिया की नंबर तीन खिलाड़ी गॉफ की पांचवीं डबल फॉल्ट ने पेगुला को आधे घंटे से कुछ अधिक समय में पहला सेट दिला दिया।

## कार्यालय उपजिलाधिकारी खटीमा जिला ऊधम सिहं नगर

पत्र संख्या- 318 /एस0टी0/निविदा/ 2025 दिनॉक : 01.11.2025

**-:नीलामी विज्ञप्ति:-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खटीमा तहसील खटीमा जनपद-उधम सिंह नगर में स्थित खाता खतौनी संख्या 689 के खसरा नम्बर 135 रकवा 37.81 वर्ग मीटर (18.6 x 22 वर्ग फिट) है0 भूमि को निंविदा/नीलामी दिनॉक- 15/11/2025 को प्रातः 11:00 बजे उपजिलाधिकारी कार्यालय खटीमा के सभागार में सम्पन्न करायी जायेगी, तत्पश्चात् शासनादेश संख्या-496/xviii(ll)2020-08(63)/2016 दिनॉक-28 जुलाई 2020 के प्रस्तर 04 के मद संख्या-01(ग) मे दी गयी व्यवस्था के अनुसार पत्रावली अनुमोदन/स्वीकृति हेतु जिलाधिकारी महोदय ऊधम सिह नगर के माध्यम से शासन को प्रेशित की जायेगी।

**शर्ते**

01- भूमि की नीलामी न्यूनतम दर 4,15,910 रू0 (चार लाख पन्द्रह हजार नौ सौ दस रुपये) इससे कम पर नही होगी नीलामी की शुरूआत की दर समिति द्वारा तत्समय तय किया जायेगी।

02- आवेदक बोलीदाता के द्वारा निर्धारित धनराशि का 1/3 धरोहर राशि 1,38,000.00 रू0 (एक लाख अड़तीस हजार रूपये) का बैंक ड्राफ्ट जो तहसीलदार खटीमा के पक्ष में देय होगा आवेदन पत्र के साथ सलंग्न कर दिनॉक 14.11.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे उपजिलाधिकारी कार्यालय खटीमा मे जमा करना होगा ।

03- अध्यक्ष नीलामी समिति सभी भूखण्डों अथवा किसी भी एक भूखण्ड की नीलामी जनहित/शासकीय में स्थगित कर सकते है।

04- अपूर्ण आवेदन पर विचार नही किया जायेगा समिति को अधिकार होगा कि बिना कारण बताए ऐसी बोलियों जिसमें उच्चतम बोली भी सम्मिलित होगी अस्वीकार कर दें।

05- बोली निरस्त अथवा अस्वीकार होने पर धरोहर बिना ब्याज वापस कर दी जायेगी।

06- भूमि का न्यूनतम/बाजारी मूल्य निर्धारित दर अथवा उससे अधिक मूल्य अंकित करने पर ही आवेदक आवंटन के लिए अर्ह माना जायेगा।

07- नीलामी सम्पत्ति को मानने ना मानने तथा बोलीदाताओ की बोली को स्वीकार करने अथवा न करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा समिति के निर्णय पर किसी बोलीदाता को आपत्ति का अधिकार न होगा।

08- आवेदक/बोलीदाता नीलामी से पूर्व नीलामी हेतु प्रस्तावित सम्पत्ति का निरीक्षण एंव नीलामी से सम्बन्धित प्रक्रिया की जानकारी नीलामी प्रक्रिया से पूर्व प्राप्त कर सकता है। नीलामी के समय अथवा नीलामी के पष्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

09- विज्ञापित सम्पत्ति में कोई अतिरिक्त सुधार/विकास का उत्तरदायित्व समिति अथवा षासन का नही होगा सम्पत्ति जहॉ है। जैसी है के आधार पर नीलामी की जायेगी।

10- भूमि का आंवटन बोली में प्राप्त सर्वोच्च बोली पर किया जायेगा। सर्वप्रथम नीलामी हेतु खुली बोली सम्पन्न की जायेगी जिसके अन्तर्गत प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा धरोहर राशि भूमि के मूल्य में समायोजित की जायेगी।

11- भूमि का आंवटन जहॉ है जैसा है के आधार पर होगा एंव आवंटी को भूमि का कब्जा भी जहॉ है जैसा है के आधार पर दिया जायेगा जिस पर कोई आपत्ति बाद में मान्य नही होगी।

12- बोलीदाता/बोलीदाताओ द्वारा बोली बोलने में किसी भी प्रकार की काटैल दुरभिसन्धि का प्रयोग नही किया जायेगा। बोली का संचालन करने वाले अधिकारी उच्चतम या किसी भी छिपी हुई बोली को स्वीकार करने के लिए बाध्य नही होगें। संदिग्ध साधनो और इरादी वाले व्यक्ति को नीलामी आयोजित करने वाले अधिकारी द्वारा नीलामी में बोली लगाने की अनुमति नही जायेगी।

13- किसी भी बोली की नीलामी आयोजित करने वाले अधिकारी द्वारा स्वीकृति समक्ष प्राधिकारी द्वारा पृष्टि के अधीन होगा।

14- बोली लगाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को उसकी बोली पर ही कायम रहना होगा,चाहे व सबसे ऊंची हो या नही, और यह स्पष्ट रूप से समझा जाएगा कि किसी भी प्रकार की छूट बोली की राशि में किसी भी परिस्थिति में नहीं मानी जाएगी।

15- नीलामी आयोजित करने वाले अधिकारी बिना कोई कारण बताए परिसर में विज्ञापित भूमि से वापस करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। अधिकारी को बिना कारण बजाये विज्ञप्ति या रखी गई किसी भी भूमि को नीलामी से वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

16- स्वीकृत भूमि का कब्जा उस बोलीदाता द्वारा पूरी तरह से और अंतिम भुगतान किए जाने के बाद किया जायेगा जिसके पक्ष में बोली स्वीकृत हुई है।

17- यदि प्राधिकारी या सरकार, जैसा भी मामला हो स्वीकृत नीलामी को मंजूरी नही देती है, तो सफल नीलामी कर्ता द्वारा जमा की गई राशि उसे वापस कर दी जाएगी, और उसके पक्ष में की गई नीलामी को शून्य और अमान्य जाएगा।

18- बोलीदाता को कब्जा हस्तान्तरित होने से पूर्व दावी सम्पत्ति पर मूल कर ओर अन्य कोई कर जो कानून के तहत पाया जा सकता है का भुगतान करना होगा। जिनके लिए उसके प्रस्ताव को मंजूरी दी गई और स्वीकार किया गया है।

19- किसी भी कानूनी विवाद के मामले में मुकदमा दायर करने का अधिकार कमेटी का होगा। बोलीदाता को भू- कानून मे उल्लेखित प्राविधानो का अनुपालन करना होगा।

20- नीलामी में बोलीदाताओ को बोली लगाने की अनुमति तभी दी जायेगी तब वे इन नियमो में निहित शर्तो की स्वीकृति लिखित रूप से प्रस्तुत करेगें।

21- उच्चतम बोलीदाता को समिति द्वारा सर्वसम्मति के संस्तुति करने के उपरान्त अनुमोदन हेतु शासन को प्रेशित की जायेगी जिसे स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार षासन में निहित होगा।

22- किसी भी षर्त को परिवर्तित करने तथा नये षर्तो को षामिल करने का अधिकार समिति में निहित होगा, इसके साथ ही प्रत्येक बोली 15,00.00 (एक हजार पॉच सौ रूपये) के अन्तर से होगी।

23- बोलीदाता पर कोई भी राजस्व बकाया न हो इसके लिए बोलीदाता को सक्षम अधिकारी से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

24- निविदा/बोली के सम्बन्ध में किसी भी विवाद की स्थिति में विभागीय सचिव का निर्णय अन्तिम एंव मान्य होगा।

25- बोली में प्रतिभाग करने हेतु आवेदक को बोली/निविदा सम्बन्धित समस्त शर्ते लिखित रूप से स्वीकार करने के उपरान्त ही बोली/निविदा में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदार किया जायेगा।

ह0/-
(तुषार सैनी)
उप जिलाधिकारी,खटीमा

# उधार के पैसे मांगने पर डंडे से पीटकर युवक की हत्या

## झबरेड़ा थाना पुलिस ने वारदात के 48 घंटे में हत्यारोपी को दबोचकर जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** उधारी के पैसों को लेकर शुरू हुआ झगड़ा खूनखराबे में बदल गया। झबरेड़ा क्षेत्र में दुकान का बकाया मांगने पर एक युवक की डंडे से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने 48 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी को दबोच कर इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा कर दिया। और आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बेसबॉल का डंडा और खून से सनी कपड़े भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस कप्तान प्रमेंद्र सिंह डोबाल के निर्देश पर सक्रिय हुई झबरेड़ा पुलिस टीम ने लगातार सुरागरसी और दबिश देकर हत्यारोपी को उसके मामा के गांव नियामतपुर थाना खानपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अजय शाह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने इस पूरे मामले में सराहनीय भूमिका निभाई। पुलिस के मुताबिक, मृतक विकास पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम झबरेड़ी कलां, अपने दुकान के उधार के पैसे लेने के लिए रोहित उर्फ गोपी, उसके भाई मोहित और पिता राजकुमार के पास गया था। इसी दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए विकास पर हमला कर दिया। रोहित ने विकास के सिर पर डंडा मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से



घायल हो गया। परिजन उसे पहले रुड़की अस्पताल और बाद में एम्स ऋषिकेश लेकर पहुंचे, जहाँ उपचार के दौरान 1 नवंबर को उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमे को हत्या की धारा में तरमीम किया और सबूत जुटाने में जुट गई। फील्ड यूनिट टीम ने घटनास्थल से खून से सने फर्श के टुकड़े, बेसबॉल का डंडा, अभियुक्त की कमीज

**❖आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बेसबॉल का डंडा व खून से सने कपड़े भी किए बरामद**

और मृतक की खून से लथपथ शर्ट बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मजदूरी और उधारी के पैसों को लेकर मृतक और उसके साथी आकाश से अक्सर कहासुनी होती थी। बार-बार पैसे मांगने पर उन्होंने इसे "बेज्जती" समझा और साजिश रच डाली कि अगली बार मांगने पर सबक सिखाया जाएगा। 30 अक्टूबर की शाम जब विकास ने फिर पैसे मांगे तो आरोपियों ने मिलकर उस पर हमला बोल दिया, जिससे उसकी जान चली गई। पुलिस ने आरोपी रोहित उर्फ गोपी पुत्र राजकुमार निवासी झबरेड़ी कलां को जेल भेज दिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस टीम में एसएसआई शहजाद अली, उपनिरीक्षक जय सिंह राणा, कांस्टेबल मुकेश तोमर और कांस्टेबल रणवीर चौहान शामिल रहे।

# डीजल टैंक फटने से चलती कर बनी आग का गोला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** रविवार की देर रात गुमावाला गांव के पास एक चलती वर्ना कार में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना पर मौके पर पहूंची रुड़की फायर यूनिट की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बमुश्किल आग पर काबू पाया और कार के डीजल टैंक को फटने से बचाकर एक बड़ा हादसा टाल दिया। पिरान कलियर थाना क्षेत्र के गुमावाला निवासी शादाब ने बताया कि सोमवार की देर रात वह अपनी वर्ना कार से ससुराल जा रहे थे। जैसे ही वह गांव से बाहर निकले तो अचानक कार से धुआं निकलने लगा। उन्होंने तुरंत सड़क किनारे कार रोकी और जैसे ही बाहर निकले कार में आग भड़क उठी और देखते ही देखते पूरी कार लपटों में घिर गई। उन्होंने तुरंत रुड़की फायर स्टेशन को सूचना दी।सूचना मिलते ही फायर यूनिट रुड़की की टीम मौके के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहूंचकर फायरकर्मियों ने देखा कि कार आग की तेज लपटों में घिरी हुई थी और पूरी तरह से आग का गोला बन चुकी थी। फायर यूनिट ने बिना समय गंवाए हाई-प्रेशर वाहन से होज फैलाकर पंपिंग शुरू की और भीषण आग को बुझाने का प्रयास किया।आग बुझाने के दौरान टीम को अत्यधिक जोखिम का सामना करना पड़ा क्योंकि डीजल टैंक फटने का खतरा लगातार बना हुआ था। लेकिन फायरकर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना डीजल टैंक को फटने से बचाया जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। आग लगने से कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

# समीर आलम बने उत्तराखंड किशान मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उत्तराखंड किशान मोर्चा में मिली समीर आलम को बहुत बड़ी जिम्मेदारी। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गुलशन रोड ने अपनी कमेटी में बनाया राष्ट्रीय सचिव और अपने हाथों से सौंपा समीर आलम को नियुक्ति पत्र। समीर आलम ने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को उत्तराखंड किशान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गुलशन रोड ने राष्ट्रीय सचिव बनाकर जो मेरा सम्मान बढ़ाने का काम किया है उसके लिए मैं हमेशा उनका आभारी रहूँगा और मेरे ऊपर इतना विश्वास करने के



लए मैं उनका दिल से आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही साथ में उत्तराखंड किसान मोर्चा के सभी बुजुर्ग महा अनुभवी जनों वरिष्ठ राष्ट्रीय नेतृत्व राष्ट्रीय पदाधिकारी जनों का एवं प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष महकार सिंह का भी आभार व्यक्त करता हूँ। इतना स्नेह और आशीर्वाद देने के लिए मुझे जो जिम्मेदारी संगठन के द्वारा दी गई है इसको में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाने का काम करूँगा और सबको साथ लेकर चलने का प्रयास करूँगा। उत्तराखंड किसान मोर्चा की नीतियों को जन जन तक पहुँचाने का कार्य करूँगा। किसानों को आने वाली समस्याओं का समाधान करने का हर सम्भव प्रयास करूँगा। संगठन को जहाँ कहीं भी मेरी आवश्यकता होगी में पूरी ईमानदारी के साथ संगठन के साथ खड़ा होने का काम करूँगा।

## परिवहन विभाग के अधिकारियों पर उत्पीड़न व भ्रष्टाचार का आरोप

# ईट भट्टा एसोसिएशन ने निकाली विशाल ट्रैक्टर रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** परिवहन विभाग के अधिकारियों पर उत्पीड़न और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ईंट भट्टा एसोसिएशन ने विशाल ट्रैक्टर ट्राली निकाली और एआरटीओ कार्यालय में धरना दिया। उन्होंने कहा कि अगर इसी प्रकार से अधिकारियों का रवैया रहा तो वह भट्टे का कारोबार बंद करने को मजबूर होंगे।

ईंट भट्ठा एसोसिएशन उत्तराखंड के जिला अध्यक्ष नरेश त्यागी के नेतृत्व में लंढौरा से रुड़की और हरिद्वार रोड स्थित एआरटीओ कार्यालय तक विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली और फिर कार्यालय में धरना दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश त्यागी ने बताया कि परिवहन विभाग के अधिकारी ईंट भट्ठ मालिकों एवं उनके ट्रैक्टर चालकों का लगातार उत्पीड़न कर रहे हैं जो अब बर्दाश्त से बाहर है। उन्होंने कहा कि आए दिन आरटीओ उनके ट्रैक्टर चालकों को रोककर उनके भारी भरकम चालान काटते हैं जिसे बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । उन्होंने कहा कि पूर्व में परिवहन विभाग व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक में समझौता हुआ था कि किसी भी ईंट भट्ठा मालिक व उनके भट्टे पर चलने वाले किसी भी ट्रैक्टर ट्रॉली का



5000 से अधिक का चालान नहीं होगा और यदि होता है तो वह उसका किसी भी सूरत में भुगतान नहीं करेंगे। इसे विधिवत रूप से इस प्रकार से नियम अनुसार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईंट भट्टा मजदूरों के ट्रैफिक पुलिस द्वारा हेलमेट के नाम पर भारी भरकम चालान काटे जाते हैं पांच सौ या हजार रुपए का चालान काटने से बेहतर उन्हें हेलमेट ही दे दिए जाएं। चौधरी बिजेंद्र सिंह ने कहा कि लगातार उनका उत्पीड़न किया जा रहा है जिसे बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ईंट भट्टा उद्योग पहले ही नुकसान में चला आ रहा है और अब दूसरी तरफ परिवहन विभाग इस तरह का कार्य करके भट्टा मालिकों को नुकसान देने का काम कर रहे है। वहीं उन्होंने पूर्व में पकड़ी ट्रैक्टर ट्रालियों को तुरंत छोड़ने की मांग की। इस अवसर पर सुभाष सिंघल, विनय शर्मा, रिंकू ,जावेद आलम, विक्की, बशारत, आजाद, कयूम, अयूब, आशु आदि मौजूद रहे।

# श्रीमती नीमा देवी काला पब्लिक स्कूल समूहगान में रहा प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारत विकास परिषद द्वारा बच्चों में संपर्क संस्कार सेवा सहयोग की भावना से भारत माता के प्रति समर्पण की भावनाओं को देशभक्ति गीतों के माध्यम से दिलों में उतारने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद उत्तराखंड पश्चिमी प्रांत द्वारा समर्पण शाखा रुड़की के स्कूल में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के अनेक शिक्षण संस्थानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ आंनद भारद्वाज व अन्य अतिथियों ने किया। इस प्रतियोगिता में श्रीमती नीमा देवी काला पब्लिक स्कूल रुड़की को प्रथम स्थान, दी विजडम ग्लोबल स्कूल हरिद्वार को द्वितीय स्थान, आनंद स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मंदिर रुड़की को तृतीय स्थान एवं डी ए वी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल हरिद्वार को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रथम स्थान पाने वाली टीम 9 नवंबर 2025 को क्षेत्रीय समूहगान प्रतियोगिता मुरादाबाद में प्रतिभाग करेंगी। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर



संगीता अग्रवाल, प्रोफेसर परिणीता सारंगी एवं श्रीमती उर्बि शर्मा जी रही। कार्यक्रम के उपरांत सभी विजेता टीमों को पुरस्कार वितरण एवं सर्टिफिकेट तथा अन्य सभी टीमों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए, तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**पिरान कलियर।** भारतीय सेवा धर्म टस्ट ने कलियर शरीफ में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया साथ ही रक्तदान शिविर भी लगाया। इस शिविर में जहां 1500 लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करायी तो वही 45 यूनिट रक्तदान भी किया गया। चिकित्सकों ने अनेक गंभीर बीमारियों का चेकअप कर कुछ लोगों को हायर सेंटर के लिए भी रेफर किया। इस शिविर में ईएनटी सर्जन के अलावा बाल व हडडी रोग विशेषज्ञ रहे।

# स्वच्छता पखवाड़े के तहत बीएसएम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राज्य सरकार की पहल के तहत स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत बीएसएम बीएड कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिता का आज समापन किया गया। जिसमें कविता पाठ, पोस्टर, स्लोगन रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल ने कविता पाठ में प्रथम स्थान शमा द्वितीय स्थान प्रतिभावान तृतीय स्थान नेहा ने प्राप्त किया। पोस्टर में प्रथम स्थान शमा द्वितीय स्थान पारुल तृतीय स्थान याशिका ने प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम



स्थान आकांक्षा द्वितीय स्थान नेहा एवं तृतीय स्थान में प्रतिभावन ने प्राप्त किए। अंत मे मुख्य अतिथि महोदय जी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों में उमंग और जन जागरूकता का कार्य करती हैं।

# पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर तीन वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया है। कड़े गए तीनों वारंटीयो को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओ को शत प्रतिशत तामिल करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 3 नवंबर 2025 को मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग जगह से तीन वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया जिनके नाम अंकित पुत्र किशन सिंह निवासी ग्राम नेत वाला अंकुर पुत्र इषम सिंह निवासी उपरोक्त शाहनवाज पुत्र इलियास निवासी ग्राम मखयाली कला थाना कोतवाली लक्सर बताया उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह हेड कांस्टेबल विनोद कुमार अरविंद चंदेल शामिल रहे। पकड़े गए तीनों वारंटीयो को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर तीनों वारंटी को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# पुरानी गंगनहर में मगरमच्छ दिखने से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** रविवार को पुरानी गंगनहर में मगरमच्छ दिखाई देने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। नहर किनारे से गुजर रहे राहगीरों ने जब पानी में मगरमच्छ को टहलते देखा तो मौके पर भीड़ जुट गई। लोगों ने इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दी।सूचना पर वन दरोगा आशुतोष निम ने टीम के साथ मौके का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पुरानी गंगनहर में मगरमच्छ होने की जानकारी मिली है। मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ने के लिए नहर किनारे पिंजरा लगाया जाएगा। मगरमच्छ के दिखाई देने से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने लोगों से नहर के किनारे जाने से बचने की अपील की है।

# संदिग्ध हालात में किशोर लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** पुलिस चौकी क्षेत्र के थिथौला गांव निवासी 17 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। तलाश से हताश किशोर के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पुत्र की गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है। थिथौला निवासी साजिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका 17 वर्षीय पुत्र दीन मौहम्मद 2 नवंबर की दोपहर बाद से लापता है। पिडित पिता का कहना है कि आसपास के क्षेत्रों, रिश्तेदारों और दोस्तों से संपर्क करने के बावजूद भी उसके पुत्र का कही पता नहीं चल पाया है। चौकी प्रभारी महिपाल सैनी ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी

# 5 ली शराब के साथ एक दबोचा

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर पांच लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मेहरबान पुत्र शरीफ निवासी कस्बा सुल्तानपुर बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल संदीप रावत सतपाल राणा शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# सोशल मीडिया पर प्रधान का वीडियो पोस्ट करने का विरोध, मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** ग्राम प्रधान का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया गया। वीडियो में ग्राम प्रधान के लिए अपशब्द कहे गए। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। ग्राम प्रधान ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कबूलपुर रायघटी गांव निवासी रविंद्र कुमार भिक्कमपुर जीतपुर ग्राम सभा के ग्राम प्रधान हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपी आशू और बबलू निवासी ग्राम रामपुर रायघटी ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इसमें आरोपियों ने उनके लिए गाली-गलौज करते हुए अपशब्दों का इस्तेमाल किया है। वीडियो वायरल होने से उनकी प्रतिष्ठा प्रभावित हुई। इसी के लिए 31 अक्तूबर को खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर आरोपी विरेंद्र सैनी निवासी रामपुर रायघटी ने भी उनके साथ गाली-गलौज की। इसके अगले दिन एक नवंबर को जब वह अपने खेत में जा रहे थे तो आरोपियों ने रास्ते में रोककर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इसमें वह चोटिल हो गए। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि ग्राम प्रधान की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### खोया-पाया-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एक मालिकाना संपत्ति 1703. 20 वर्ग फिट खसरा नंबर, 652/3, अंदर हदूद परगना व तहसील नगर निगम रुड़की, जिसकी बही नंबर 1, जिल्द नंबर 4358 पेज नंबर 163 से. 186 दस्तावेज नंबर 10447 दिनांक 17-11-2018 जिसे पल्टू पुत्र हरसी निवासी मलकपुर लतीफपुर, तहसील रुड़की से दिनांक 17-11-2018 को बजरिये बैनामा खरीद किया गया था वह वास्तव में कहीं खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य को अवैध होगा।

**अरविंद कुमार पुत्र कलीराम नि. म.नं. 128 पश्चिम अंबर तालाब पूर्वी रुड़की, हरिद्वार।**

## रास्ता विवाद में समाधान की मांग को लेकर

# जेएम से मिले भाकियू नेता व ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भंगेड़ी महावतपुर में सेना के साथ चल रहे रास्ता विवाद में समाधान की मांग को लेकर ग्रामीण भारतीय किसान यूनियन रोड में बैनर तले ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से मिले। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने आश्वासन दिया कि रजत जयंती से पहले रास्ते विवाद का निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में भाकियू रोड के राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम सिंह रोड ने कहा कि लंबे समय से सेना ने भंगेडी के ग्रामीणों का रास्ता बंद किया हुआ है जिसको लेकर कई बार प्रशासन और सेना के अधिकारियों के साथ बैठक भी हो चुकी है लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकाला। वहीं उन्होंने कहा कि मामले में उच्च न्यायालय द्वारा भी रास्ता खोलने का आदेश जारी किया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी रास्ता नहीं खोला गया। उन्होंने कहा कि अब मामले में उग्र आंदोलन भी करने से ग्रामीण पीछे नहीं हटेंगे। ग्राम प्रधान नरेंद्र और यूनियन के तहसील अध्यक्ष जावेद ने कहा इस रास्ते के बंद होने के कारण ग्रामीणों को 8 से 10 किलोमीटर अधिक घूम कर आवागमन करना पड़ रहा है लेकिन सेना अडिग रवैया अपनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर जल्द रास्ता ना खोल गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। उप प्रधान देवी राम ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह आत्मदाह से



भी पीछे नहीं हटेंगे। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट ने कहा कि भंगेड़ी के रास्ते को लेकर कई सालों से विवाद चला आ रहा है।हाईकोर्ट का आदेश भी रास्ता खुलवाने है। इस संबंध आज कैंट अधिकारियों के साथ वार्ता भी है। पूर्ण प्रयास है कि रजत जयंती से पहले यह रास्ता खुलवा दिया जाए। इस अवसर पर बलवंत पांडेय,सुशील कुमार,नूर हसन, इंद्र कुमार,भूरा,मुम्तियाज, इम्तियाज,अख्तर,अशरफ आदि मौजूद रहे।

# 7 नवंबर से चालू होगी लक्सर शुगर फैक्ट्री

## 27100 क्विंटल गन्ना खरीद के लिए इंडेंट जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर शुगर फैक्ट्री को चालू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जीएम (गन्ना) मैनेजर डॉ. बी.एस. तोमर ने बताया कि मिल को चालू करने के लिए इंडेंट जारी कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार लक्सर शुगर फैक्ट्री को चालू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गन्ना खरीद के लिए इंडेंट : फैक्ट्री चालू करने के लिए चारों सोसाइटियों को 27100 क्विंटल गन्ना खरीद के लिए इंडेंट जारी किया गया है।पर्ची मिलना: गन्ना किसानों को आज से पर्ची मिलना शुरू हो जाएगी। तुलाई : 5 नवंबर को कांटों पर गन्ना तुलाई शुरू हो जाएगी। मिल चालू : 7 नवंबर को शुगर फैक्ट्री चालू कर दी जाएगी। इस दिन पूजा-अर्चना के बाद गन्ना मिल का शुभारंभहोगा।डॉ. तोमर ने सभी किसान भाइयों और शुगर फैक्ट्री के स्टाफ को बधाई दी है उन्होंने किसान भाइयों से भी अपील की है कि गन्ना सही



लाये क्योंकि यह फैक्ट्री आपकी ही है।

**शाह टाइम्स**

# सम्पादकीय

**मंगलवार, 4 नवम्बर 2025**

## ट्रम्प का बयान विनाशक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर विवादित और उकसाने वाला बयान दिया है। उनका कहना है कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान सहित कई देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। ट्रंप ने अमेरिका के परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने की आवश्यकता जताई और बताया कि तैयारियां पहले से चल रही हैं। उनके इस बयान से दुनिया सकते में हैं और इसकी आलोचना करते हुए इसे उकसाने वाला बताया है। यदि ट्रंप के बयान में सच्चाई है, तो दुनिया को विनाश से कोई नहीं रोक सकता। क्योंकि इस बात का जिक्र रूस ने अभी तक नहीं किया। रूस का यूक्रेन से युद्ध चल रहा है, लेकिन उसने अभी तक भी परमाणु हथियार का इस्तेमाल नहीं किया है। ट्रप ने दावा किया कि अमेरिका के पास दुनिया को 150 बार नष्ट करने के लिए पर्याप्त परमाणु हथियार मौजूद हैं, तो फिर वह ऐसे बयान क्यों दे रहा है। वह अपने आप को खतरा मान रहा है, या दुनिया को जलाने की कोशिश कर रहे हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जो परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। 60 मिनट के साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान सहित कई देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, जबकि अमेरिका एकमात्र ऐसा देश है, जो ऐसा नहीं कर रहा है। रूस और चीन परीक्षण कर रहे हैं, लेकिन वे इस बारे में बात नहीं करते। हम एक खुला समाज हैं, हम अलग हैं, हम इस बारे में बात करते हैं। हमें इस बारे में बात करनी ही होगी क्योंकि वरना आप लोग रिपोर्ट करेंगे। उनके पास ऐसे पत्रकार नहीं हैं, जो इस बारे में लिखें। हम परीक्षण करेंगे, क्योंकि वे परीक्षण करते हैं और दूसरे भी परीक्षण करते हैं और निश्चित रूप से उत्तर कोरिया परीक्षण कर रहा है, पाकिस्तान भी परीक्षण कर रहा है। ट्रंप का ये बयान तब सामने अया, जब उनसे रूस द्वारा हाल ही में पोसाइडन अंडरवाटर ड्रोन सहित उन्नत परमाणु-सक्षम प्रणालियों के परीक्षणों के 30 से अधिक वर्षों बाद परमाणु हथियारों का विस्फोटष्करने के उनके फैसले के बारे में पूछा गया। मगर इस बयान में पाकिस्तान का नाम लेना ये साबित करता है कि अमेरिका उसे अपने सबसे बड़े दुश्नमनों की श्रेणी में रख रहा है। हाल में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल मुनीर ने ट्रंप से कई मुलाकातें की हैं और संबंधों को ठीक करने की कोशिश की है, मगर ट्रंप ने ये बयान देकर उन्हें फिर झटका दे दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की घोषणा पर दुनिया में हलचल मच गई है। इस पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है।

### अपमान मंत्रालय स्थापित करे केंद्र



बिहार में मतदाता सूची से 65 लाख लोगों का नाम काट दिया गया है, जो न केवल उनके मताधिकार का हनन है, बल्कि सीधे तौर पर उनकी नागरिकता छीनने जैसा गंभीर कदम है, पिछले 20 वर्षों से बिहार की चुनी हुई सरकार को प्रधानमंत्री और गृहमंत्री चला रहे हैं।,जब आपकी चुनी हुई सरकार को केंद्र से सम्मान नहीं मिलता, तो जनता का सम्मान कैसे बचेगा, केंद्र सरकार को अपमान मंत्रालय स्थापित करना चाहिए, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पहले पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को हर मुद्दे पर दोषी ठहराकर उनका अपमान करने में अपना समय बर्बाद करते हैं।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**
**कांग्रेस सांसद**

## विकास की चमक और सच का अंधेरा



**वीरेश तरार**

संयुक्त राष्ट्र ने सतत विकास लक्ष्यों को वर्ष दो हजार पंद्रह में अपनाया था और इन्हें दो हजार तीस तक हासिल करने का लक्ष्य रखा गया था। यानी पंद्रह वर्षों का यह कार्यक्रम अब अपने अंतिम पांच वर्षों में प्रवेश कर चुका है। भारत सरकार ने इसकी जवाबदेही वर्ष दो हजार अठारह से तय करनी शुरू की। नीति आयोग द्वारा जारी राष्ट्रीय सूचकांक के अनुसार, वर्ष दो हजार अठारह में भारत का औसत अंक सत्तावन था। वर्ष दो हजार इक्कीस.तेईस में यह बढ़कर छियासठ हुआ और हालिया रिपोर्ट दो हजार चौबीस में बहत्तर के आसपास पहुंच गया। सरकार इन आंकड़ों को यह प्रमाण बताती है कि देश अपने सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन यदि इन अंकों के पीछे झांका जाए तो एक दूसरा सच सामने आता है। विकास की यह चमक बाहर से भले तेज दिखाई दे, भीतर से यह कई सवाल उठाती है। क्या यह विकास वास्तव में मानव और प्रकृति के हित में है? क्या यह हमारे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को सुरक्षित रख रहा है? और क्या यह विकास जनभागीदारी पर आधारित है या केवल पूंजी और उद्योग केंद्रित? आज का विकास मॉडल मुख्यत: ढांच.ागत निर्माणों और आर्थिक उत्पादन पर टिक गया है। बड़े-बड़े राजमार्ग, बांध, औद्योगिक परियोजनाएं और खनन को प्रगति का प्रतीक बताया जा रहा है। किंतु इनसे स्थानीय पारिस्थितिकी, जल स्रोत, मिट्टी और जनस्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहे हैं। शोध बताते हैं कि राजमार्गों के आसपास पांच सौ मीटर से लेकर कई किलोमीटर तक का क्षेत्र प्रदूषित होता है, वृक्ष कटते हैं और वायु में कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है। यह विकास का वह रूप है जिसमें धरती का संतुलन दांव पर लगा है। इस बीच एक और भ्रम फैलाया जा रहा है कि विद्युत चालित वाहन या सौर ऊर्जा से संचालित उद्योग पूरी तरह पर्यावरण-हितकारी हैं। जबकि सच यह है कि इनकी बैटरियों में प्रयुक्त लिथियम और अन्य तत्वों का कचरा अत्यंत हानिकारक होता है। इसका निस्तारण आज भी पूरी तरह सुरक्षित व्यवस्था से नहीं हो पा रहा है। यानी हर नई तकनीक अपने साथ एक नया संकट भी लेकर आती है। सरकार जब एथेनॉल उत्पादन की बात करती है तो यह तर्क दिया जाता है कि इससे पानी की खपत बहुत बढ़ जाएगी। लेकिन यह अर्धसत्य है। एथेनॉल उत्पादन में प्रयुक्त गन्ना और मक्का जैसी फसलें वर्षा पर आधारित होती हैं और यदि ए उद्योग अपने संयंत्रों में अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र (ईटीपी) लगाएं तथा वर्षा जल संचयन की व्यवस्था करें तो पानी का पुन: उपयोग संभव है। इससे जल.व्यय नहीं, बल्कि जल.संरक्षण होगा। यही सच्चा समाधान है, न कि एथेनॉल उत्पादन को रोकना। यहां सवाल उठता है कि गांधी जी के नेतृत्व में जब स्वाधीनता की लडाईयां लडी जा रही थी तब क्या आजाद भारत की परिकल्पना में किसी भावी विकास माडल को भी शामिल किया गया था तो हम पाते हैं कि महात्मा गांधी ने जब स्वाधीन भारत के विकास की परिकल्पना की थी, तब उसका मूल आधार स्वराज था, ऐसा स्वराज जो व्यक्ति, समाज और प्रकृति तीनों के सामंजस्य से निर्मित हो। गांधी जी ने ग्राम स्वराज की जो कल्पना रखी, उसमें प्रत्येक ग्राम आत्मनिर्भर और उत्तरदाई इकाई के रूप में सोचा गया था। यह विचार केवल प्रशासनिक नहीं था, बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत प्रासंगिक था। स्वतंत्रता के बाद अनेक आयोगों जैसे बलवंत राय मेहता समिति, अशोक मेहता समिति , एल एम सिंघवी आयोग और बाद में जीवीके राव समिति ने ग्रामीण स्वराज की इस अवधारणा को संस्थागत रूप देने की सिफारिश की परंतु यह सपना कई दशकों तक अधूरा रहा। अंतत: वर्ष उन्नीस सौ ब्यानबे में संविधान के तिहत्तरवें संशोधन के रूप में पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा मिला। इस संशोधन ने न केवल ग्राम पंचायतों को अधिकार दिए, बल्कि यह सिद्ध किया कि भारत में लोकतंत्र का असली अर्थ तभी पूरा होता है जब उसका आधार गांव हो। फिर भी यह प्रक्रिया अब भी अध.ूरी है। कई राज्यों में पंचायतों की स्वायत्तता व्यवहार में सीमित रह गई है। योजनाएं ऊपर से थोपे गए प्रारूप में चलती हैं और स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने की शक्ति कमजोर पड़ी है। यही कारण है कि आज जब सतत विकास की बात होती है, तो उसके केंद्र में जो ग्राम स्वराज की आत्मा होनी चाहिए थी, वह कहीं खो गई प्रतीत होती है। वास्तव में सतत विकास का आधार स्थानीय भागीदारी है। हमारे संविधान के तिहत्तरवें संशोधन ने ग्राम पंचायतों को जो स्वायत्तता दी है, वही इस दिशा का सबसे सशक्त साधन है। यदि ग्राम सभाएं अपने स्तर पर योजनाएं बनाएं, स्थानीय जल स्रोतों का प्रबंधन करें और पर्यावरण की रक्षा को प्राथमिकता दें, तो यह विकास दीर्घकालिक और लोकहितकारी होगा परंतु आज नीतियां उलटी दिशा में जा रही हैं वन कानून, सीमा कानून और खनन संबंधी संशोधनों ने ग्राम स्वराज की भावना को कमजोर किया है। जरूरत इस बात की है कि विकास की नीति में पुनर्विचार हो। आंकड़ों की तालिकाओं और स्कोर कार्ड से आगे बढ़कर यह देखा जाए कि धरातल पर क्या हो रहा है। कितनी नदियां सूख रहीं, कितने जंगल कट रहे हैं, और कितने गांव प्रदूषण से बीमार हो रहे हैं यह भी विकास के मापदंड का हिस्सा बने। कार्बन क्रेडिट से मिलने वाले धन का उपयोग वृक्षारोपण और जल संरक्षण में किया जा सकता है। उद्योगों को बाध्य किया जाए कि वे अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण करें और प्रदूषण को न्यूनतम स्तर पर लाएं। स्थानीय पंचायतों को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त किया जाए, ताकि विकास का अर्थ केवल इमारतें खड़ी करना न रह जाए, बल्कि मनुष्य और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करना बने। अंतत: यही कहा जा सकता है कि सच्चा विकास वही है जो गांव से शुरू हो, गांव के लिए हो और भावी पीढ़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर हो। यदि हम केवल अंक बढ़ाने की होड़ में लगे रहेंगे तो आने वाले वर्षों में ए अंक हमारे पर्यावरण, स्वास्थ्य और अस्तित्व की कीमत पर लिखे जाएंगे। विकास का अर्थ तभी पूर्ण होगा जब उसकी चमक के साथ सच की रोशनी कायम रहे।

### डेटा इनबॉक्स: सतत विकास संकेतक ( सारांश )

भारत ने सन् दो हजार पन्द्रह में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को अपनाया था, जिनकी समय सीमा सन् दो हजार तीस तक निर्धारित है। नीति आयोग की रिपोर्टों के अनुसार भारत का समेकित स्कोर सन् दो हजार अठारह में सत्तावन, सन् दो हजार इक्कीस में छियासठ और सन् दो हजार तेईस-चौबीस में बहत्तर अंक तक पहुंचा है। राज्यों के स्तर पर यह अंक सीमा सत्तावन से उन्यासी के बीच रही, जिसमें केरल और उत्तराखण्ड राज्य संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर रहे। जबकि बिहार और झारखंड इसके निम्नतम स्तर पर। रिपोर्टों में स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति और जल संरक्षण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है, जबकि पर्यावरण, स्वास्थ्य और स्थानीय पारिस्थितिकी पर विकास परियोजनाओं के नकारात्मक प्रभावों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। वैश्विक स्तर पर हाल की रिपोर्टों में भारत की स्थिति लगभग निन्यानवेवें स्थान के आसपास दर्ज की गई है, जो सुधार की दिशा में संकेत देती है परंतु चुनौतियां अभी भी गंभीर हैं।

(स्रोत-नीति आयोग की एसडीजी इंडिया रिपोर्ट 2018, 2020-21, 2023-24 तथा सतत विकास रिपोर्ट 2025)

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## द ताज स्टोरी: मुगल इतिहास को गढ़ने की नाकाम कोशिश



**एम हसन**

दरअसल, परेश रावल द्वारा फिल्मों में अपने एक संवाद में कहे गए ताजमहल का डीएनए करने के बजाय, हिंदी फिल्म निर्माताओं को निष्पक्ष इतिहास को गंभीरता से पढ़ना चाहिए और ऐसी फिल्में बनाते समय इतिहासकारों की मदद लेनी चाहिए। पीड़ा भरी दृष्टि भारत के गौरवशाली अतीत को कलंकित करेगी और जोधाबाई और अनारकली कहीं से भी उभरती रहेंगी। तो विभाजन अपेक्षित सीमा पर है। आगरा में दक्षिणपंथी संगठन ताज नगरी के फिल्म प्रेमियों को मुफ्त सिनेमा टिकट देकर फिल्म द ताज स्टोरी का प्रचार करने के लिए आगे आए हैं। फिल्म में तेजो महल वाले दृश्य का स्वागत करते हुए, इन संगठनों ने सिनेमा देखने वालों को अतिरिक्त लॉलीपॉप देने की भी पेशकश की है। दक्षिणपंथी अनुयायियों के लिए यह वास्तव में कश्मीर फाइल्स और केरल फाइल्स वाला दृश्य है।

हालांकि मुख्य अभिनेता परेश रावल ने दावा किया है कि फिल्म का उद्देश्य सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा करना नहीं है और यह पर्यटन को बढ़ावा देगी, लेकिन इसका लहजा और भाव निश्चित रूप से इस दिशा में प्रतिबिंबित नहीं होता है। जब से तथाकथित इतिहासकार पीएन ओक ने 1989 में अपनी पुस्तक ताज महल द ट्रू स्टोरी में ताज महल को मूलत: एक हिंदू मंदिर बताने के लिए तेजो महालय षड्यंत्र सिद्धांत पेश किया, जिसमें उन्होंने कहा कि ताज महल मूलत: एक हिंदू मंदिर था, जिसे बाद में मुगलों ने अपने कब्जे में ले लिया, तब से ऐसे सिद्धांतों के दावेदारों की कोई कमी नहीं रही है और फिल्म उद्योग भी इन लोगों को समर्थन दे रहा है। गौरतलब है कि सिर्फ ताज महल ही नहीं है जिसकी पुरातात्विक सत्यता पर दशकों से कई मामले अदालतों में दायर होने के साथ सवाल उठाए जाते रहे हैं, सिनेमा उद्योग ने कई ऐसे मुगल पात्रों को उजागर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जो इतिहास में कभी अस्तित्व में ही नहीं थे। 1960 के दशक की महान फिल्म मुगल-ए-आजम या 2008 की जोधा अकबर या सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी का प्रतिनिधित्व करने वाली सल्तनत काल पर बनी फिल्म पद्मावत। मध्यकालीन इतिहास के जाने-माने इतिहासकारों का मानना है कि प्रामाणिक इतिहास स्रोतों ने जोधाबाई (मुगल सम्राट अकबर की पत्नी) या अनारकली (राज.कुमार सलीम की दासी) की प्रेम कहानी जैसे किसी व्यक्ति के बारे में संकेत नहीं दिया है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रमुख इतिहासकार और भारतीय इतिहास कांग्रेस के सचिव प्रोफेसर अली नदीम रेजवी ने कहा कि हिंदी ऐतिहासिक फिल्में कभी भी वास्तविक, जीवित अतीत का दूर-दूर तक आह्वान नहीं करती हैं। न ही निर्माताओं ने उस काल को समझने के लिए पेशेवर इतिहासकारों की मदद लेना आवश्यक समझा जिसमें वे अपनी फिल्में सेट करते हैं। बिना किसी अपवाद के, सभी निर्देशकों की मूल चिंता केवल एक ऐसी कहानी पर फिल्म बनाना प्रतीत होती है जो बिक जाए, न कि इसे अतीत में वास्तव में क्या हुआ या हो सकता है, उसके अनुरूप बनाना।ऐसा नहीं है कि परेश रावल ताजमहल पर पहली फिल्म बनाने वाले पहले व्यक्ति हैं। ऐसी कई फिल्में बनी हैं- ताजमहल (1941), मुमताज महल (1944), ताजमहल (1963) और ताजमहल- एन इटरनल लव स्टोरी (2005), लेकिन ये सभी आगरा में इस महान स्मारक के निर्माण के लिए प्रेरित महिला और शाही प्रेम पर केंद्रित थीं। हालांकि ये फिल्में उस दौर की थीं जब ऐतिहासिक प्रामाणिकता का पूरा ध्यान रखा जाता था और निर्माता मूल अवधारणा के साथ न्याय करने की कोशिश करते थे। पिछले एक दशक में बदली हुई मानसिकता और मनगढ़ंत कहानियों और मिथकों को मूल और प्रामाणिक इतिहास के रूप में प्रस्तुत करने के साथ, फिल्म उद्योग भी इस ओर आकर्षित हो रहा है। ताजमहल के निर्माण का जिक्र करते हुए प्रोफेसर रेजावी ने कहा, उस काल के प्रामाणिक दस्तावेज उपलब्ध हैं कि इस मकबरे का निर्माण मुगल सम्राट शाहजहां के काल में हुआ था। उन्होंने कहा कि किसी अन्य मुगल इमारत के इतने दस्तावेज-रिकॉर्ड नहीं हैं जितने ताजमहल के हैं। प्रोफेसर रेजवी ने कहा कि एक फरमान उपलब्ध है जिसमें मिर्जा जय सिंह को लिखा गया था कि उनके दरबारी वास्तुशास्त्रियों ने उन्हें बताया है कि नदी के किनारे जिस स्थान पर आपका जय सिंह महल है, वह मकबरा बनाने के लिए उपयुक्त है। आप इसे हमें दे दें और हम आपको पर्याप्त मुआवजा देंगे। जय सिंह तुरंत सहमत हो गए और उस महल के बदले, जिस पर 22 वर्षों की अवधि में ताजमहल का निर्माण हुआ, सम्राट ने उन्हें उसी क्षेत्र में चार बड़े महल और अन्य विशाल संपत्तियां दीं, प्रोफेसर रेजावी कहते हैं, यह साबित करने के लिए कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है कि स्मारक के निर्माण से पहले वहां एक शिव मंदिर मौजूद था।



उन्होंने कहा कि जयपुर में मान सिंह जय सिंह के वंशज संग्रहालय में उपलब्ध 1720 के आगरा के नक्शे में मौके पर किसी मंदिर का कोई उल्लेख नहीं है, लेकिन मुमताज महल के मकबरे के बारे में स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है। प्रोफेसर रेजावी ने आगे कहा कि पूरे क्षेत्र को मुमताजाबाद के रूप में जाना जाने लगा और बाद में वर्तमान ताजगंज के रूप में जाना जाने लगा। निर्माण सामग्री के बारे में, प्रोफेसर रेजावी ने कहा कि बीकानेर संग्रहालय में पांडुलिपियों के रूप में विस्तृत रिकॉर्ड हैं जिनमें पत्थर, संगमरमर, श्रम और अन्य चीजों की आपूर्ति के बारे में उल्लेख है जो शाही आदेश पर आगरा को आपूर्ति की गई थीं। स्मारक के पुरातत्व के बारे में, प्रोफेसर रेजावी ने कहा कि यह दो संस्कृतियों का मिश्रण था। भारतीय और मुगल वास्तुकला। दरअसल, परेश रावल द्वारा फिल्मों में अपने एक संवाद में कहे गए ताजमहल का डीएनए करने के बजाय, फिल्म निर्माताओं को निष्पक्ष इतिहास को गंभीरता से पढ़ना चाहिए और ऐसी फिल्में बनाते समय इतिहासकारों की मदद लेनी चाहिए। इस तरह की विकृत दृष्टि भारत के गौरवशाली इतिहास को कलंकित करेगी और जोधाबाई और अनारकली सामने आती रहेंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बिहार चुनाव: कांग्रेस से बेहतर हो सकता है भाकपा माले का स्ट्राइक रेट

बिहार के चुनावी गणित को देखें तो यहां दो परि.श्य गौर करने लायक है। एक तो यह कि यहां लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वोटरों का रुझान बिल्कुल अलग है खास तौर पर भाजपा के लिए।दूसरा यह कि बिहार में कम्युनिस्ट दलों का वर्चस्व अभी भी कायम है। पहले बिहार के लोकसभा व विधानसभा के चुनावी अंकगणित पर गौर करते हैं। 2004 के चुनावों से देखें तो यह तस्वीर साफ नजर आती है कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में वोटर का मूड भिन्न होता है। विधानसभा चुनाव में किसी भी अकेले दल को सत्ता की चाभी नहीं थमाती।

वह क्षेत्रीय दलों को तरजीह तो देती है लेकिन बहुमत से दूर रखती है। वह चाहे जदयू हो या आरजेडी। 2004 में लोकसभा की मात्र 5 सीट जीतने वाली भाजपा 2005 के विधानसभा चुनाव में 37 सीट जीत लेती है। लोकसभा चुनाव के मुकाबले विधानसभा चुनाव में वोट प्रतिशत भी इनका बढ़ जाता है। 2009 में लोकसभा की 12 सीट जीतने वाली भाजपा को 2010 के विधानसभा चुनाव में इसे 91 सीट पर सफलता मिलती है। इसी तरह 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा जब 22 सीट जीतती है तो 2015 के विधानसभा चुनाव में इसे मात्र 53 सीटों पर ही कामयाबी मिलती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 17 सीटें जीतती है तो 2020 के विधानसभा चुनाव में उसे 74 सीटों पर सफलता मिलती है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 12 सीटों पर जीती है। अब 2025 के इसी महीने में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा के हिस्से में



कितनी सीटें आती है,यह देखना है। मैदान में यूं तो कई क्षेत्रीय दल भाग्य आजमा रहे हैं लेकिन मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन में ही है। सबसे दिलचस्प यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को खुद को महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे बनाए जाने का भय सता रहा है ऐसे में उनके वोटर चिराग पासवान की पार्टी के साथ खेल न कर दें,यह आशंका भी बना हुआ है। नीतीश कुमार की यह आशंका और बलवती हुई होगी जब प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि आरजेडी ने कांग्रेस के ष्कनपटी पर कट्टा रखकर तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने को मजबूर किया है। मोदी की इस टिप्पणी के बाद नीतीश कुमार और उनके समर्थक इस बात को लेकर भयभीत हैं कि इसका मतलब एनडीए में जो मोदी चाहेंगे वहीं होगा। अर्थात पर्ची वाला भी मुख्यमंत्री हो सकता है। वोटरों की चुप्पी के बीच चुनाव बाद किस गठबंधन को कितनी सीटें हासिल होती है यह तो अहम है ही लेकिन सरकार किसके नेतृत्व में बनती है यह देखना बेहद दिलचस्प होगा।

बिहार विधानसभा चुनाव का जो दूसरा परि.श्य है वह कम दिलचस्प नहीं है। उत्तर भारत के प्रदेशों में कम्युनिस्ट दलों का लगभग खात्मा हो चुका है लेकिन बिहार इससे अछूता है। 2020 के विधानसभा में इस दल के 12 विधायक थे। अभी जो चुनाव चल रहा है उसमें भाकपा माले इंडिया गठबंधन का बड़ा साझेदार है। इसके 20 उम्मीदवार मैदान में हैं। ए भले ही कम सीटों पर लड़ते हैं, जीतने का इनका स्ट्राइक रेट बढ़िया होता है। पिछले चुनाव में इस दल के दो चार उम्मीदवार बहुत मामूली वोटों से हारे थे या हरा दिए गए थे। पिछले विधानसभा चुनाव में भाकपा माले की हारी हुई एक सीट भोरे भी है जहां से इस बार जेएनयू छात्रसंघ के प्रेसिडेंट रहे 29 वर्षीय धनंजय को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। भोरे विधानसभा क्षेत्र पश्चिमी बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित है। बिहार का यह जिला यूपी के देवरिया और कुशीनगर से सटा हुआ है। गोपालगंज जिले का भोरे विधानसभा क्षेत्र कम्युनिस्टों का गढ़ माना जाता है। पिछले चुनाव में कम्युनिस्ट उम्मीदवार रहे जितेन्द्र पासवान बिहार के डीजीपी रहे जदयू उम्मीदवार सुनील कुमार से 472 वोटों के मामूली अंतर से चुनाव हारे थे। स्थानीय लोगों ने इस चुनाव परिणाम को संदिग्ध माना था। इस बार फिर पार्टी ने जितेन्द्र पासवान को उम्मीदवार बनाया था लेकिन उन्हें नामांकन के दिन ही 2017 के एक पुराने मामले में गिरफ्तार कर लिया गया लिहाजा वे नामांकन नहीं दाखिल कर पाए। जितेन्द्र पासवान की गिरफ्तारी के बाद माकपा ने जेएनयू के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष धनंजय को उम्मीदवार बनाया है। इधर जितेन्द्र पासवान की गिरफ्तारी को जदयू उम्मीदवार की हार के डर से प्रतिशोध की कार्रवाई करार दिया गया और इसके पीछे जेडीयू उम्मीदवार सुनील कुमार और नीतीश कुमार का हाथ माना गया।



**यशोदा श्रीवास्तव**

मात्र 472 वोटों से जीतने वाले पूर्व डीजीपी सुनील कुमार नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में शिक्षा मंत्री थे। यूपी सीमा से सटे बिहार के इस विधानसभा क्षेत्र का चुनाव बेहद दिलचस्प है क्योंकि यहां जेडयू उम्मीदवार सुनील कुमार जैसे धनबलि के मुकाबले जनता मैदान में हैं। रिटायर्ड आईपीएस सुनील कुमार 1987 बैच के आईपीएस हैं। 2020 में वे पहली बार जदयू के टिकट पर चुनाव लड़े और जीते। फिर बिहार के शिक्षा मंत्री बने। 1997 में यहां माले कार्यकर्ता उमेश पासवान की हत्या के बाद यह क्षेत्र कम्युनिस्टों का गढ़ बन गया। यहां के गरीब और दलित लोग कम्युनिस्ट विचारधारा से लैस हैं। इनके अंदर उमेश पासवान की हत्या और 2020 में जितेन्द्र पासवान की चुनाव में हार की ज्वाला धधक रही है। यह नहीं कहा जा सकता कि बिहार के शिक्षा मंत्री रहे सुनील कुमार चुनाव हार रहे हैं, हां उनकी जीत आसान भी नहीं है। पूरे बिहार में भाकपा माले के सीटों की अच्छी पोजीशन देख इस बार भी इनका स्ट्राइक रेट कांग्रेस से अच्छा हो तो कोई आश्चर्य नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इराक-तुर्की ने जल सहयोग समझौते के लिए किए हस्ताक्षर

**बगदाद।** इराक और तुर्की ने रविवार को जल सहयोग समझौते के क्रियान्वयन के लिए एक कार्यकारी तंत्र पर हस्ताक्षर किया। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने इस कदम की सराहना करते हुए इसे इराक में जल संकट के स्थाई समाधानों में से एक कहा। प्रधानमंत्री अल-सुदानी के मीडिया कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि इस समझौते पर इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन और उनके तुर्की समकक्ष हकान फिदान ने हस्ताक्षर किए। इराकी प्रधानमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि इस समझौते को जल क्षेत्र में संयुक्त प्रमुख परियोजना पैकेजों के माध्यम से लागू किया जाएगा।

### इराक संसदीय चुनाव को समर्थन देने का लिया संकल्प

**बगदाद।** इराक के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि मोहम्मद अल हसन ने इराक में 11 नवम्बर को होने वाले संसदीय चुनावों को समर्थन देने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। यह जानकारी इराकी विदेश मंत्रालय ने दी। इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन के साथ अपनी बैठक में हसन ने चुनावी प्रक्रिया में इराक के लिए अपना समर्थन जारी रखने और राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिरता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### वियतनाम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हुई

**हनोई।** मध्य वियतनाम में भारी बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है जबकि पांच लापता हैं और 78 अन्य घायल हैं। यह जानकारी वियतनाम आपदा एवं बांध प्रबंधन प्राधिकरण ने सोमवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार 12600 से अधिक घर अभी भी जलमग्न हैं, जबकि 103 अन्य नष्ट हो चुके हैं या बह चुके हैं। 451 मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बाढ़ के कारण लगभग 7900 हेक्टेयर क्षेत्र की फसलें जलमग्न हो गई हैं, 64000 से अधिक पशुधन एवं मुर्गियां मर गई हैं, तथा सिंचाई प्रणालियों और नदी तटों को भारी नुकसान पहुंचा है।

### ट्रेन में चाकू से हमला करने वाला एकमात्र संदिग्धः ब्रिटिश पुलिस

**लंदन।** ब्रिटिश पुलिस ने रविवार को कहा कि पूर्वी इंग्लैंड में शनिवार शाम एक ट्रेन में चाकू से हमले करने की घटना में 32 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक को एकमात्र संदिग्ध माना जा रहा है। इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि उन्होंने एक 32 वर्षीय व्यक्ति और एक 35 वर्षीय व्यक्ति ब्रिटिश नागरिकों को गिरफ्तार किया है लेकिन बाद में 35 वर्षीय व्यक्ति को बिना किसी कार्रवाई के रिहा कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि 32 वर्षीय व्यक्ति को हत्या के प्रयास के संदेह में गिरफ्तार किया गया है।

# पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती पर रोक

## अमेरिकी जज ने फिर लगाई ट्रम्प प्रशासन को फटकार



अदालत अब शुक्रवार को इस पर अंतिम आदेश जारी करेगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओरेगन की एक संघीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन को पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनात करने से रोक दिया है। कोर्ट ने कहा कि शहर में स्थिति नियंत्रण से बाहर होने का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं मिला है।

यह आदेश अमेरिकी जिला न्यायाधीश करीन इम्मरगट ने दिया, जो खुद राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा नियुक्त जज हैं। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि संघीय कानून के तहत सेना की घरेलू तैनाती के लिए जरूरी शर्तें इस मामले में पूरी नहीं होतीं। कोर्ट ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन ने यह कदम इस साल की शुरुआत में तब उठाया था जब पोर्टलैंड और अन्य शहरों में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट आफिस के बाहर प्रदर्शन हो रहे थे। राज्य सरकार और शहर प्रशासन ने इस फैसले के खिलाफ सितम्बर में अदालत का दरवाजा खटखटाया था। अब जज इम्मरगट ने कहा कि कोर्ट को ऐसा कोई विश्वसनीय प्रमाण नहीं मिला जिससे यह साबित हो सके कि हालात बेकाबू थे। यह फैसला तीन दिन चली सुनवाई के बाद आया, जिसमें दोनों पक्षों ने 750 से अधिक साक्ष्य अदालत में पेश किए। अदालत अब शुक्रवार को इस पर अंतिम आदेश जारी करेगी। यह मामला अमेरिका के कई शहरों में ट्रम्प प्रशासन द्वारा विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए नेशनल गार्ड की तैनाती से जुड़ी कानूनी खींचतान का हिस्सा है। बता दें कि ट्रम्प प्रशासन ने कहा था कि वह 200 नेशनल गार्ड जवानों को 60 दिनों के लिए संघीय नियंत्रण में लेकर पोर्टलैंड में भेजेगा ताकि संघीय संपत्तियों की रक्षा की जा सके। यह निर्णय तब लिया गया जब राष्ट्रपति ट्रम्प ने शहर को 'युद्धग्रस्त' बताया था। ओरेगन के अधिकारियों ने इस बयान को हास्यास्पद बताया और कहा कि शहर को किसी सैन्य हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पोर्टलैंड में हाल के विरोध प्रदर्शन सिर्फ एक ब्लॉक के क्षेत्र तक सीमित थे और उनमें कुछ ही दर्जन लोग शामिल होते थे। इस पर अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति का आदेश संविधान और उस संघीय कानून का उल्लंघन है, जो सामान्य परिस्थितियों में सेना को घरेलू कानून लागू करने से रोकता है।

## अफगानिस्तान में भूकंप से 20 की मौत 320 से अधिक घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान के समांगन प्रांत में मजार-ए-शरीफ के समीप खुल्म में रविवार की रात शक्तिशाली भूकंप से 20 लोगों की मौत हो गई और 320 से अधिक लोग घायल हो गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार स्थानीय समयानुसार कल रात लगभग 12:59 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र उत्तरी शहर मजार-ए-शरीफ के पास खुल्म से लगभग 22 किलोमीटर (14 मील) पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में रहा। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि मजार-ए-शरीफ और आसपास के इलाकों के अस्पतालों में सैकड़ों घायल लोगों को भर्ती कराया गया है तथा प्रभावित इलाके में बचाव दलों को भेजा गया है। स्थानीय मीडिया की शुरुआती रिपोर्टों में मृतकों की संख्या 10 बताई गई थी।



कोलकाता। कार्यस्थल पर हिंसा की घटनाओं के विरोध में विभिन्न अस्पतालों की नर्सें विरोध मार्च में भाग लेती हुईं।

## भारत ने बहरीन के साथ द्विपक्षीय निवेश संधि और फिनटेक क्षेत्र में साझेदारी की संभावना पर बल दिया

**नई दिल्ली।** भारत ने बहरीन के साथ अंतरिक्ष, फिनटेक और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में साझेदारी की संभावना बताते हुए उसके साथ द्विपक्षीय निवेश संधि और संयुक्त कार्य समूह के गठन पर जोर दिया है। भारत ने गाजा शांति योजना के प्रति अपने समर्थन को भी दोहराते हुए उम्मीद जताई है कि इससे समस्या का स्थायी समाधान निकलेगा। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए बहरीन के विदेश मंत्री डा. अब्दुल्लातीफ बिन राशिद अलज़यानी के साथ सोमवार को यहां पांचवीं भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग की बैठक में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत और बहरीन के बीच सदियों पुराने मैत्रीपूर्ण संबंध हैं जो व्यापारिक और लोगों के बीच परस्पर मजबूत संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने लोगों और अपने साझा क्षेत्र के लिए शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के साझा लक्ष्य और प्रतिबद्धता में भी विश्वास करते हैं।

# हमारे पास दुनिया को 150 बार उड़ाने लायक बम

## राष्ट्रपति ने कहाः पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा, रूस-चीन और कोरिया में भी टेस्टिंग जारी



भारत-पाक संघर्ष रोकने का दावा दोहराया, अगर मैं बीच में नहीं आता, तो लाखों लोग मारे जाते

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा है। उन्होंने यह बयान एक इंटरव्यू में दिया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका को फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है। जब ट्रम्प से पूछा गया कि नार्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि रूस, पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता। ट्रम्प पहले ही रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) को परमाणु हथियारों की तुरंत टेस्टिंग शुरू करने का आदेश दे चुके हैं। ट्रम्प ने फिर से दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोकने में बड़ी भूमिका निभाई थी। ट्रम्प ने कहा भारत और पाकिस्तान परमाणु युद्ध की कगार पर थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री खड़े होकर बोले थे, अगर मैं बीच में नहीं आता तो लाखों लोग मारे जाते। ट्रम्प ने कहा कि उनकी दखल के बाद ही हालात शांत हुए और दोनों देशों के बीच लड़ाई नहीं बढ़ी। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने यह दावा किया हो। वे अब तक 70 से ज्यादा बार यह दावा कर चुके हैं। ट्रम्प ने पिछले हफ्ते साउथ कोरिया में दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों पर 250 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके दो दिन बाद दोनों ने फोन किया और सीजफायर पर सहमति जता दी। ट्रम्प ने चीन को चेतावनी दी है कि अगर उसने ताइवान पर हमला किया, तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे, अगर ताइवान पर हमला हुआ तो वह (शी जिनपिंग) जानते हैं कि इसका जवाब क्या होगा। उन्होंने हमारी मुलाकात में इस पर बात नहीं की, क्योंकि वह नतीजे जानते हैं। ट्रम्प ने दावा किया है कि जिनपिंग ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि जब तक ट्रम्प राष्ट्रपति हैं, तब तक चीन ताइवान को अपने नियंत्रण में लेने की कोई सैन्य कार्रवाई नहीं करेगा। ट्रम्प का दावा है कि उनके पहले कार्यकाल में चीन ने कभी ताइवान पर हमले की हिम्मत नहीं की थी, क्योंकि उसे अमेरिका की सख्त प्रतिक्रिया का डर था। पुतिन और जिनपिंग: ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ की है। इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि पुतिन और शी जिनपिंग में से किससे निपटना ज्यादा मुश्किल है, तो उन्होंने कहा दोनों कठिन हैं, दोनों स्मार्ट हैं। ये वो लोग हैं जिनसे खेला नहीं जा सकता। ये मजाक के लिए नहीं बैठे होते। ये गंभीर और मजबूत नेता हैं। अमेरिकी सांसदों का मानना है कि अगर अमेरिका फिर से परमाणु परीक्षण नहीं करेगा तो उसका परमाणु हथियार भंडार कमजोर पड़ सकता है। लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि बिना धमाका किए भी आधुनिक तकनीक से हथियारों की स्थिति जांची और उन्हें सुरक्षित रखा जा सकता है। 2017 में यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना के अर्थशास्त्री कीथ मेयर्स की एक रिसर्च के मुताबिक अमेरिका में पहले हुए परमाणु परीक्षणों से निकले रेडिएशन की वजह से लगभग 6.9 लाख अमेरिकी नागरिकों की मौतें हुईं या उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ा। 21वीं सदी में अब तक केवल उत्तर कोरिया ने परमाणु परीक्षण किए हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया लगातार किम जोंग पर दबाव बनाते रहे हैं कि वह परमाणु हथियार छोड़ दे और शांतिपूर्ण समझौते की दिशा में बढ़े। ट्रम्प ने 3 दशक बाद अमेरिका के फिर से परमाणु हथियार का परीक्षण के आदेश को सही ठहराया। उन्होंने पिछले हफ्ते कहा था कि रूस और चीन दोनों ऐसा कर रहे हैं।

## अमेरिका में शटडाउन पर गतिरोध 33वें दिन भी जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शटडाउन को लेकर अभी भी गतिरोध बना हुआ है और अब यह छठे हफ्ते में पहुंच गया है। शटडाउन के चलते अमेरिका में लाखों अमेरिकियों को मिलने वाली खाद्य सहायता बंद हो सकती है। राष्ट्रपति ट्रम्प रिपब्लिकन नेताओं पर सीनेट के नियमों में बदलाव का दबाव डाल रहे हैं, जिसके चलते शटडाउन अभी और खिंच सकता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रम्प ने सीनेट के बहुमत दल के नेता जान थून और हाउस स्पीकर माइक जानसन से बात की है। डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी सीनेट की एक प्रक्रिया फिलिबस्टर को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। दरअसल फिलिबस्टर एक अनौपचारिक शब्द है, जिसे किसी बिल या दूसरे मामले पर सीनेट की कार्रवाई को रोकने या उसमें देरी करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसमें बिल पर लंबी बहस, कई प्रक्रियात्मक प्रस्ताव को पेश करने या कोई भी दूसरी देरी करने वाली या रुकावट वाली कार्रवाई शामिल है। ट्रम्प इस प्रक्रिया फिलिबस्टर को खत्म करने की बात करते हैं तो इसका मतलब है कि सीनेट में सामान्य बहुमत से कानून पारित हो सकेंगे और कोई अल्पसंख्यक दल किसी विधेयक को नहीं रोक पाएगा। गौरतलब है कि ट्रम्प की अपनी पार्टी के नेता ही ट्रम्प की इस पहल को खारिज कर रहे हैं।

## पुतिन-ट्रम्प बैठक की तुरंत तैयारी करने की आवश्यकता नहींः क्रेमलिन

**मास्को।** क्रेमलिन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच जल्द बैठक आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रविवार को जारी एक साक्षात्कार में कहा कि इस तरह की बैठक की तैयारी तुरंत करना संभव है लेकिन इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। पेस्कोव ने कहा कि इस समय, यूक्रेन समझौता समस्या पर बहुत सावधानीपूर्वक काम करने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि 16 अक्टूबर को राष्ट्रपति पुतिन के साथ फोन पर बातचीत के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि दोनों नेता जल्द ही हंगरी के बुडापेस्ट में मिलेंगे। 22 अक्टूबर को राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने नियोजित बैठक को रद्द कर दिया है और कहा कि बैठक मुझे ठीक नहीं लगी और ऐसा नहीं लगा कि हम उस स्थान पर पहुंच पाएंगे जहां हमें पहुंचना चाहिए। इससे पहले राष्ट्रपति पुतिन ने कहा था कि बुडापेस्ट में होने वाली बैठक रद्द होने की बजाय स्थगित होने की ज्यादा संभावना है।

## इजरायल ने हमास से तीन बंधकों के अवशेष प्राप्त किए

**यरूशलम/गाजा।** इजरायल ने कहा है कि उसे गाजा में हमास से तीन बंधकों के अवशेष प्राप्त हुए हैं। यह संघर्ष विराम समझौते के अंतर्गत शवों के आदान-प्रदान की जारी प्रक्रिया का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति ने अवशेषों को गाजा पट्टी में इजरायली बलों को सौंप दिया है और उन्हें पहचान के लिए तेल अवीव के राष्ट्रीय फोरेंसिक संस्थान में भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि पहचान प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद परिवारों को आधिकारिक सूचना दी जाएगी। अगर इसकी पुष्टि हो जाती है तो आठ बंधकों के शव अभी भी गाजा में रहेंगे, जबकि युद्धविराम के अंतर्गत हमास को युद्ध में मारे गए 360 फिलिस्तीनियों के शवों के बदले में 28 बंधकों को इजरायल को वापस सौंपना है। हमास के अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि ये शव खान यूनिस के पूर्व में दक्षिणी गाजा पट्टी में एक सुरंग से बरामद किए गए। उन्होंने एक को पहचान कर्नल आसफ हमामी के रूप में की, जो एक इजरायली अधिकारी थे और सात अक्टूबर, 2023 को किबुत्ज़ निरिम की रक्षा करते हुए हमास के हमले में मारे गए थे।

## ब्राजील में छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत

**साओ पाउलो।** उत्तरी ब्राजील के टोकांटिस राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी। टोकांटिस पुलिस के अनुसार, विमान शनिवार रात फातिमा नगरपालिका के ऊपर उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने कहा कि विमान के 56 वर्षीय पायलट डायोमेडियो आयर्स दा सिल्वा फिल्हो की मौत हो गई तथा विमान में सवार अन्य व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# रूसी हमलों के बीच यूक्रेन को मिला पैट्रियट डिफेंस सिस्टम

## यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रॉन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है

**कीव।** यूक्रेन को अमेरिका निर्मित पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की नई खेप मिल गई है। इस पर जेलेंस्की ने कहा कि ये सिस्टम देशभर में रूस के लगातार हो रहे हवाई हमलों से नागरिकों और अहम ढांचों की सुरक्षा में मदद करेंगे। रविवार देर रात जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की।

यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है। पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम अमेरिका की सबसे आधुनिक मिसाइल रोधी तकनीक है, जो रूस के घातक हमलों को रोकने में सक्षम है। जेलेंस्की लंबे समय से पश्चिमी देशों से इस सिस्टम की मांग कर रहे थे, लेकिन उत्पादन सीमाओं और देशों की अपनी सैन्य जरूरतों के कारण इसकी आपूर्ति में देरी हो रही थी। अब इन सिस्टमों को तैनात कर दिया गया है ताकि प्रमुख शहरों और ऊर्जा संरचनाओं की सुरक्षा बढ़ाई जा सके। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जर्मनी और उसके चांसलर फ्रेडरिक मर्ज का धन्यवाद करते हुए कहा कि जर्मनी ने तीन महीने पहले यूक्रेन को दो अतिरिक्त पैट्रियट सिस्टम देने का वादा किया था, जिसे अब पूरा किया गया है। जर्मनी को अमेरिका से आश्वासन मिला है कि उसकी सैन्य जरूरतों के लिए नए पैट्रियट सिस्टम की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। यह डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से अमेरिका में ही निर्मित होते हैं। इस बीच रूस ने रविवार से सोमवार की रात तक 12 मिसाइलें और 138 ड्रोन यूक्रेन पर दागे। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, कई मिसाइलें नष्ट की गईं, लेकिन कुछ ने तबाही मचाई। उत्तरपूर्वी सूमी क्षेत्र में एक घर पर रूसी ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसके परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। क्षेत्रीय प्रमुख ओलेह ग्रिगोरोव ने कहा कि रूस ने जानबूझकर रात में सो रहे लोगों को निशाना बनाया। मध्य यूक्रेन के डिनिप्रो क्षेत्र में रूसी मिसाइल हमले से एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में आग लग गई, जिससे एक व्यक्ति घायल हुआ। दक्षिणी माईकोलाइव क्षेत्र में भी रूसी ड्रोन ने ऊर्जा ढांचे को नुकसान पहुंचाया। नाटो लगातार यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई का समन्वय कर रहा है, जबकि यूरोपीय देश और कनाडा अमेरिकी हथियारों की खरीद कर मदद पहुंचा रहे हैं। मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूक्रेन को हथियार न देने का फैसला किया है, जबकि पिछली बाइडन सरकार लगातार सैन्य सहायता देती रही थी।

# ट्रम्प की लोकप्रियता एक साल में ही 18 प्रतिशत गिरी

## आंकड़ा ओबामा-बाइडन से भी कम, न्यूयॉर्क चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति का लिटमस टेस्ट होगा



एक्सपर्ट्स का मानना है कि टैरिफ, महंगाई और माइग्रेशन पर सख्त रुख ने मध्यवर्गीय और शहरी वर्ग को ट्रम्प से दूर किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दोबारा चुने जाने को 5 नवम्बर को एक साल पूरा होने जा रहा है। लेकिन उससे एक दिन पहले यानी 4 नवम्बर 2025 को उनके लिए अब तक का सबसे बड़ा लिटमस टेस्ट होने वाला है। इस दिन न्यूयॉर्क सिटी अपने नए मेयर का चुनाव करेगी और साथ ही वर्जीनिया और न्यूजर्सी राज्य में गवर्नर और विधानसभा चुनाव होंगे।

पिछले एक साल में ट्रम्प की नेट अप्रूवल रेटिंग नवम्बर की शुरुआत में 18 प्रतिशत तक गिर चुकी है। जो ओबामा और बाइडन दोनों के पहले वर्ष से काफी नीचे है। ओबामा के पहले वर्ष के अंत में यह 3 प्रतिशत और बाइडन के कार्यकाल में 7 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वाशिंगटन से लेकर वर्जीनिया और न्यूयॉर्क तक सभी की नजरें इस चुनाव पर टिकी हैं। यह चुनाव तय करेगा कि ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रहा है या नहीं। रिपब्लिकन इसे नीतिगत मजबूती का सबूत मान रहे हैं, जबकि डेमोक्रेट्स इसे 'मिनी रेफरेंडम' कह रहे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि टैरिफ, महंगाई और माइग्रेशन पर सख्त रुख ने मध्यवर्गीय और शहरी वर्ग को ट्रम्प से दूर किया है। न्यूयॉर्क मेयर के मुकाबले में भारतीय मूल के युवा नेता जोहरान ममदानी (33) बड़ा चेहरा बनकर उभरे हैं। वे न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य भी हैं। जोहरान युगांडा के लेखक महमूद ममदानी और फिल्म निर्माता मीरा नायर के बेटे हैं। वे डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट हैं और प्रोग्रेसिव वोटरों, युवा, अफ्रीकी-अमेरिकी और लैटिन समुदाय के मजबूत समर्थन में हैं। उन्होंने चुनाव प्रचार में न सिर्फ शहर की बढ़ती रहने की लागत को मुद्दा बनाया है, बल्कि अमीरों पर टैक्स लगाकर गरीब तबकों के लिए आवास की योजनाएं देने का वादा किया है। ममदानी 14 प्रतिशत के बड़े अंतर से आगे हैं। ट्रम्प ने ममदानी को लेकर चेतावनी दी है कि अगर वे मेयर बने तो न्यूयॉर्क की संघीय सहायता फंडिंग बंद कर देंगे। न्यूयॉर्क मेयर के लिए ममदानी का मुकाबला 67 वर्षीय पूर्व गवर्नर एंड्रयू कूमो से है। कूमो 4 साल पहले यौन उत्पीड़न के आरोपों के कारण इस्तीफा दे चुके हैं। वे निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें रिपब्लिकन और सेंट्रिस्ट का समर्थन मिल रहा है। अमेरिका राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपनी पार्टी के बजाय कूमो का समर्थन किया क्योंकि वे ममदानी को रोकना चाहते हैं। न्यूयॉर्क डेमोक्रेट का गढ़ है। उनका दबदबा रहा है। ट्रम्प ने कूमो को सामरिक और अनुभव संपन्न बताया है, कूमो पर भ्रष्टाचार और यौन उत्पीड़न के आरोप भी लगे रहे हैं।

## जॉर्डन में देशव्यापी नशा-विरोधी छापेमारी, 13 संदिग्ध गिरफ्तार

**अम्मान।** जॉर्डन के एंटी-नारकोटिक्स विभाग (एएनडी) ने पिछले कुछ दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में सात अवैध मादक पदार्थ मामलों में 13 वांछित संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी रविवार को सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय ने दी। एक मामले में, एएनडी अधिकारियों ने तस्करी के तीन प्रयासों को विफल कर दिया। अधिकारियों ने जाबेर सीमा पार से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया जो अपनी गाड़ी के एक गुप्त जगह में 80000 नशीली गोलियां छिपाकर तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। मादक पदार्थ प्राप्त करने वाले एक अन्य संदिग्ध को बाद में गिरफ्तार किया गया। दूसरे मामले में, देश के बाहर के सहयोगियों के साथ मिलकर 44000 नशीली गोलियों की तस्करी की कोशिश करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। ये दवाइयां जाबेर सीमा पार के पास एक भंडारण स्थल से जब्त की गईं और मुख्य संदिग्ध को सुरक्षा छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। तस्करी के तीसरे मामले में भी तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108